रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655


www.dailypioneer.com रायपुर, बुधवार 8 दिसंबर 2021 पृष्ठ-12 वर्ष-06, अंक- 109 मूल्य 3.00 ₹

# कवर्धा की आग पहुंची राजधानी, उपद्रवियों ने उखाड़ा ध्वज

## प्रशासन अलर्ट, दर्ज किया गया मामला, भाजपा नेता उतरे सड़क पर

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

कवर्धा कांड की आग ठंडी नहीं हो पाई थी कि राजधानी रायपुर में सोमवार की रात ध्वज को उखाड़ने की घटना ने आग में घी डालने का काम कर दिया। उपद्रवियों के वीडियो वायरल होने के बाद हिंदूवादी संगठन व भाजपा के नेता सक्रिय हो गए। वीडियो में साफ तौर पर ध्वज को उखाड़ते हुए उपद्रवी नजर आ रहे है। हालांकि पुलिस प्रशासन ने मामले में गंभीरता दिखाते हुए तुरंत भारी संख्या में सुरक्षा बल तैनात करने के साथ जुर्म दर्ज कर हालात में काबू पाने की कोशिश की। लेकिन दिन बीतते-बीतते भाजपा के नेतागण सड़क पर उतर गए। भारी संख्या में हिंदूवादी टिकरापारा थाना पहुंचकर अपना विरोध दर्ज कराया। टिकरापारा थाना क्षेत्र के अंतर्गत यह विवाद धार्मिक झंडे को लेकर शुरू हुआ। घटना के बाद पूरे इलाके में तनावपूर्ण माहौल निर्मित हो गया। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूरे इलाके में भारी पुलिस बल तैनात किए गए। शिकायतकर्ता मोहम्मद रजा के द्वारा थाने में दर्ज कराई गई रिपोर्ट के अनुसार बृजनगर क्षेत्र में स्थित एक मदरसे के सामने मोती नगर पार्षद कार्यालय तरफ से एक रैली आ रही थी। जिसमें काफी भीड़ थी रैली वाले लड़के मदरसा के पास रैली रोककर लगभग 20 से 30 मिनट तक जोर से बाजा बजाते हुए नारेबाजी करने लगे। कुछ लड़के अपने झंडे लहराने लगे।



ध्वज उखाड़ते हुए युवकों का हुआ वीडियो वायरल

जिससे हमारा झंडा टूट गया। जिसे दोस्त रोकने लगे तो वे लोग गाली- गलौज करने लगे। मना करने पर सूर्या निर्मलकर, अंगेश साहू एवं सचिन हाथापाई और मारपीट करने लगे। तभी मोहल्ले की औरतें आई तो उन लोगों के साथ भी मारपीट करने लगे. शिकायतकर्ता ने कहा हम लोग अपनी जान बचाकर वहां से भाग गए। इस दौरान मेरे सिर के पीछे एवं दाएं जांघ में चोट लग गई। वे लोग हमें जान से मारने की धमकी भी दिए। तो वही आरोपियों के विरुद्ध 548/21 धारा 294, 323, 506, 34 दर्ज की गयी है। इस मामले में दूसरी ओर से एक एफआईआर विवेक साहू द्वारा कराया गया है। इसमें शिकायतकर्ता के अनुसार बताया गया कि 6 दिसंबर सोमवार को रात में लगभग 9:30 बजे राधा कृष्ण मंदिर संजय नगर के पास खड़ा था। जहां 15-20 मुस्लिम समुदाय के लड़के अवैध जमाव संगठित होकर नारे लगाते हुए संजय नगर से संतोषी नगर जा रहे थे। तभी राधा कृष्ण मंदिर के पास उन्हीं लड़कों ने मंदिर के सामने लगे धार्मिक झंडे को गिराने की कोशिश की। जिस पर हिंदू धर्म का अपमान हुआ। झंडे को गिराते हुए देखने में आकाश ठाकुर और लल्ला ठाकुर घटना के गवाह है। जिस पर 15-20 युवकों पर एफआईआर क्रमांक 549/21 धारा 295, 295, 147 दर्ज की गयी है। इस मामले में एसपी प्रशांत अग्रवाल ने शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की है। तो वही पूरी घटना पर आईजी आनंद छाबड़ा भी नजर बनाए हुए है। उन्होंने कहा कि किसी प्रकार की अफ़वाहों पर विश्वास न करें। पुलिस के द्वारा वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। घटना के बाद इस क्षेत्र में पर्याप्त पुलिस बल तैनात कर दिये गए।

### 10 आरोपियों को भेजा गया जेल

पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 10 आरोपियों रहमत खान, सरफराज खान, सैफअली उर्फ बाबू, रिजवान खान, इमरान, साहिल खान, गुलाम एहफाज बक्स, मोहम्मद अमान रजा, मोहम्मद शाहरुख, अरशद खान को गिरफ्तार कर जेल भेजा।



घटना के विरोध में भारी संख्या में भाजयुमो के नेता सड़क पर उतरे इस दौरान नेताओं ने जमकर नारेबाजी की। वहीं टिकरापारा थाना परिसर में पहुंचकर विरोध करते हुए हनुमान चालीसा पढ़ा।

### भगवा ध्वज का अपमान होगा तो भाजपा चुप नहीं बैठेगी : साय

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदेव साय ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार को सीधे चेतावनी देते हुए कवर्धा के बाद अब राजधानी रायपुर के टिकरापारा में भगवा



ध्वज के अपमान, ध्वज उखाड़े जाने की घटना की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सल्तनत और खुद को सुल्तान समझने वाले भूपेश बघेल समझ लें, यदि भगवान श्रीराम के ननिहाल में भगवा ध्वज का अपमान हुआ तो भाजपा चुप नहीं बैठेगी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदेव साय ने छत्तीसगढ़ में लगातार भगवा ध्वज के अपमान और पहले कवर्धा और अब राजधानी रायपुर के टिकरापारा में भगवा ध्वज के अपमान को लेकर छत्तीसगढ़ सरकार की नीयत पर सवाल उठाया है। उन्होंने कहा कि ऐसा क्यों है कि कांग्रेस के आते ही छत्तीसगढ़ में लगातार भगवा ध्वज का अपमान किया जा रहा है? शांति का टापू प्रभु राम के आदर्शों को मानने वाले प्रदेश में भगवा ध्वज का अपमान कांग्रेस के आते ही क्यों हो रहा हैं? उन्होंने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से राजधानी रायपुर में भगवा ध्वज का अपमान करने वाले सभी लोगों की शीघ्र गिरफ्तारी करने व कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने की मांग की हैं साथ ही कवर्धा मामले की न्यायिक जांच कर कवर्धा का न्याय कर जनता के सामने दूध का दूध और पानी का पानी करने की मांग की हैं।

### प्रदेश की शांति भंग करने की साजिश में जुटी भाजपा : शुक्ला

कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा है कि विकास विरोधी, अमनचैन विरोधी भाजपा शांत छत्तीसगढ़ में अशांति फैलाने के एजेंडे पर




काम कर रही है। कानून व्यवस्था छिन्न भिन्न करने की साजिश रच रही है। लेकिन सामाजिक समरसता वाले छत्तीसगढ़ की सर्व धर्म समभाव के मूल मंत्र पर चलने वाली कांग्रेस की भूपेश बघेल सरकार राज्य की शांतिप्रिय जनता के सहयोग से भाजपा की इन साजिशों को सफल नहीं होने देगी। शुक्ला ने कहा विष्णुदेव साय कह रहे हैं कि यदि भगवा ध्वज का अपमान होगा तो भाजपा चुप नहीं बैठेगी, साय जान लें कांग्रेस की संस्कृति में किसी का भी अपमान संभव नहीं है। कांग्रेस की सरकार सभी का समान रूप से सम्मान करती है। सामाजिक सद्भाव हमारी सरकार की प्राथमिकता है और कांग्रेस की सरकार में कानून का राज चलता है। इसमें जो भी बाधा उत्पन्न करेगा और कानून व्यवस्था के खिलाफ षड्यंत्र रचेगा, उसके विरुद्ध कानून अपना काम करता है, कर रहा है और करता रहेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा ने कवर्धा जैसे शांत और सामाजिक सद्भाव के प्रतीक शहर की कानून व्यवस्था भंग करने का षड्यंत्र रचा, जिसे वहां की अमनपसंद जनता ने विफल कर दिया। अब भाजपा राजधानी रायपुर की कानून व्यवस्था बिगाड़ने की साजिश के साथ सामने आई है।

### स्वामी अविमुक्तेश्वरानन्द सरस्वती कवर्धा प्रवास पर

#### 108 फिट की ऊंचाई पर करेंगे भगवा ध्वजारोहण

**कवर्धा।** ज्योतिष पीठाधीश्वर एवं द्वारका शारदा पीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानन्द सरस्वती महाराज के शिष्य प्रतिनिधि दण्डी स्वामी



अविमुक्तेश्वरानन्द सरस्वती ज्योतिर्मठ बद्रिकाश्रम का छत्तीसगढ़ आगमन हो रहा है। उक्ताशय की जानकारी देते हुए शंकराचार्य जन कल्याण न्यास के मिडिया प्रभारी पण्डित देव दत्त दुबे ने बताया कि स्वामी जी 9 दिसम्बर से 11 दिसम्बर तक कवर्धा प्रवास पर रहेंगे। 10 दिसम्बर को प्रातः दर्शन, दीक्षा, गोष्ठी पश्चात प्रातः 08:30 बजे से 09:30 बजे तक कवर्धा नगर के ग्रामदेव, ग्रामदेवी और अन्य मंदिरो से देवदर्शन पश्चात 9:45 से 10:45 तक छत्तीसगढ़ के सभी रियासत के राजाओ से चर्चा करेंगे, 11:00 बजे जानकी रमण प्रभु देवालय से भव्य कलश यात्रा निकाली जायेगी। जो नगर के विभिन्न मार्गो से होते हुए 01:00 बजे लोहारा नाका के पास पहुंचेगी जहाँ 108 फीट के स्तंभ में भगवा ध्वजारोहण का कार्य सम्पन्न होगा। दोपहर 02:00 बजे से पी जी कालेज मैदान में स्वामी अविमुक्तेश्वरानन्द सरस्वती धर्मसभा को संबोधित करेंगे, जिसमें अनेकों अखाड़ों के संत, महात्मा, ब्रम्हचारी सहित अनेकों रियासत के राजा गण उपस्थित रहेंगे।

## उत्तरप्रदेश में गरजे भूपेश, जाति और धर्म के नाम पर वोट मांगती है भाजपा

पायनियर संवाददाता < लखनऊ
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मंगलवार को रूंधौली विधानसभा क्षेत्र में आयोजित किसान न्याय सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ के डर से जिला प्रशासन ने मेरा हेलीकाप्टर यहां से 30 किमी दूर पुलिस लाइन में लैंड कराया। मुझे यहां आने से रोकने के सारे प्रयास किए गए। सभी को संबोधित करते हुए भूपेश बघेल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी धर्म और जाति के नाम पर वोट मांगती है लेकिन कांग्रेस किसानों के मुद्दे पर वोट मांग रही है। उपचुनाव में भाजपा को सबक सिखाने वाली जनता के आक्रोश को देखकर ही केंद्र सरकार ने डीजल 5 रूपए सस्ता कर दिया है। एकबार कांग्रेस की सरकार बनाकर देखिए डीजल 50 रूपए सस्ता हो जाएगा। सीएम बघेल ने कहा कि डीएपी खाद की कीमत आज



1500 रूपए हो गई है वहीं किसानों को खाद नहीं मिल रही है। बीजेपी कहती है कि 2022 में किसानों की आय दोगुने कर देंगे। 2023 में तो मात्र 22 दिन बचे है क्या किसानों की आय दोगुनी हो जाएगी। बघेल ने कहा किसानों को भाजपा आंदोलनजीवी खालिस्तारी कहते है। लेकिन इस बार उत्त्रप्रदेश की जनता अपने मुद्दों पर वोट करेगी न कि भाजपा के झुनझुना वाले बयान पर वोट करेगी।

छत्तीसगढ़ राज्य के मुख्यमंत्री और उत्तरप्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस के प्रभारी भूपेश बघेल ने यहां वाराणसी में पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि अन्नपूर्णा मंदिर के महंत शंकर पुरी बहुत द्रवित हैं। उन्होंने मुझे बताया कि कारिडोर निर्माण के समय कहा गया था कि मां अन्नपूर्णेश्वरी के धाम में आने के लिए एक भव्य द्वार का निर्माण किया जाएगा। अब वर्तमान में तीन फीट का एक गलियारा छोड़ा गया है। अब जो नए श्रद्धालु बाबा के दर्शन को आएंगे, उन्हें मां अन्नपूर्णा का दर्शन करने में कठिनाई होगी। गोदौलिया से दशाश्वमेध और मैदागिन के बीच स्थित सभी भवनों को गुलाबी रंग में रंगवा दिया गया है।

## रेडी टू ईट मामले में हाईकोर्ट ने अंतरिम आदेश देने से किया इंकार

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com

हाईकोर्ट ने रेडी टू ईट मामले में राज्य शासन के आदेश के खिलाफ लगी याचिका पर अंतरिम आदेश देने से इंकार कर दिया है। विभिन्न महिला स्व सहायता समूहों के द्वारा अलग-अलग रिट याचिकाएं प्रस्तुत की गई थी तथा राज्य शासन के उक्त निर्णय को चुनौती देते हुए अपास्त करने की मांग की गई थी । प्रकरण में संपूर्ण सुनवाई के बाद न्यायालय ने यह व्यवस्था दी है कि चूंकि राज्य शासन इस योजना को 01.फरवरी.2022 से लागू करेगा तब तक किसी भी स्व सहायता समूह को राज्य शासन बाहर नही कर रही है और उन्हें तब तक कार्य करने की अनुमति शासन के निर्देशानुसार प्रदान की जाती है। यदि शासन चाहे तो राज्य शासन एवं स्व सहायता समूहों के बीच जो अनुबंध हुए है, उन्हें अनुबंधो की शर्तो अनुसार ही उसे समाप्त कर सकता है, एतद् द्वारा राज्य सरकार



के उक्त निर्णय पर न्यायालय ने किसी भी प्रकार से रोक नहीं लगाया है । अतः राज्य सरकार अब स्वतंत्र है कि अपनी कार्यवाही आदेश दिनांक 26.11.2021 के अनुसार कर सकती है । राज्य सरकार की ओर से महाधिक्ता सतीश चन्द्र वर्मा ने न्यायालय को यह अवगत कराया है कि महिला समूहों को जो उनका मूल कार्य है जिसमें रेडी टू ईट फूड को गरम पकाना, बच्चों को वितरीत करना, ट्रांसपोर्ट करना अर्थात जो मूल कार्य है वह करने की अनुमति राज्य सरकार पूर्व में ही दे चुका है और उनके हितों की रक्षा राज्य सरकार कर रही है । अतएव उपरोक्त तारतम्य में किस भी अंतरिम आदेश की आवश्यकता महिला स्व सहायता समूह के लोगों के पक्ष में देने की आवश्यकता नहीं है । उपरोक्तानुसार मामले को राज्य शासन के जवाब के बाद दिनांक 12.01.2022 को सुनवाई के लिए तय किया गया है।

### शिक्षक भर्ती पर से रोक हटी, याचिका खारिज

हाइकोर्ट ने व्यापम के माध्यम से हो रही शिक्षक भर्ती पर से स्टे हटाते हुए याचिका खारिज कर दी हैं। शिक्षक भर्ती मे गड़बड़ी होने पर लगाई गई याचिका में हाइकोर्ट ने ई श्रेणी की भर्ती पर स्टे दिया था। ज्ञातव्य हैं कि व्यापम ने 2019 में 14580 पदों पर भर्ती के लिये विज्ञापन निकाला था। जिसमे परीक्षा के उपरांत भर्ती प्रक्रिया चल ही रही थी कि एक उम्मीदवार ने हाइकोर्ट में याचिका दायर कर बताया कि व्यापम के जारी विज्ञापन के अनुसार पद हेतु समस्त अहर्ताएं पूरी करने की तिथि 20 नवम्बर 2019 थी। पर इसके बाद भी अहर्ता पाने वालों को पात्र बता कर भर्ती कर ली गयी हैं।

## प्रियंका गांधी आज जारी करेंगी कांग्रेस का महिला घोषणा पत्र

पायनियर संवाददाता < लखनऊ
www.dailypioneer.com

उत्तर प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने महिलाओं के लिये अलग घोषणापत्र जारी करने की नयी पहल की है। कांग्रेस की महासचिव और उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव की कांग्रेस



की प्रभारी प्रियंका गांधी वाड्रा बुधवार को पहला महिला घोषणा पत्र जारी करेंगी। पार्टी की ओर से दी गयी जानकारी के अनुसार प्रियंका कांग्रेस के प्रदेश कार्यालय में कल दोपहर 12 बजे महिला घोषणा पत्र जारी करेंगी।

## किसानों से जुड़े सवाल का जवाब नहीं दे रही सरकार : राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा है कि सरकार किसानों के साथ मजाक कर रही है और संसद में भी किसानों से जुड़े सवालों के जवाब नहीं दे रही है। कांग्रेस नेता ने मंगलवार को लोकसभा में शून्यकाल के दौरान किसानों से जुड़े मुद्दे पर सवाल उठाये और कहा कि सरकार उनके द्वारा उठाए गये सवालों को टाल गई। गांधी ने ट्वीट किया, कृषि-अन्याय पर मैंने संसद में सवाल



किए कि क्या शहीद किसानों के परिजनों को मुआवज़ा मिलेगा। क्या सरकार न्यूनतम समर्थन मूल्य पर विचार कर रही है और कोविड से किसानी पर क्या असर पड़ा। पहले दो सवाल वे खा गए और तीसरे का ये जवाब दिया है 'महामारी में किसानी सुचारु रूप से चलती रही।' क्या मज़ाक़ है।

### पीएम ने उर्वरक कारखाना, एम्स और आईसीएमआर का किया लोकार्पण

## जब डबल इंजन की सरकार होती है तो काम भी दोगुनी गति से होता है : पीएम मोदी

वार्ता < गोरखपुर
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में पिछले 30 साल से उर्वरक कारखाना बंद पड़े रहने के लिये पिछली सरकारों की मंशा को दोषी ठहराते हुये मंगलवार को कहा कि जनहित के कामों के लिये सरकार की सोच जब ईमानदार होती है तो कोई भी बाधा रुकावट नहीं डाल सकती। मोदी ने उर्वरक कारखाने, नवनिर्मित एम्स और आईसीएमआर के अत्याधुनिक शोध केन्द्र सहित अन्य विकास परियोजनाओं का लोकार्पण करते हुये कहा कि जब गरीब-शोषित-वंचित की चिंता करने वाली सरकार होती है, तो वो परिश्रम भी करती है, परिणाम भी लाकर दिखाती है। उन्होंने कहा कि गोरखपुर में



उर्वरक कारखाना, एम्स और मेडिकल रिसर्च सेंटर का शुरू होना एक संदेश दे रहा है कि जब डबल इंजन की सरकार होती है तो काम भी तेज होता है। जब सोच ईमानदार हो तो कोई भी रुकावट बाधा नहीं डाल सकती। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, राज्य के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और डा दिनेश शर्मा सहित केन्द्र और राज्य सरकार के विभिन्न मंत्री एवं वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। उन्होंने कहा कि पांच साल पहले मैं, यहां एम्स और खाद कारखाने का शिलान्यास करने आया था। इन दोनों का एक साथ लोकार्पण करने का सौभाग्य भी आपने मुझे ही दिया है। आईसीएमआर के रीजनल मेडिकल रिसर्च सेंटर को भी अपनी नई बिल्डिंग मिली है। मैं यूपी के लोगों को बधाई देता हूं। इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन की शुरुआत पूर्वांचल में बोली जाने वाली भोजपुरी भाषा में करते हुये धर्म और आध्यात्म की नगरी गोरखपुर के लोगों को देवतुल्य बताकर उनका अभिवादन किया।

### संसद में उपस्थित रहकर विधायी कार्यों में भागीदारी निभाएं भाजपा सांसद : मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सभी सांसदों को संसद में उपस्थित रहकर विधायी कार्यो में सक्रिय भागीदारी निभाने के निर्देश दिये हैं। सूत्रों के अनुसार भाजपा संसदीय दल की मंगलवार को यहां हुई बैठक में श्री मोदी ने पार्टी के सभी सांसदों को संसद में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करने का निर्देश देते हुए कहा कि बार-बार बच्चों की तरह आप लोगों को एक ही बात कहना ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि आप लोग अपने-अपने व्यवहार में परिवर्तन लाइए नहीं तो परिवर्तन हो जाता है। बैठक में भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने पार्टी के सभी सांसदों को संसद के शीतकालीन सत्र के बाद अपने-अपने संसदीय क्षेत्रों में जाकर पार्टी के जिला और मंडल अध्यक्षों के साथ संवाद करने और उन्हें चाय पर चर्चा के लिए बुलाने को कहा। प्रधानमंत्री ने कहा कि वो 14 दिसंबर को वाराणसी में अपने संसदीय क्षेत्र के जिला और मंडल अध्यक्षों को चाय पर बुलाएंगे।

## सरकार के प्रस्ताव पर आज बैठक में होगा निर्णय : संयुक्त किसान मोर्चा

एजेंसी < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

संयुक्त किसान मोर्चा ने कहा कि आंदोलन समाप्त करने के लिए केंद्र सरकार की ओर से भेजे गए प्रस्ताव पर बुधवार की बैठक में फ़ैसला लिया जाएगा। संयुक्त किसान मोर्चा ने सरकार से एक लिखित मसौदा प्रस्ताव प्राप्त होने की पुष्टि की है। सिंघु बॉर्डर पर एसकेएम की बैठक में किसान नेताओं ने इस प्रस्ताव पर रचनात्मक चर्चा की। मोर्चा सरकार के प्रस्ताव के कुछ बिंदुओं पर और स्पष्टीकरण मांगेगा और आगे की चर्चा के लिए बुधवार को दोपहर 2 बजे फिर से बैठक करेगा। मोर्चा को सरकार से सकारात्मक प्रतिक्रिया की उम्मीद है। मोर्चा ने कहा कि केंद्र की तरफ से भेजे गए प्रस्ताव के मसौदे पर पूरी तरह सहमति नहीं बनी है।



एमएसपी पर कमेटी को लेकर कुछ आपत्ति है। आंदोलन वापसी की शर्त पर भी एतराज है। आंदोलन वापसी पर ही केस वापस लेने की बात की गई है। हम सरकार की शर्त मानने को तैयार नहीं हैं। एसकेएम ने कहा कि आंदोलन की वापसी पर बुधवार को दोपहर दो बजे होने वाली बैठक में फैसला लिया जाएगा। मोर्चा ने कहा कि आंदोलन में 700 से अधिक किसानों ने जान गंवाई है जिनके लिए पंजाब सरकार ने पाँच लाख रुपये मुआवजा और परिवार में एक को सरकारी नौकरी की बात की है। यही मॉडल केंद्र सरकार को भी लागू करना चाहिए। गौरतलब है कि संसद के शीतकालीन सत्र से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीनों कृषि कानूनों को वापस लिये जाने की घोषणा कर दी थी और सत्र के पहले दिन इन कानूनों को रद्द करने का बिल संसद से पास हो गया।

**खेती-किसानी से जुड़े काम में एक दूसरे की निर्भरता इन्हें आपस में जोड़े रखती है**

# नए फैसलों से मजबूत होती छत्तीसगढ़ की पौनी-पसारी की परम्परा

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ के गांवों का सामाजिक ताना-बाना आज भी जीवंत है। गांव की सामाजिक संरचना में लोगों में परस्पर आपसी संबंध और भाईचारा अभी भी बना हुआ है। खेती किसानी और इनसे जुड़े काम में एक दूसरे की निर्भरता इन्हें आपस में जोड़े रखती है। गांव में कुम्हारी, बढ़ाईगिरी, लोहारी, चर्मशिल्प, तेलपेराई, धोबी जैसे कई व्यवसाय ग्रामीण जन-जीवन से सीधे जुड़े हैं। साप्ताहिक बाजार और पौनी पसारी परम्परा छत्तीसगढ़ी संस्कृति का अभिन्न अंग हैं। वर्तमान परिस्थिति में गांव में पौनी-पसारी की परम्परा भले ही कमजोर हुई हो, लेकिन आज भी यह मौजूद है। गांव में जब तक यह परम्परा सुदृढ रही, लोगों को अपने काम काज के लिए भटकना नहीं पड़ा। बदलती हुई परिस्थितियों में भी गांव के कमजोर तबकों को रोजगार दिलाने में पौनी पसारी व्यवस्था महत्वपूर्ण रही है इसलिए राज्य सरकार इस परम्परा को पुनर्जीवित कर रही है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा हाल में ही गांवों में रहने वाले भूमिहीन मजदूरों और शिल्पियों के जीवन में उजियारा लाने के लिए दो महत्वपूर्ण फैसले किए गए हैं। ग्रामीण भूमिहीन मजदूरों और पौनी पसारी व्यवस्था से जड़े लोगों को साल में 6 हजार रूपए की आर्थिक सहायता




देने के लिए राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना और पौनी पसारी व्यवस्था से जुड़े व्यवसायों को मजबूत करने के लिए तेलघानी, चर्मशिल्प, लौहकर्म और रजककार बोर्ड का गठन करने का निर्णय लिया गया है। इन बोर्डो के गठन की अधिसूचना भी जारी हो चुकी है। इन दोनों योजनाओं का व्यापक असर ग्रामीण जनजीवन पर पड़ेगा। गांव में रोजगार और व्यवसाय के नए अवसर भी बढ़ेंगे। इससे परम्परागत व्यवसाय से जड़े लोगों को बड़ा सहारा मिलेगा। छत्तीसगढ़ में दिसंबर 2018 में नई सरकार के गठन के बाद ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की पहल से ग्रामीण जन जीवन में नई चेतना आयी है। सुराजी गांव योजना से एक तरफ जहां खेती किसानी की ओर फिर से किसान अग्रसर हुए, वहीं न्याय योजनाओं से उनकी आर्थिक स्थिति और रहन सहन में काफी परिवर्तन आ रहा है। गांवों के गौठानों में गोधन न्याय योजना में खरीदे गए गोबर से महिला समूहों को वर्मीकम्पोस्ट और सुपर कम्पोस्ट तैयार करने में रोजगार दिया जा रहा है। पौनी पसारी योजना में इन कार्यों से जुड़े लोगों के लिए नगर-निगम, नगर पालिका और नगर पंचायतों में नए बाजार बनाए जा रहे हैं, जिससे इन लोगों को अपने काम-काज के लिए सुविधाजनक स्थान मिल सके। उन्हें अपने कारोबार के जरिए नियमित रूप से आमदनी मिल सके। इस योजना में असंगठित क्षेत्र के परंपरागत व्यवसायी एवं स्व-सहायता समूहों की महिलाओं को सघन शहरी क्षेत्रों में व्यवसाय के लिए दस रूपए दैनिक शुल्क पर चबूतरा उपलब्ध कराने का प्रावधान है। इस योजना में लगभग 12000 स्थानीय बेरोजगारों व उनके परिवारजनों को उनके निवास के समीप ही स्थाई रोजगार मिल रहा है। योजना के तहत 261 पौनी पसारी बाजार स्वीकृत किए गए हैं। इनमें 58 पूर्ण कर लिए गए हैं तथा 107 निर्माणाधीन हैं। राज्य सरकार द्वारा हाल में ही शुरू की गई राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना में भी भूमिहीन मजदूरों के साथ पौनी पसारी व्यवस्था से जुड़े लोगों को भी सालाना 6 हजार रूपए की आर्थिक सहायता दी जाएगी। राज्य में इस योजना से 10 लाख से अधिक ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले भूमिहीन कृषि मजदूरों के साथ ही गांव के लोहार, नाई, धोबी, बढ़ई, चर्मशिल्प और पुरोहित का कार्य करने वाले लोगों को भी लाभ मिलेगा। आर्थिक सहायता को लेकर गांव-गांव में मजदूर वर्गों में खुशी का माहौल है। उन्हें अब अपने परिवार के भरण पोषण के लिए यह सहायता राशि काम आएगी। मजदूरों को आर्थिक सहायता देने की पहल देश में सबसे पहले छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा की गई है। इस योजना में मिलने वाली राशि से उन्हें नया संबल मिलेगा।

जनता से सरकार का रिश्ता और मजबूत होगा। औद्योगीकरण, शहरीकरण की मार झेल रहे तेलघानी, चर्मशिल्प, रजककार और लौह शिल्प व्यवसायों को बोर्डों के गठन से फिर से पुनर्जीवित करने में मदद मिलेगी। इन व्यवसायों से जुडे बोर्डो के माध्यम से शिल्पकारों को स्वरोजगार के लिए सहायता दी जाएगी।

# राज्य में शुरू हुआ एफसीआई में कस्टम मिलिंग का चावल जमा कराने का सिलसिला

**मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की दूरदर्शी सोच और उदार फैसलों का नतीजा**

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ में अभी समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की शुरुआत हुए हफ्ते भर का समय भी नहीं बीता है और राइस मिलर्स छत्तीसगढ़ राज्य के कोटे का चावल एफसीआई में जमा कराने लगे हैं। इसकी शुरुआत छत्तीसगढ़ महतारी के मोर मुकुट वाले रायगढ़ जिले से हुई है, जहां सोमवार 6 दिसंबर को आकांक्षा राइस मिल सरिया के संचालक ने एफसीआई रायगढ़ में 290 क्विंटल यानी एक लाट चावल जमा करके इसका श्रीगणेश कर दिया है। संभवतः राज्य में ऐसा पहली बार हुआ है जब धान खरीदी की शुरूआत के साथ-साथ एफसीआई में कस्टम मिलिंग का चावल जमा कराना भी शुरू हो गया है। एफसीआई में इस साल के कोटे का चावल जमा कराने की रियल टाइम ऑनलाइन एन्ट्री भी हो रही है।

**चावल एफसीआई में जमा कराने लगे हैं**

धान खरीदी की शुरुआत के साथ-साथ सोसायटियों से धान का उठाव और कस्टम मिलिंग की शुरुआत दरअसल मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की पहल, उनकी दूरदर्शी सोच और उदार फैसलों का नतीजा है। अभी हाल ही में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राइस मिलर्स एसोसिएशन के साथ हुई दो-दो बैठकों में जिस संवेदनशीलता के साथ उनकी समस्याओं को सुना और उस पर त्वरित फैसले लिये, उसी समय यह आभास हो गया था, कि राइस मिलर्स इस बार अपनी पूरी क्षमता और उत्साह के साथ कस्टम मिलिंग की जिम्मेदारी पूरी करेंगे। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा राइस मिलर्स को ऑटो पंजीयन की सुविधा, पुराने बारदाने के मूल्य को 18 रुपये से बढ़ाकर 25 रुपये करने और कस्टम मिलिंग के लिए प्रति क्विंटल राइस मिलर्स को 120 रुपये की प्रोत्साहन राशि देने जैसे उदार फैसलों ने मिलर्स के उत्साह को दोगुना कर दिया है। छत्तीसगढ़ राइस मिलर्स एसोसिएशन, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की इस उदारता का मान रखने के लिए एकजुट और संकल्पित हैं। हफ्ते भर के भीतर ही एफसीआई में चावल जमा होने की शुरुआत दरअसल मुख्यमंत्री के इसी उदार फैसलों का नतीजा है। राज्य में राइस मिलर्स ने जिस तेजी से धान का उठाव और मिलिंग की शुरुआत की है, इसको देखकर यह लगता है कि एक-दो दिनों में सभी जिलों में एफसीआई गोदाम में कस्टम मिलिंग का चावल जमा कराने की तेजी से शुरुआत हो जाएगी। छत्तीसगढ़ राज्य को इस साल 61.65 लाख मेट्रिक टन अरवा चावल सेंट्रल पूल में देना है। इस लक्ष्य को देखते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राइस मिलर्स से पूरी क्षमता और गुणवत्ता के साथ कस्टम मिलिंग करने और एफसीआई में चावल जमा कराने का आह्वान किया है। उन्होंने रायगढ़ जिले से कस्टम मिलिंग के चावल के जमा होने की शुरुआत पर राज्य के राइस मिलर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों, आकांक्षा राइस मिल के संचालक तथा जिला प्रशासन रायगढ़ के अधिकारियों को बधाई दी है। गौरतलब है कि आकांक्षा राइस मिल सरिया द्वारा एफसीआई रायगढ़ में जमा कराया गया।

## राज्य में तेजी से जारी है दलहनी फसलों की बुआई

**4 लाख 20 हजार 620 हेक्टेयर में हो चुकी है दलहन फसलों की बोनी**

**रायपुर।** राज्य में रबी सीजन की अन्य फसलों के साथ-साथ दलहनी फसलों की बुआई तेजी से जारी है। राज्य में इस साल रबी सीजन में 8 लाख 73 हजार 430 हेक्टेयर में दलहनी फसलों की बोनी के लक्ष्य के विरूद्ध अब तक 4 लाख 20 हजार 620 हेक्टेयर में विभिन्न प्रकार की दलहनी फसलों की बोनी की जा चुकी है, जिसमें सर्वाधिक 2 लाख 28 हजार 340 हेक्टेयर रकबा तिवड़ा की बोनी का शामिल है। कृषि विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार राज्य में अब तक चना की बोनी एक लाख 31 हजार 970 हेक्टेयर में, मटर की 17 हजार 510 हेक्टेयर में, मसूर की 12 हजार 380 हेक्टेयर में, मूंग की 2 हजार 840 हेक्टेयर में, उड़द की 2 हजार 800 हेक्टेयर में, तिवड़ा की 2 लाख 28 हजार 340 हेक्टेयर में, कुल्थी की 16 हजार 880 हेक्टेयर में तथा अन्य दलहनी फसलों की 7 हजार 900 हेक्टेयर में बुआई हो चुकी है, जो कि इस साल बुआई के लक्ष्य का 48 प्रतिशत है।

# समावेशी शिक्षा दिव्यांग बच्चों में जगा रही नया आत्मविश्वास

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com





शिक्षा का समावेशीकरण यह सुनिश्चित करता है कि विशेष शैक्षणिक आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए एक सामान्य छात्र और एक दिव्यांग को समान शिक्षा प्राप्ति के अवसर मिले। समावेशी शिक्षा के द्वारा सामान्य विद्यालय में सामान्य बालकों के साथ विशिष्ट बालकों को कुछ अधिक सहायता प्रदान करने की कोशिश की जाती है। इसी उद्देश्य को आगे बढ़ते हुए राजीव गांधी शिक्षा मिशन, रायगढ़ समग्र शिक्षा के तहत 9 विकासखण्डों में फिजियोथेरेपी और स्पीचथेरेपी देकर दिव्यांग बच्चों को जीवन की चुनौतियों से लड़ने के लिए तैयार किया जा रहा है। इससे उनके मन में नया आत्मविश्वास जागा है और बच्चे शिक्षा के नए आयामों को सीखने के काबिल बन रहे हैं।

### दिव्यांग बच्चों के लिए थेरेपी की दुरुस्त व्यवस्था

शारीरिक मानसिक रूप से दिव्यांग बच्चों को सामान्य जीवन निर्वहन के साथ शिक्षा प्राप्त करने में कदम-कदम पर कठिन चुनौतियों का सामना करना प?ता है। इन बच्चों को स्वावलंबी जीवन जीने की ओर अग्रसर करना जरूरी है, जिससे समाज में वे घुल-मिल कर सम्मानपूर्वक जीवनयापन कर सकें। इसी सोच के साथ राज्य सरकार द्वारा दिव्यांग बच्चों को समावेशी गुणात्मक शिक्षा के माध्यम से समान शिक्षा का अवसर और सकारात्मक प्रभावशाली वातावरण देने की कोशिश की जा रही है।

### पालकों की भी होती है काउंसिल

**दिव्यांग बच्चों के लिए थेरेपी की दुरुस्त व्यवस्थाः** समावेशी शिक्षा अंतर्गत जिला स्तर पर एक फिजियो व एक स्पीच थैरेपिस्ट नियुक्त किए गए हैं। दोनों थेरेपिस्ट सभी 09 विकासखंडों में रोटेशन के आधार पर भ्रमण करते हैं। वहीं विकासखंड मुख्यालय के अधिकारी-कर्मचारी थेरेपी के लिए चिन्हित दिव्यांग बच्चों को एकत्रित करने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

डॉ.खुशबू साहू (अस्थि रोग विशेषज्ञ) ने बताया कि अब तक कुल 312 दिव्यांग बच्चे फिजियोथेरेपी से लाभान्वित हुए हैं। वहीं स्पीच थैरेपिस्ट प्रतिभा गवेल (वाणी एवं भाषा रोग विशेषज्ञ) का कहना है कि स्पीचथैरेपी से कुल 364 दिव्यांग बच्चे ऐसे बच्चे लाभान्वित हुए है। उन्होंने बताया कि ऐसे दिव्यांग बच्चे जो सेरेब्रल पाल्सी, ऑटिज्म, कंजेटियल डिफॉरमेटी जैसे कंजेटियल डिसलैक्सेशन ऑफ हिप, क्लब फुट, इक्वीनस फुट, स्पाइन डिफॉरमेटिस जैसे स्कोलियोसिस कायफॉसिस, मस्कुलर डायस्ट्रोफाइस, मेंटल रिटारडेशन विद लोको मोटर डिसेबिलिटी मल्टीपल डिसेबिलिटिस, श्रवण पाटीदार, मानसिक मंदता, मानसिक पक्षाघात, अपने उम्र से कम बोलने वाले, तुतलाने वाले, हकलाने वाले जैसी विभिन्न व्याधियों एवं दिव्यांगता से ग्रसित थे, उन्हें फिजियोथेरेपी व स्पीचथेरेपी ने एक नया जीवन और आत्मविश्वास मिल रहा है।

**पालकों की भी होती है काउंसिलः** दिव्यांग बच्चों की थेरेपी के दौरान उनके पालकों की भी काउंसलिंग कर उन्हें बच्चे की स्थिति, सुधार और प्रगति के विषय में समझाया जाता है। बच्चों के लिए पोषण एवं उनकी हाइजीन, डेली होम एक्सरसाइज सहित जरूरी दिशानिर्देश दिये जाते हैं। श्रवण बाधित बच्चों को श्रवण यंत्र प्रदान कर पालकों को उपयोग का तरीका विस्तार से बताया जाता है। इससे दिव्यांग बच्चों की स्थिति में काफी सुधार आ रहा है।

## सैनिकों के साहस और वीरता से मिलती है देश प्रेम की सीख: गृहमंत्री साहू



पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

सशस्त्र सेना झंडा दिवस के अवसर पर गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने सेना के पराक्रम को याद किया। अपने निवास कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में गृह मंत्री साहू ने अपने संदेश में कहा कि भारतीय सैनिकों के साहस और वीरता से हमें देश प्रेम की सीख मिलती है। सेना द्वारा समय-समय पर किए गए महान कार्य और राष्ट्र की रक्षा के लिए दी गई बलिदानी को कभी भुलाया नहीं जा सकता। सशस्त्र सेना झंडा दिवस का यह दिन भी हमें सैनिकों और उनकी भावनाओं से जुड़कर राष्ट्र प्रेम के प्रति समर्पित रहने के लिए प्रेरित करता है। गृहमंत्री साहू ने सशस्त्र सेना झंडा दिवस निधि में भूतपूर्व सैनिकों और उनके परिवार के कल्याण के लिए सहयोग राशि भेंट करते हुए कहा कि देश की सेवा करने वालों के सहयोग के लिए हम सभी को हमेशा तत्पर रहना चाहिए। इस दौरान उन्होंने भूतपूर्व सैनिकों का सम्मान भी किया। इस अवसर पर संचालक सैनिक कल्याण छत्तीसगढ़ ब्रिगेडियर विवेक शर्मा, विशिष्ट सेवा मैडल, सूबेदार मेजर वेद प्रकाश साहू, हवलदार बी रवि,सी एल साहू, के एस आर मूर्ति, हवलदार नवल कुमार सहित भूतपूर्व सैनिक आदि उपस्थित थे।


# शंकराचार्य रायपुर की छात्रा का माइक्रोसॉफ्ट में चयन

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com



श्री शंकराचार्य इंस्टिट्यूट आफ प्रोफेशनल मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी रायपुर की कंप्यूटर साइंस कि छात्रा सुरक्षा मंधान का चयन दुनिया की नामी सॉफ्टवेयर कंपनी माइ ोसॉफ्ट में 25 लाख रूपये सालाना के पैकेज पर हुआ है। सुरक्षा मंधान ने ना केवल अपनी कड़ी मेहनत से बता दिया कि आई आई टी, एन आई टी से पढ़कर ही बड़ी कंपनी और बड़ा ऑफर नहीं मिलता है अपितु यदि लगन एवं कड़ी मेहनत कर अपना लक्ष्य निर्धारित करते है तो आपको भी सफलता जरूर मिलेगी। सुरक्षा मंधान ने बताया कि माइ ोसॉफ्ट ने एक इंगेज 2021 प्रोग्राम चलाया था इसमें देश भर के लाखों इंजीनियरिंग छात्रों ने हिस्सा लिया था, तीन राउंड इंटरव्यू हुए जिसके बाद ऑफर मिला, पहले दो राउंड में कोडिंग और ऑब्जेक्ट से जुड़े सवाल पूछे गए तथा तीसरे राउंड में डिजाइन और रेज्यूम से सम्बंधित सवाल थे। सुरक्षा मंधान ने बताया कि कॉलेज ज्वाइन करने के साथ ही इंटर्नशिप और प्लेसमेंट कि तैयारी शुरू कर दी थी और लॉक डाउन में कोडिंग कि प्रैक्टिस कर इस लक्ष्य को प्राप्त किया। सुरक्षा को पता था कि कॉम्पिटिशन थोड़ा टफ होगा लेकिन उसे यकींन था की वो कर सकती है। उसने बताया कि कॉलेज छात्रों पर बहुत मेहनत करता है, उनके ओवरआल डेवलपमेंट के लिए कई तरह के लिए कई तरह के मल्टीनेशनल कंपनियों के साथ रूद्ध (करार) भी किये है ताकि यहाँ के छात्रों को इंडस्ट्री कि डिमांड के अनुसार ट्रेनिंग मिल सके और छात्र यहाँ से इंडस्ट्री रेडी होकर निकले। संस्था के चेयरमैन निशांत त्रिपाठी ने कहा कि मुझे बहुत ही प्रसन्नता हो रही कि हमारे यहाँ के छात्र आई आई टी, एन आई टी के समकछ पैकेज प्राप्त कर रहे है। हमने यहाँ स्टार्टअप, रिसर्च के लिए रूटीन स्टडी से हटकर ऐसा माहौल तैयार किया है कि छात्रों का फ्यूचर टेक्नोलॉजीस में दक्ष कर सके और उनका ओवरआल डेवलपमेंट हो सके। उन्होंने यह भी बताया कि इससे पहले भी यहाँ के छात्र सैमसंग सेमीकंडक्टर, साईप्रस सेमीकंडक्टर, एडोबी एवं इंटेल जैसी नामी कंपनियों में चयनित हो चुके है। संस्था के प्राचार्य डॉ. अलोक कुमार जैन ने सुरक्षा मंधान के चयन पर हर्ष व्यक्त किया।

## बेजुबान परिंदे की जान बचाई रायपुर स्मार्ट सिटी लिमि. की टीम ने




**रायपुर।** बेजुबान परिंदा आज सुबह हाई मास्ट पोल में सुस्ताते हुए खुद को तारों में उलझा लिया। दर्जनों चील अपने साथी की जान बचाने जद्दोजहद में लगे, तो रायपुर स्मार्ट सिटी लिमि. की टीम की नजर फड़फड़ाते चील पर पड़ी और ऊंचे पोल से लाइट को नीचे उतारकर रेस्क्यू करने नगर निगम की इलेक्ट्रिकल टीम को बुलावा भेजा गया। मैनेजर इलेक्ट्रिकल संदीप शर्मा के साथ बिजली विभाग का दस्ता चील की जान बचाने में तुरंत जुटी और पल भर में तार में उलझे इस परिंदे को आजाद कर उसकी जान बचाई।

## विधानसभा अध्यक्ष ने नवनिर्मित कार्यालय-कक्ष में पूजा अर्चना कर प्रवेश किया



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विधान सभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत ने विधानसभा परिसर स्थित अपने नवनिर्मित कार्यालय-कक्ष में पूजा-अर्चना कर प्रवेश किया। इस अवसर पर माननीय सांसद ज्योत्सना महंत, स्थानीय विधायक सत्यनारायण शर्मा, बृजमोहन अग्रवाल, कुलदीप जुनेजा, अनिता योगेन्द्र शर्मा, नारायण प्रसाद चंदेल, पूर्व विधायक, निगम/ मंडल के अध्यक्ष, विधान सभा के प्रमुख सचिव चन्द्र शेखर गंगराड़े एवं सचिव विधान सभा दिनेश शर्मा ने उन्हे पुष्प गुच्छ भेंट कर अपनी शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर विधान सभा सचिवालय एवं लोक-निर्माण विभाग के वरिष्ठ अधिकारी गण भी उपस्थित थे।

### हिन्द की चादर किताब का विमोचन



छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत ने श्रीगुरु तेग बहादुर जी के 401 शहीद दिवस की पूर्व संध्या पर लेखक देवेंद्र सिंह सिब्बल की हिन्द की चादर नामक पुस्तक का विमोचन किया। इस अवसर पर राज्य मंत्री जयसिंह अग्रवाल, धमतरी पूर्व विधायक गुरमुख सिंह होरा, सन्नी अरोरा, सतवंत सिंह, जसवीर सिंह तथा किताब के लेखक देवेंद्र सिंह सिब्बल उपस्थित थे।

## डॉ.डहरिया ने जनदर्शन में आमजनों की सुनी फरियाद



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शासन के नगरीय प्रशासन विकास एवं श्रम मंत्री डॉ.शिवकुमार डहरिया ने अपने शासकीय आवास पर जनदर्शन कायक्रम में आमजनों से भेंट की। डॉ.डहरिया को लोगों ने विभिन्न कार्यों, मांग एवं समस्याओं के संबंध में बताया तथा आवेदन भी दिए। डॉ.डहरिया ने लोगों से उनकी समस्याओं के बारे में गंभीरता से बात की और निराकरण का भरोसा दिलाया। गौरतलब है कि डॉ.डहरिया के साप्ताहिक जनदर्शन कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से जनप्रतिनिधि एवं आमजन मिलने आते हैं एवं अपने क्षेत्र के विकास कार्यों, समस्याओं के बारे में उन्हें अवगत कराते हैं तथा आवेदन भी देते हैं।

**पूनम चन्द्राकर की एकात्म परिसर में प्रेस वार्ता**

# रमन सरकार के समय धान समर्थन मूल्य पर प्रति क्विंटल 31 रु शुल्क था, वहीं अब 98 रु शुल्क लगेगा

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com



मंडी शुल्क में 150 प्रतिशत बढ़ोतरी करके भूपेश सरकार ने किसानों पर भारी वज्रपात किया है। शुल्क बढ़ोतरी के आदेश से ऐसा लगता है मानो पहले धान में लगने वाले शुल्क 2 रु को बढ़ाकर 5 रु कर कर दिया गया है जबकि सच्चाई यह है कि 2018 में भाजपा की रमन सरकार के समय जिस धान के समर्थन मूल्य पर प्रति क्विंटल 31 रु शुल्क लगता था वहीं बढ़े हुए नए शुल्क के चलते अब धान समर्थन मूल्य पर अब 98 रु शुल्क लगेगा। जो कि 2018 की तुलना में तीन गुना से अधिक है। इसकी मार अन्तोगत्वा किसानों को ही पड़ती है। मंडी शुल्क में बढ़ोतरी का दुष्परिणाम बढ़ोतरी के दूसरे ही दिन दिखने लगा जब मंडियों में 1450 से 1480रु तक बोली लगने वाले धान की बोली राजिम मंडी सहित तमाम मंडियों में 1000रु से शुरू किया जाकर 1250-1280 रु में रुक गई। मंडी शुल्क बढ़ने से मंडियों में धान के भाव अचानक 200रु नीचे आ गए हैं। इस बात से आक्रोशित होकर अनेक मंडियों में किसानों ने धान बेचने से मना कर दिया है। उल्लेखनीय है कि मई जून 2018 में जब भाजपा की रमन सरकार थी और धान का समर्थन मूल्य 1570 रु लागू था तब किसानों अपना धान 1550 रु में बेच लिया था। लेकिन आज जब धान का समर्थन मूल्य 1960रु है तब किसानों को भूपेश सरकार की मंडियों में धान 1200-से 1300 रु क्विंटल में बेचने को मजबूर होना पड़ रहा है। और यह सब कृषि कानून रद्द होने के ही दुष्परिणाम हैं। चर्चा में हमेशा यह कह गुमराह किया जाता है कि मंडी शुल्क तो व्यापारी देता है, किसान नही देता, जबकि सच्चाई यह है कि मंडी शुल्क किसानों के ही जेब से जाता है। इसका प्रत्यक्ष प्रमाण है धान के दाम में अचानक 200रु की कमी आ जाना। अब सवाल यह उठता है कि टेक्स 31 रु से बढ़कर 98 रु अर्थात 67 रु बढ़ा है तो धान के दाम 200 रु कम कैसे हो गए? क्या 133रु अतिरिक्त को भूपेश टेक्स माना जाय? या इसे यूपी चुनाव के लिए जबरदस्ती का लिया गया योगदान माने? उत्तर प्रदेश में जाकर झूठी आत्म प्रशंसा करने वाले मुख्य मंत्री किसानों के जेब के पैसा से ही किसानों के बर्बादी का इबारत लिख रहे हैं। इस टेक्स वृद्धि से राज्य की सरकार केंद्र सरकार से 1000 करोड़ रुपये और राज्य के किसानों से 1000 करोड़ वसूलने के जुगत बना लिया है। व्यापारियों ने मंडी शुल्क वापस करने ज्ञापन दिया है। उनका तर्क है कि बढ़े टेक्स के चलते प्रतिस्पर्धा में बने रहना मुश्किल है। प्रतिस्पर्धा में बने रहने के लिए उन्होंने बोली 200रु घटा दिया, मुख्यमंत्री जी का सम्मान भी कर दिया। किसान कहाँ जाएं? और इसी प्रकार के जंजाल के चलते राज्य में किसान आत्महत्या के लिए मजबूर हो रहे हैं। 550 से अधिक किसान आत्महत्या कर चुके, अपने खेत के पेड़ पर फांसी लगा कर आत्महत्या कर रहे हैं। दूसरी तरफधान खरीदी में किसानों के पंजीयन भी घटाए जा रहे हैं, किसानों से बारदाना की मांग की जा रही है। किसानों के 40-50रु वाले बारदाना (कट्टा) के मात्र 25 रु देने का वादा किया गया है। हजारों या कहें लाखों किसान के पिछले साल का भुगतान अभी भी नही हुआ है। नमी का बहाना बनाकर किसानों के धान लौटाए जा रहे हैं वह अलग है।

## विधानसभा में लगे 24 नवंबर तक 755 प्रश्न शीतकालीन सत्र हंगामेदार होने की संभावना

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com




छत्तीसगढ़ विधानसभा का शीतकालीन सत्र काफी हंगामेदार होने की संभावना है। पांच दिनो के सत्र के दौरान विपक्षी दलों द्वारा किसानों के मुद्दों समेत कई अन्य मुद्दों पर सत्ता पक्ष को घेरने का प्रयास कर सकते है। इस बार शीतकालीन सत्र 13 दिसंबर से प्रारंभ होने जा रहा है जो 17 दिसंबर तक चलेगा। सत्र के लिए विपक्षी दलों के साथ-साथ सत्ता पक्ष के विधायकगण भी बढ़-चढ़कर अपने-अपने विधानसभा क्षेत्र के विकास, समस्या एवं जनता के हितों से जुड़े प्रश्न लगाए है। विधानसभा वेबसाइट में दी जानकारी के अनुसार 24 नवंबर तक प्रश्नों का आकड़ा 755 पहुंच चुका था। इसके बाद की जानकारी वेबसाईट में अपडेट नहीं की गई है। शीतकालीन सत्र के दौरान सत्ता पक्ष को घेरने के लिए भाजपा समेत अन्य विपक्षी दलों ने तैयारियां शुरू कर दी है। सत्र के दौरान विपक्षी दल किसानों के मुद्दों, धान खरीदी, बारदाना, कानून व्यवस्था समेत अन्य कई मुद्दों को जोरशोर से उठाते हुए सत्ता पक्ष के मंत्रियों को घेरने का प्रयास कर सकते है।

# टीकाकरण की खुराक पहुंचाने धुर नक्सल क्षेत्र में पहुंच रही स्वास्थ्य टीम

पायनियर संवाददाता ◄ दंतेवाड़ा
www.dailypioneer.com





कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर जिले में अंतिम व्यक्ति तक कोविड टीकाकरण की खुराक पहुंचाने अंदरूनी इलाकों में पहुंची स्वास्थ विभाग दंतेवाड़ा जिले में सत प्रतिशत कोविड टीकाकरण के लिए तेजी से अभियान चलाया जा रहा जिसके लिए स्वास्थ विभाग की टीम लगातार अंदरुनी इलाकों में पहुंचकर टीकाकरण किया जा रहा है विभाग की एक टीम दंतेवाड़ा के अति संवेदनशील पहुंचविहीन ग्राम मुलेर पहुंची रास्ता बेहद ही कठिन था किंतु जनसामान्य तक कोविड की खुराक पहुंचाना लक्ष्य था।

सुकमा जिले की सीमा से होते हुए स्वास्थ विभाग की टीम लगभग 30 किलोमीटर की पैदल एवं मोटरसाइकिल की यात्रा कर गांव तक पहुंची गांव के लोग स्वास्थ विभाग के दल को अपने बीच पाकर अत्यंत खुश हुए और पेड़ के नीचे विभाग ने अपनी शिविर लगाया दैनिक दिनचर्या में लगे ग्रामीण लगातार शिविर में पहुंचने लगे स्थानीय बोली भाषाओं में ग्रामीणों से संवाद कर कोविड के बारे में लोगों को अवगत कराया गया।

लगभग 304 लोगों का सफल कोविड टीकाकरण किया गया विभाग की योजनाओं से लोगों को अवगत कराया गया ताकि उनका लाभ जिले के अंतिम व्यक्ति तक मिल सके मलेरिया मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान के तहत लोगों की जांच की गई सामान्य बीमारी एक जटिल बीमारियों का परीक्षण किया गया।

लोगों को निशुल्क दवाइयों का वितरण तथा बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण किया शिविर में लगभग 173 ग्रामीणों को दवा का वितरण तथा 310 ग्रामीणों की मलेरिया जांच की गई लगभग 6ः00 बजे स्वास्थ्य विभाग की टीम वापस अपने मुख्यालय की ओर निकली अंधेरा होने के साथ-साथ ही नदी नाले पार कर पहाड़ियों से होते हुए टीम वापस आए। उक्त अभियान में जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ राजेश ध्रुव जिला कार्यक्रम प्रबंधक संदीप ताम्रकार खंड चिकित्सा अधिकारी कुआकोंडा डॉक्टर सुष्मित दलाल जिला आर एम एन सी एच सलाहकार डॉ गीतू हरित जिला मीडिया अधिकारी अंकित सिंह यूनिसेफ सलाहकार अक्षय तिवारी विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक संग्राम सिन्हा खंड विस्तार प्रशिक्षण अधिकारी मालती नेताम आर एन ए भुनेश्वर वर्मा सिस्टर विनीता दास सविता बाई आर एच ओ रानू दुगा सुनील भास्कर एवं अन्य लगभग 22 लोगों का दल शामिल रहा।

# सीसी रोड, राशन कार्ड एवं हैण्डपम्प की मांग पर कलेक्टर ने दी स्वीकृति

पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

कलेक्टर जनदर्शन में कलेक्टर पुष्पेन्द्र कुमार मीणा द्वारा जिलेभर से आये आवेदकों के आवेदन पत्रों की सुनवाई की गई। जहां उन्होंने सीसी रोड़ निर्माण, राशन कार्ड तथा हैण्डपम्प की मांग वाले आवेदनों पर तत्काल स्वीकृति दी। वहीं शिकायत संबंधी आवेदनों पर तत्काल जांच कराने का भरोसा दिलाया। आज जनदर्शन में कुल 41 आवेदन प्राप्त हुए। इस क्रम में ग्राम घोड़ागांव से आये पंचों ने नवीन ग्राम पंचायत भवन निर्माण की मांग करते हुए बताया कि वर्तमान में ग्राम पंचायत भवन की स्थिति अत्यंत जर्जर हो गयी है। जिससे शासकीय कार्य सम्पादित करने में दिक्कतें आ रही हैं। ग्राम रेंगागोंदी के सियाराम बघेल ने अपने स्वयं के धान पंजीयन के निरस्त होने की बात कहते हुए बताया कि सभी आवश्यक दस्तावेज लैम्प्स शाखा किबईबालेंगा में जमा करने के बाद भी उनका धान पंजीयन निरस्त कर दिया गया है, इससे उन्हें कृषि ऋण चुकता करने में दिक्कतें आ रही हैं। इसी प्रकार ग्राम बमनापाल के ग्रामीणों ने आवेदन दिया कि बमनापाल को ग्राम काकड़गांव से अलग करके नया ग्राम घोषित किया जाये। इसके लिए ग्रामीणों ने बताया कि उक्त ग्राम में कुल मकान 50 तथा आबादी 2266 है साथ ही उनके देवगुड़ी, माता मंदिर एवं पुजारी भी पृथक हैं। चूंकि ग्राम बमनापाल में बसाहट सन् 1950 से है, इसपर भी वनाधिकार पट्टा ग्राम में उन्हें काकड़गांव के नाम से मिला दिया गया है। इसके साथ ही ग्राम सोड़सिवनी के सरपंच ने अपने गांव के पारा मोहल्लों में हैण्डपम्प एवं मिट्टी सड़क की मांग रखी। इसके अलावा ग्राम मोहनबेड़ा के गोविंद मण्डावी एवं ग्राम बालेंगा के सुकमन एवं राजाराम नेताम ने ग्राम में द्वितीय श्रेणी सड़क निर्माण, कोण्डागांव की कौशिल्या पाण्डे एवं ग्राम उड़ीदगांव की सियाबती नेताम ने राशनकार्ड की मांग, ग्राम हुक्काबेड़ा पाथरी के सरपंच खेमबती ने ग्राम सीमा के निर्धारण एवं सीमांकन, राष्ट्रीय आजीविका मिशन बिहान फरसगांव की महिलाओं ने क्लस्टर कार्यालय संचालन हेतु शासकीय रिक्त भवन दिलाने, ग्राम चिंगनार के झाड़ीराम सलाम ने धान खरीदी केन्द्र में सप्ताह में दो दिन खरीदी करने, ग्राम गोलावण्ड के सुखचंद कोर्राम द्वारा अपनी पुत्री को विकलांग पेंशन, ग्राम बरकई के मुकेश कुमार पाण्डे ने ट्यूटर शिक्षक भर्ती में अनियमितता, मत्स्यपालन समिति कोण्डागांव के सदस्यों ने बाढ़ आपदा से मछली बीजों के नुकसान की क्षतिपूर्ति, ग्राम बड़ेबेंदरी के धनसु राम कश्यप ने लैम्प्स बड़ेबेंदरी धान खरीदी केन्द्र में डाटा एन्ट्री पद पर कार्य करने के बावजूद वेतन प्रदाय न होने, ग्राम चिपावण्ड की बिहारिन बाई, चमेली, सीमा, शशिकला ने सुपरवाईजर द्वारा स्व-सहायता समूह की महिलाओं से अनाधिकृत रूप से पैसे की मांग करने, ग्राम रानापाल के पेंटरलाल कश्यप ने गांव में कोटवार नियुक्ति तथा ग्राम बालेंगा के ग्रामीणों द्वारा नया ट्रांसफार्मर लगाने, कोण्डागांव के संगीता, हेमलता, रूकमी, रमशीला ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत संविदा भर्ती के विज्ञापन जारी होने के बाद पात्र-अपात्र की सूची जारी नहीं करने, मर्दापाल के बुधराम नेताम ने सीसी रोड़ निर्माण, कोण्डागांव के ही सुनील यादव एवं दुर्गानाथ देवांगन ने बंद योजना बीआरजीएफ में उपलब्ध राशि एवं ब्याज की राशि का नियम विरूद्ध उपयोग की जांच कराने, ग्राम सोनपुर के दुखीराम नेताम ने विद्युत कनेक्शन, ग्राम तोतर के शिवलाल कोर्राम ने सर्व शिक्षा अभियान में स्वीकृत अतिरिक्त कक्ष भवन को पूर्ण कराने के आवेदन प्रस्तुत किये।

# पार्षद ने निभाया अपना वादा, वार्ड में बिटिया की शादी पर 11 हजार रुपये कन्यादान दिया

पायनियर संवाददाता ◄ नारायणपुर
www.dailypioneer.com



नारायणपुर नगर पालिका के वार्ड क्रमांक 9 के पार्षद जय प्रकाश शर्मा द्वारा वार्ड में कन्या विवाह पर 11000 की राशि कन्या को उनके द्वारा दिया जाता है वार्ड पार्षद जय प्रकाश शर्मा ने वार्ड में चुनाव के दौरान वार्ड वासियों से वादा किया था कि वार्ड में बेटियों की शादी पर उनके द्वारा 11000 नगद दिया जाएगा जिसका परिपालन जयप्रकाश शर्मा द्वारा लगातार किया जा रहा है। इसी तारतम्य में अपने वार्ड के जुगल किशोर देवांगन की पुत्री चिंकी के विवाह पर आज उनके घर जाकर ?11000 नगद देते हुए उसके उज्जवल भविष्य के का आशीर्वाद दिया वहीं परिजनों और वार्ड वासियों ने जयप्रकाश शर्मा के इस कार्य की सराहना करते हुए कहा कि वार्ड पार्षद द्वारा नगर पालिका के चुनाव के दौरान विजयी होने पर वार्ड में बेटियों की शादी पर 11 हजार रुपये नगद देने का वादा किया था जिसे वे पूरा कर रहे है और वार्डवासियों की समस्याओं का निराकरण करते है। जय प्रकाश शर्मा वार्ड पार्षद ने कहा कि वार्ड में बेटियों के विवाह पर 11 हजार रुपये बेटी को देकर मेरे द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ को बढ़ावा देना उद्देश्य है।

# दुकान में हमाली करने वाला ही निकला शातिर चोर, पुलिस को गुमराह करने की कोशिश रही नाकाम

पायनियर संवाददाता ◄ कांकेर
www.dailypioneer.com

शहर के बीचो बीच ऊपर नीचे रोड में स्थित व्यापारी के घर 1 दिसम्बर को हुई चोरी की बड़ी वारदात को पुलिस ने सुलझा लिया है। चोरी के रकम और सोने चांदी के जेवर के साथ घर के ही नौकर को गिरफ्तार किया है। जिसके पास से 4 लाख रुपये नगद और ढाई लाख रुपये के सोने चांदी के जेवर बरामद किए गए है। शहर के प्रतिष्ठित व्यापारी अशोक राठी के घर से 13 लाख रुपये नगद और सोने चांदी के जेवर चोरी होने की खबर के बाद शहर में हड़कप मचा हुआ था।

जिसके बाद एसपी शलभ सिन्हा ने मामले की जांच के लिए स्पेशल टीम गठित की थी, मामले की जांच के दौरान पुलिस को सूचना मिली की व्यापारी के दुकान में हमाली का काम करने वाला देवनारायण यादव घटना के बाद से अपने घर से फरार है, जिसके बाद पुलिस ने उसका प्रोफाइल जांचा तो पता चला कि वह अपनी माँ की हत्या के आरोप में 14 साल का आजीवन कारावास काट चुका है, पुलिस ने देवनारायण की तलाशी को लेकर जगह जगह छापेमारी शुरू की। देवनारायण का लोकेशन साइबर की टीम ने सारँगगढ़ में कैच किया जहां वह जेल में साथ रहे अपने एक साथी के यहां छुपा हुआ था। जिसके बाद सारँगगढ़ पुलिस की मदद से पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने चोरी की घटना को अंजाम देना कबूल किया, आरोपी के पास से चोरी के सोने चांदी के जेवरात कीमत करीब ढाई लाख रुपये, नगदी रकम 4 लाख 30 हजार रुपये बरामद किए गए है।

### नक्सल ऐंगल देने की कोशिश नहीं आई काम

आरोपी ने चोरी की घटना को अंजाम देने के बाद घर के दीवार में नक्सल पर्चे की तर्ज पर पर्चे चिपकाये थे, जिस पर अपना हिस्सा लेने की बात लिखी थी और 3 लोगों के फोटो भी चिपकाये थे, जिन्हें नक्सली बताने की कोशिश की थी ताकि पुलिस का ध्यान भटकाया जा सके। लेकिन आरोपी की यह कोशिश नाकाम रही और पुलिस कुछ ही दिनों में आरोपी को व चोरी की सामान को भी बरामद कर लिया है।

# स्वास्थ्य विभाग ने मुलेर में किया शिविर का आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ किरन्दुल
www.dailypioneer.com



दंतेवाड़ा के अंतिम छोर पर स्थित मुलेर गांव पहुंचकर स्वास्थ्य कार्यकर्त्ताओं ने स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से कोविड टीकाकरण,बच्चों का टीकाकरण,मलेरिया की जांच,कुपोषित बच्चों की पहचान की गई। मुलेर पहुंच विहीन क्षेत्र में पहली बार जिला स्तर से अधिकारी एवं चिकित्सक उपस्थित हुए पहुंच विहीन इस गांव में जाने पर गांव के स्वास्थ्य स्थिति का अवलोकन किया गया आगामी प्रत्येक माह इस गांव की स्वास्थ्य की बेहतर स्थिति के लिए सतत निगरानी की जावेगी।इस शिविर में 304 ग्रामीणों को कोरोना का टीका लगाया गया।बता दें दंतेवाड़ा जिले के कुआकोंडा ब्लॉक का अंतिम गांव है मुलेर जहां पहुंचने हेतु सुकमा जिले के बड़े चट्टी हो कर 100 किलोमीटर का सफर तय कर दंतेवाड़ा से स्वास्थ्य विभाग टीम मुलेर पहुंचकर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया।शिविर मे डीपीएम संदीप ताम्रकार, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ राजेश ध्रुव,बीएमओ डॉ शुभामित दलाल, जिला सलाहकार डॉ गीतु, प्रभारी मीडिया अधिकारी अंकित सिंह,बीपीएम सगाराम सिन्हा,बीईटीओ मालती,डॉ अक्षय तिवारी यूनिसेफ जिला सलाहकार सहित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मारपीट में गंभीर रूप से घायल हुए युवक की मौत

- रायपुर के अस्पताल में ईलाज के दौरान युवक ने तोड़ा दम

पायनियर संवाददाता ◄ नारायणपुर
www.dailypioneer.com



जिले के कुकड़ाझोर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत बम्हनी में बीते 29 नवंबर की रात को कुछ युवकों ने ग्राम के युवक गन्नू राम गावड़े पिता सुकालू गावड़े से मेटाडोंगरी गांव के पास मारपीट की जिसमे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया था। बीती रात ईलाज के दौरान रायपुर के अस्पताल में गन्नू गावड़े की मौत हो गई है। बता दें कि 29 नवंबर की रात को कुछ युवकों ने ग्राम बम्हनी के युवक गन्नू गावड़े को लाठी एवं डंडे से बुरी तरह मारपीट किया जिसमे गन्नू को सिर पर चोट लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को इलाज हेतु जिला अस्पताल लाया गया। घायल युवक की गंभीर हालात को देखते हुए डॉक्टरों ने जगदलपुर रेफर कर दिया था। जगदलपुर में भी हालत में सुधार नही होता देख जगदलपुर के डॉक्टरों ने घायल युवक रायपुर रेफर कर दिया। युवक को सर पर चोट लगने के कारण कोमा में चला गया था।बीती रात युवक की ईलाज के दौरान मौत हो गई। वही कुकड़ाझोर थाना में अब तक परिजनों द्वारा मारपीट का मामला दर्ज नहीं करवाया है।

# वयोवृद्ध आदिवासी किसान भटक रहा बैंक कृषि ऋण को लेकर बोरवेल सफल न होने के चलते कर्ज में डूब गया किसान

पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



वर्ष 2017 से कार्यालयों के चक्कर काटते हुए, परेशान होकर मई 2018 में आत्महत्या कर लेने के संबंध में आवेदन दे चुका वयोवृद्ध किसान, अब तक कोई निराकरण नहीं होने और इस वर्ष पुनः बैंक से ऋण वसूली का नोटिस मिलने के बाद से एक वयोवृद्ध आदिवासी किसान के द्वारा आत्महत्या कर लेने की बात कहने का मामला सामने आया है। उक्त वयोवृद्ध आदिवासी किसान की न शासन को, न ही प्रशासन को और न ही किसी भी राजनीतिक दल के नेताओं को कोई परवाह नही है। ज्ञात हो कि मामला जिले के तहसील फरसगांव अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत कबोंगा के मूल निवासी आदिवासी किसान दुवारु पिता स्व.मंगलु नेताम जाति गोंड का है। प्रकाश में आया यह पुराना, मगर नया मामला सिंचाई हेतु 50 प्रतिषत अनुदान पर खुदवाए गए नलकुप के असफल होने एवं लगभग 40 हजार रुपए राषि बैंक में अदा करने के बावजूद छ.ग.राज्य ग्रामीण बैंक द्वारा ली गई, मूल ऋण राषि से लगभग दुगूनी राषि लौटाने संबंधी नोटिस बार-बार जारी किए जाने से परेषान होकर ही एक आदिवासी वयोवृद्ध किसान दुवारु नेताम के द्वारा 29 मई 2018 को जनदर्शन में पहुंचकर कलेक्टर से आग्रह किया गया था। कि उसके द्वारा नलकूप खनन हेतु बैंक से ली गई अधिकतम ऋण राशि को वापस करने के बाद भी, उससे की जा रही वसुली से मुक्ति दिलाएं, अन्यथा वह आत्महत्या कर लेगा। लेकिन उक्त मामले में आज ढाई वर्ष बितने को है किसी भी अधिकारी के द्वारा कोई सकारात्मक कदम नहीं उठाया गया है, वहीं इस वर्ष पुनः उक्त किसान को कुल राशि 1लाख 84 हजार 752 रुपए तथा एकमुष्त समझौता राषि 74हजार 178 रुपए का नोटिस प्राप्त हुआ है, और नोटिस प्राप्त होने के बाद से ही परेशान उक्त किसान जिला मुख्यालय से लेकर यहां-वहां मदद् की गुहार लगाते भटकता नजर आने लगा है। गौरतलब बात यह है कि वर्ष 2017 में भाजपा सरकार के कार्यकाल में आवेदन देना शुरू किए और कांग्रेस की सरकार आते ही समस्या का समाधान नहीं होने पर आत्महत्या कर लेने का उल्लेख किए आवेदन प्रस्तुत करने वाले वयोवृद्ध आदिवासी किसान की समस्या का समाधान न जाने कब होगा?

# मनाया गया सशस्त्र सेना झण्डा दिवस

पायनियर संवाददाता ◄ जगदलपुर
www.dailypioneer.com



शहीद सैनिकों के सम्मान में आज जिले में सशस्त्र सेना झण्डा दिवस मनाया गया। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी विंग कमांडर जेपी पात्रो और भूतपूर्व सैनिकों ने आज कलेक्टर रजत बंसल को ध्वज प्रतीक लगाकर सशस्त्र झण्डा दिवस का शुभारंभ किया। उनके साथ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र कुमार मीणा, वन मण्डलाधिकारी सुस्टायलो मंडावी, जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी ऋचा प्रकाश चैधरी को भी ध्वज प्रतीक लगाया गया। कलेक्टर ने आम नागरिकों और अधिकारी-कर्मचारी से सशस्त्र झण्डा पर सहयोग आर्थिक सहयोग प्रदान करने की अपील की। उल्लेखनीय है कि सेना झण्डा दिवस में प्राप्त राशि का उपयोग युद्ध में शहीद हुए सैनिकों के परिवारों सेवारत सैनिकों तथा उनके परिवार के पुनर्वास पर खर्च किया जाता है। इस दिवस का उद्देश्य देश के पराक्रमी, वीर एवं शहीद सैनिकों का सम्मान करने के साथ बुजुर्गो का आदर करना तथा देश के आम नागरिकों तथा सशस्त्र बलों के मध्य स्थापित पारंपरिक रिश्तों को और मजबूत बनाना है। उल्लेखनीय है कि सशस्त्र सेना झण्डा दिवस सन 1949 से 7 दिसम्बर को सशस्त्र सेना झण्डा दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। इस दिन जल, थल तथा वायु सेना के योद्धाओं द्वारा सैन्य सेवा में दिए गए योगदान को स्मरण किया जाता है।

# आगे भी चलेगा टीकाकरण का महाअभियान

- समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर ने दोगुने उत्साह के साथ टीकाकरण के दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता ◄ जगदलपुर
www.dailypioneer.com



तीन दिनों तक चले कोरोना टीकाकरण के परिणामों को संतोषजनक बताते हुए कलेक्टर रजत बंसल ने शत-प्रतिशत टीकाकरण के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए आगे भी महा अभियान चलाने के निर्देश दिए। मंगलवार को कलेक्ट्रेट के प्रेरणा सभा कक्ष में आयोजित बैठक में कहा कि इस महा अभियान के दौरान पाई गई सभी कमियों को दुरुस्त करते हुए दोगुने उत्साह के साथ कार्य करें। उन्होंने बस्तर और बकावंड तहसील में महा अभियान के तहत किए गए टीकाकरण कार्य की सराहना की तथा अन्य विकासखण्डों के साथ ही जगदलपुर शहरी क्षेत्र में लोगों के टीकाकरण के लिए विशेष प्रयास के निर्देश दिए। उन्होंने बैठक में अनुपस्थिति रहने के कारण नगर निगम आयुक्त से स्पष्टीकरण भी मांगा। कलेक्टर ने कोरोना के नए वेरिएंट ओमीक्रॉन के मरीजों की देश में हुई पहचान को देखते हुए विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस वेरियंट के तेजी से होने वाले संक्रमण को देखते हुए विशेष सतर्कता बरते जाने की आवश्यकता है। वहीं विदेश यात्रा से आने वाले व्यक्ति के घर जाकर कोरोना जांच करने के साथ ही क्वारंटीन करने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने एयरपोर्ट में आने वाले सभी यात्रियों की कोरोना जांच सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए हैं। उन्होंने आईसोलेशन सेंटर में सभी तैयारियां रखने के साथ ही एंबुलेंस और वाहन चालकों को भी मुस्तैद रखने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने इस अवसर पर सेना भर्ती के लिए जिला प्रशासन के माध्यम से दिए जा रहे प्रशिक्षण की भी समीक्षा की और कहा कि सेना भर्ती के लिए पात्र अभ्यर्थियों को कड़ी प्रशिक्षण उपलब्ध कराने के साथ ही परीक्षा की तैयारी भी शुरु करें। उन्होंने बस्तर टाईगर्स की भर्ती के लिए योग्यता रखने वाले अभ्यर्थियों को भी परीक्षा की तैयारी करवाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने इस अवसर पर स्कूली विद्यार्थियों को दिए जाने वाले जाति प्रमाण पत्र के प्रगति की समीक्षा भी की। उन्होंने तोकापाल विकासखण्ड में किए जा रहे कार्य की सराहना करने के साथ ही अन्य विकासखण्डों में भी इस कार्य को तेजी से करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने गोधन न्याय योजना के तहत गोबर खरीदी, भुगतान तथा गोबर से खाद बनाने और उसके उठाव की प्रगति की समीक्षा करते हुए खरीदे गए गोबर से शीघ्र खाद तैयार करने के निर्देश देते हुए कहा कि गोबर खरीदी के कार्य में नुकसान की स्थिति में कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

# महिला एवं बाल विकास विभाग और बस्तर केयर फाउंडेशन बालिकाओं कर रही स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक



पायनियर संवाददाता ◄ जगदलपुर
www.dailypioneer.com

महिला बाल विकास विभाग और दी बस्तर केयर फाउंडेशन द्वारा बालिकाओं और महिलाओं को मासिक धर्म स्वस्छ्ता व स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने तोकापाल ब्लॉक में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसी कड़ी में 25 नवम्बर से 3 दिसंबर तक ग्राम टेकामेटा, धरमाऊर, पोटानार, देऊरगांव, टिकरी धनोरा, घाट धनोरा, घाट सरगी पाल, करंजी, तारागांव, सोनार पाल, तोतर, कोंडालूर, मरका पाल, सिंघनपुर और चोंडी मेटावाड़ा में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं और बालिकाओं को मासिक धर्म के दौरान स्वस्छ्ता रखने, पौष्टिक आहार लेने और सेनेटरी नेपकिन का इस्तेमाल के संबंध में जानकारी दी गई। साथ ही उन्हें निःशुल्क सेनेटरी नैपकिन का वितरण किया गया। साथ ही बालिकाओं को गुड टच और बैड टच के बारे में भी बताया गया। बाल विवाह के बारे में भी उन्हें जागरूक किया गया। इस अवसर पर स्कूली शिक्षिकाएं, महिला बाल विकास की सुपरवाइजर, एएनएम, स्टाफ नर्स, मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका आदि उपस्थित थे।


## कार्यालय कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग धमतरी जिला-धमतरी (छ.ग.)

फोन-07722-236704,(office) E-mail-ee.res.dhamtari@nic.in

### // जोनल निविदा आमंत्रण सूचना क्रं. 06//

क्रमांक/1598/निविदा/ग्रा.यां.से./21-22 धमतरी, दिनांक 04/12/2021

एकीकृत पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ग्रामीण यांत्रिकी सेवा उपसंभाग धमतरी एवं मगरलोड के लिये **लघु/जीर्णोद्धार कार्य भाग-1, 2, 3, 4** एवं 5 **अनुमानित लागत प्रत्येक 20.00 लाख रूपये** का जोनल निविदा आमंत्रित की जाती है।

उपरोक्त निविदा की समस्त शर्तें व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की सकती है तथा विभागीय वेबसाईट http://cg.nic.in/resworks में दिनांक 09.12.2021 से देखी/डाउनलोड की जा सकती है। निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि 24.12.2021 को शाम 5.30 तक है एवं निविदा दिनांक 27.12.2021 को खोली जावेगी।

**कार्यपालन अभियंता,**
**ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग धमतरी,**
**जिला-धमतरी (छ.ग.)**

G- 65678/4

# शिवरतन शर्मा ने चौपाल लगाकर कोराना टीका लगवाने प्रेरित किया

पायनियर संवाददाता < भाटापारा
www.dailypioneer.com



भाटापारा ब्लाक के ग्राम कैथी में भाटापारा विधायक उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा ने ग्राम के चौक में चौपाल लगा कर गांव के प्रत्येक व्यक्ति को कोराना टीका लगवाने के लिए प्रेरित किया। कोरोना के टीकाकरण के लिए 08 दिसंबर को बलौदाबाजार भाटापारा जिला प्रशासन की ओर एक विशेष अभियान चला कर घर घर जाकर टीका लगाने का कार्य किया जाना है। जिला कलेक्टर ने इस टीकाकरण अभियान के लिए ब्लाक के सभी जनप्रतिनिधियों से बैठक कर सहयोग की अपील किया था। इस टीकाकरण अभियान के लिए ग्राम कैथी जहाँ सबसे कम लोगों ने टीका लगवाया है को जागरुक कर टीका लगवाने के लिए प्रेरित करने की जिम्मेदारी विधायक शिवरतन शर्मा ने लिया था जिसके तहत वो गाँव में पहुंच कर लोगों को चौपाल में एकत्रित कर टीका लगवाने के लिए प्रेरित किया व गाँव के लोगों के मन में जो गलत भ्रांतियां कोरोना टीका को लेकर फैली हुई है उस भ्रम को दूर करते हुए समझाया कि सिर्फ हमारा भारत देश ही नही बल्कि पूरा विश्व कोराना महामारी से परेशान व प्रभावित है, इस महामारी के कारण पूरे विश्व में लाखों लोगों की मौत हो गई है।

इस महामारी से स्वय की रक्षा करने व अपने परिवार के रक्षा करने का एक ही विकल्प है और वो है कोरोना का टीका। ये हमारे लिए गर्व का विषय है कि ऐसे संकट की घडी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में देश के वैज्ञानिकों ने अपने ही देश में कोराना के टीके का निर्माण किया और देश की जनता को टीका लगाया गया, आज पूरे विश्व में सबसे जादा टीका लगाने वाला देश हमारा भारत देश ही है जहाँ 127 करोड लोगों को टीका लग चुका है। विधायक शिवरतन शर्मा ने गाँव वालों से अपील किया कि 08 दिसंबर को गाँव में शतप्रतिशत टीकाकरण के लिए गाँव के सभी लोग अपने सभी काम बंद कर स्वयं टीका लगवाए व अपने घर परिवार के लोगों को भी टीका लगवाएं। इस अवसर पर जिला मंत्री महाबल बघेल, मंडल महामंत्री पवन वर्मा, लेखराम, सरपंच कृष्णा बंजारे, ग्राम सचिव ब्रिज निषाद, पंच दीनदयाल पात्रे, सतीश मनहरे, गुहा राम बघेल, मेलु राम यादव, शत्रुघ्न मनहरे, जयंत लाल चेलक, विकास बंजारे, राम बिहारी, राम प्रसाद सहित बडी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे।

# रासेयो की वार्षिक बैठक आयोजित

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com





शासकीय दाऊ कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय बलौदाबाजार में सोमवार को राष्ट्रीय सेवा योजना का जिला स्तरीय एक दिवसीय कार्यशाला वार्षिक योजना बैठक आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पं.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर रासेयो कार्यक्रम सवन्वयक डॉ. नीता वाजपेयी एवं महाविद्यालय प्राचार्य डॉ.ए.के. उपाध्याय तथा बलौदाबाजार जिला संगठन देवान्द बोरकर थे। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ए.के. उपाध्याय ने बताया राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा बहुत ही सुन्दर कार्य सभी जगह नगर एवं ग्रामिण क्षेत्रों में किया जा रहा है। राष्ट्रीय सेवा योजना जिला सलाहकार संदीप पाण्डे द्वारा विशेष शिविर के माध्यम से रा.से.यो. में सहयोग देने वाले व्यक्तियों का सम्मान करने का सुझाव दिया गया। कार्यक्रम समन्व्यक डॉ. नीता वाजपेयी ने रा.से.यो. को भार नही सम्मान के रूप जीने को प्रेरित किये। कार्यक्रम अधिकारीयों को रविवार या अवकाश दिवस पर गातिविधि करने का सुझाव दिये। अपने कार्यक्रम अधिकारी के रूप में कार्य करने के अनुभव को सभी के समक्ष साझा किये तथा सभी कार्यक्रम अधिकारियों से पंजीयन की जानकारी लिया गया। बलौदाबाजार रा.से.यो. इकाईयों के कार्यो के सराहना अतिथियों द्वारा किया गया। जिला संगठन देवानन्द बोरकर द्वारा सभी कार्यक्रम अधिकारियों से वर्ष भर के कार्यो के बारे में जानकारी लिया गया। गतिविधि तथा शिविर को सुचारू रूप से संपन्न करने के लिए सुझाव दिये। कार्यक्रम का संचालन रमेश नेगी एवं नरेन्द्र देव मिर्झा द्वारा किया गया। आभार प्रर्दशन महिला महाविद्यालय की रा.से.यो. अधिकारी सुनिता त्यागी द्वारा किया गया।

# खम्हारपाली ने जीता शाही कप बगईजोर में हुआ कार्क बाल क्रिकेट प्रतियोगिता

पायनियर संवाददाता < सरायपाली
www.dailypioneer.com



ग्राम बगईजोर में आयोजित शाही कप कार्क बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल खम्हारपाली ने जीता। जंगलबेड़ा के साथ फाइनल मैच खेला गया जिसमें खम्हारपाली ने 41 रन से जीत दर्ज की। इस सीजन में अभी तक खम्हारपाली लगातार 2 टूर्नामेंट जीत चुकी है। प्रतियोगिता में कुल 24 टीमों ने भाग लिया था जिसका समापन 6 दिसंबर को हुआ। फाइनल मैच में श्रेष्ठ प्रदर्शन देने वाले खिलाड़ी उमेश साहू खम्हारपाली को मैंन आफ द मैच चुना गया। मैंन आफ द टूर्नामेंट का ईनाम 10 विकेट 68 रन बनाने वाले खम्हारपाली के कुणाल साहू को दिया गया। बेस्ट बल्लेबाज कमलेश जंगलबेड़ा, बेस्ट गेंदबाज कुणाल, कीपर शुभम खम्हारपाली, फील्डर दिनेश बगईजोर को दिया गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि फुलझर क्रिकेट संघ के अध्यक्ष धनुर्जय कश्यप ने किया। अध्यक्षता उपाध्यक्ष सतीश साहू बगईजोर ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में पीसीएस उपाध्यक्ष शैलेन्द्र साहू, सचिव सुनील साहू, सलाहकार मनोज नंद थे।

मुख्य अतिथि कश्यप ने सभी खिलाड़ियों को हमेशा खेल भावना एवं अनुशासन के साथ खेलने की सीख दी। प्रतियोगिता का उद्घाटन वरिष्ठ खिलाड़ी संदेश सिदार, आशीष शनिकर की उपस्थिति में हुआ था। समापन अवसर पर सत्यकुमार बारीक, उमाशंकर ध्रुव, गिरजाशंकर स्वर्णकार, नीलांचल पांडे मधुमंगल साहू,, मंजीत कन्हेर, अंपायर चेतनधर साहु, तुलाराम भोई सहित खिलाड़ी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# कायाकल्प-स्वच्छ अस्पताल योजना में बलौदाबाजार जिला अस्पताल राज्य में द्वितीय स्थान पर

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com







कायाकल्प स्वच्छ अस्पताल योजना अंतर्गत वर्ष 2020- 21 हेतु जिला अस्पताल बलौदा बाजार को प्रदेश में द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ है। इस हेतु अस्पताल को 20 लाख रुपए की प्रोत्साहन राशि भी प्रदान की जाएगी। जिला अस्पताल का स्कोर 88.6 प्रतिशत रहा। यह जानकारी देते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. खेमराज सोनवानी ने बताया कि कायाकल्प शासन की एक महत्वपूर्ण व्यवस्था है। जिसके माध्यम से अस्पतालों में मुख्य रूप से 5 बिंदुओं पर कार्य कर सुधार का प्रयास किया जाता है। उक्त वर्ष का मूल्यांकन दुर्ग से आई टीम ने किया था। जिला अस्पताल के अतिरिक्त सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कसडोल जो राज्य में 21 वें स्थान पर है,को 1 लाख का सांत्वना पुरस्कार, जबकि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की श्रृंखला में बिलाईगढ़ के गोपालपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को 2 लाख का पुरस्कार प्राप्त हुआ है। इसी प्रकार कटगी, मोपका, सोनाखान के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को 50-50 हजार का सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया है। वेलनेस केंद्रों में बया ,कोसमंदा को भी 25-25 हजार का सांत्वना पुरस्कार प्राप्त हुआ है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ खेमराज सोनवानी ने कहा कि सोनाखान एवं बया जिले के दूरवर्ती क्षेत्रों में स्थित स्वास्थ्य केंद्र हैं। ऐसे में इन केंद्रों की यह उपलब्धि हर्ष का विषय है। इससे आम जनता को भी आगे अस्पताल में अच्छी सुविधा प्राप्त होने की आशा है। द्वितीय पुरस्कार प्राप्त करने के पश्चात जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ राजेश कुमार अवस्थी ने संतोष जताते हुए यह कहा कि इस वर्ष और अच्छा प्रयास करके प्रथम स्थान पाने का प्रयत्न किया जावेगा। गौरतलब है कि कायाकल्प के तहत शासकीय अस्पतालों का स्वच्छता एवं गुणवत्ता के लगभग अट्ठारह बिंदुओं के मापदंड पर मूल्यांकन किया जाता है। इसमें जिला अस्पताल ,सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ,प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ,एवं हेल्थ एवं वैलनेस सेंटर स्तर पर स्वच्छता व्यवस्था ,किए गए कार्यों का रिकार्ड संधारण, जैव अपशिष्टों का प्रबंधन, इको फ्रेंडली वातावरण के साथ-साथ मरीजों के सुविधाओं के प्रति संतुष्टिकरण का मूल्यांकन जिले एवं राज्य स्तर पर होता है। मूल्यांकन हेतु 200 बिंदु निर्धारित हैं तथा संस्थाओं को उनके आधार पर अंक प्रदान किए जाते हैं।जिला कलेक्टर सुनील कुमार जैन एवं सी एम एच ओ ने उक्त उपलब्धि पर समस्त अस्पताल स्टाफ को बधाई दी है।

# महिलाओं एवं गोठान अध्यक्ष को कृषि कार्य सामग्री वितरण किया गया



**भाटापारा।** भाटापारा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत गोढ़ी में जिला पंचायत उपाध्यक्ष सरिता सत्यनारायण ठाकुर के द्वारा गोठांन की महिला समूह की महिलाओं एव गोठान अध्यक्ष को कृषि कार्य हेतु सामग्री वितरण किया गया। जिसमें 2 नग पंखा, 6 नग दवाई छिड़काव मशीन, रापा, कुदारी, घमेला एव कृषि कार्य की सारी सामग्री दिया गया। जिसमें उपस्थित रहे जिला कांग्रेस सचिव ममता ठाकुर, सरपंच गौरी सुरेन्द्र वैष्णव, ग्रामीण कांग्रेस उपाध्यक्ष सुरेन्द्र वैष्णव, युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष नरेंद्र ब्रह्मणक, युवा नेता दुर्गा प्रसाद यादव, गौठान अध्यक्ष चोलाराम सेन, दुर्गेश वर्मा, महिला समूह दिलकुमारी यादव, बैशाखिन्न बाई निषाद, रजनी बाई निषाद, हरिकिशन रहे।

# पुरानी पेंशन की मांग को लेकर सौंपा गया ज्ञापन

पायनियर संवाददाता < तिल्दा नेवरा
www.dailypioneer.com




प्रदेश शिक्षक कल्याण संघ इकाई तिल्दा के द्वारा विकास खंड शिक्षा अधिकारी बी. एल. देवांगन एवं तहसीलदार सरिता मढ़रिया तिल्दा नेवरा को मुख्य मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में मुख्यमंत्री से मांग की गई है कि वर्ष 1998-99 से कार्यरत शिक्षा कर्मी 1,2,3 की भर्ती स्कूल शिक्षा विभाग में शासकीय विद्यालयों मे क्रमशः ब्याख्याता/ शिक्षक/ सहायक शिक्षक के स्वीकृत एवं रिक्त पदों के विरुद्ध की गई थी! वर्तमान में छत्तीसगढ़ राज्य मे हमारी कुल संख्या 14000 (चौदह हजार) के आस-पास है! हमारी सेवा नियमिति करण के पश्चात वर्त्तमान मे भी शिक्षा विभाग मे निरंतर जारी है । एक ही विभाग मे लगातार 23-24 वर्षो से कार्य करने के बाद भी सेवानिवृत्ति हुए शिक्षकों को मात्र 1000/- से 1500/- की पेंशन प्राप्त हों रही है! इस अल्प राशि में जीवन यापन बहुत मुश्किल हो गया है जबकि हमारे पास जमा पूंजी नहीं के सामान है। अतः संवेदनशील मुख्यमंत्री माटी पुत्र से आग्रह है कि हमारी मांगों पर सहानुभूति पूर्वक विचार करने का आसीम कृपा करेंगे एवं पुरानी पेंशन वर्ष 1998-99 के लिए लागू कर हमारे बुढ़ापे को सुरक्षित करने की कृपा करेंगे। ज्ञापन सौंपने वालों में अध्यक्ष कल्याणी वर्मा, लीलावती वर्मा, अनामिका नायक, गोपाल प्रसाद वर्मा, मदनलाल वर्मा, विजय ध्रुव, अश्वनी वर्मा, प्रियेश तिवारी आदि शामिल रहे!

# ठेका मजदूरों को पांच माह से नहीं मिला वेतन, कलेक्टर ने ठेकेदार के विरूद्ध कार्रवाई करने दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com




कलेक्टर सुनील कुमार जैन ने साप्ताहिक जन-चौपाल में बड़ी संख्या में दूर-दराज से आये ग्रामीणों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने गंभीर किस्म की कुछ समस्याओं को समीक्षा के लिए साप्ताहिक टीएल में रखकर अफसरों को समय-सीमा में समाधान के निर्देश दिए हैं। जन-चौपाल में आज 40 से ज्यादा प्रकरणों की सुनवाई हुई। कलेक्टर ने बिजली विभाग में कार्यरत श्रमिकों को विगत पांच महीने से वेतन नहीं मिलने की सूचना को गंभीरता से लेते हुए ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश बिजली विभाग को दिये हैं। जिला पंचायत सीईओ डॉ.फरिहा आलम सिद्धिकी एवं अपर कलेक्टर राजेन्द्र गुप्ता ने भी लोगों की समस्याएं सुनकर निदान किया। जन-चौपाल में सिमगा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत परसवानी की सरपंच कुसुम डहरे ने अल्ट्राटेक सीमेन्ट कम्पनी हिरमी पर बिना पंचायत की अनुमति के खदान संचालित करने का आरोप लगाया। उन्होंने लाईन 2 माईन्स के लिए पंचायत से एनओसी नहीं ली है। कलेक्टर ने उद्योग विभाग के महाप्रबंधक को इसकी जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिये हैं। बिलाईगढ़ के गोविन्दवन निवासी शंकरलाल डडसेना ने अपने घर में संचालित कन्या छात्रावास का लंबित किराया दिलाने की मांग की। उन्होंने बताया कि विगत लगभग 2 साल से किराया नहीं मिला है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास को जल्द भुगतान कर सूचित करने को कहा है। ग्राम खैंदा (डमरू) विकासखण्ड बलौदाबाजार के शासकीय खेल मैदान पर कुछ लोगों ने अवैध कब्जा कर लिया है। कलेक्टर ने एसडीएम को अतिक्रमण की कार्रवाई करने को कहा है।

# सभापति कविता कुमलेश देवांगन ने मितानिन दीदी और कार्यकर्ता को सम्मानिक्त किया

**भाटापारा।** ग्राम पंचायत जरौद में मितानिनों और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के



सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि जिला पंचायत के सभापति कविता कुमलेश देवांगन के द्वारा मितानिन दीदी और कार्यकर्ता को श्रीफल और साड़ी भेट कर सम्मान किया गया। और सभी से 8 दिसंबर को होने वाले टीकाकरण महाअभियान को सफल बनाने के लिए गांव वालो को प्रेरित किया। सभापति के द्वारा उनके द्वारा किए जाने वाले सभी कार्यों की सराहना भी किया गया। उक्त अवसर पर अतिथि के रूप में इंजिनियर केके देवांगन, गांव की सरपंच किरण रोशन वर्मा, रामखिलावान शर्मा, नंदू यदु, मन्नूलाल निसाद्य, शवंत यदु, बसंत कोशले, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन एवं ग्रामवाशी उपस्थित रहे।

## कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग, रायपुर संभाग क्रं.-1, रायपुर

// मैन्युअल पद्धति प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना //

ज्ञाप क्रमांक 9518/टी.सी./21-22/ रायपुर, दिनांक 02/12/2021

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत ''ई'' श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से **मुख्यमंत्री सुगम सड़क योजना** के अन्तर्गत **उपसंभाग क्र.-1 रायपुर के विभिन्न पहुंच मार्ग के अन्तर्गत सीमेन्ट कांक्रीट रोड के निर्माण कार्यों (विकासखण्ड-धरसींवा)** हेतु प्रमुख अभियंता, लो.नि.वि. रायपुर द्वारा, जारी सड़क एस.ओ.आर. दिनांक 01.01.2015 तथा निविदा तिथि तक जारी संशोधन के अन्तर्गत मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है-

**निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की तिथि- 23/12/2021 अपरान्ह 5.30 बजे तक**
**ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि - 28/12/2021 अपरान्ह 5.30 बजे तक**
**निविदा खोलने की तिथि - 29/12/2021 अपरान्ह 5.30 बजे तक**

| सरल क्र. एन.आई.टी. नं. | कार्य का विवरण | अमानत राशि (लाखों में) | अमानत राशि | कार्य पूर्ण करने का समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 34 | Approach at Devpuri Shamshan Ghat Road.**(Part-1)** | **15.60** | 11700/- | 03 Month |
| 2 34 | Approach at Devpuri Shamshan Ghat Road.**(Part-2)** | **15.60** | 11700/- | 03 Month |
| 3 34 | Approach at Devpuri Shamshan Ghat Road.**(Part-3)** | **15.60** | 11700/- | 03 Month |
| 4 34 | Approach at Boriyakala Shamshan Ghat Road.**(Part-1)** | **19.46** | 14600/- | 04 Month |
| 5 34 | Approach at Boriyakala Shamshan Ghat Road.**(Part-2)** | **19.46** | 14600/- | 04 Month |
| 6 34 | Approach at Devpuri Shamshan Ghat Road.**(Part-4)** | **15.60** | 11700/- | 03 Month |
| 7 34 | Approach at Devpuri Shamshan Ghat Road.**(Part-5)** | **15.60** | 11700/- | 03 Month |
| 8 34 | Approach at Dhaneli Shamshan Ghat Road.**(Part-1)** | **19.05** | 14290/- | 04 Month |
| 9 34 | Approach at Dhaneli Shamshan Ghat Road.**(Part-2)** | **19.05** | 14290/- | 04 Month |
| 10 34 | Approach at Vardhman Nagar Shamshan Ghat Road. **(Part-1)** | **18.28** | 13710/- | 04 Month |
| 11 34 | Approach at Vardhman Nagar Shamshan Ghat Road. **(Part-2)** | **18.28** | 13710/- | 04 Month |
| 12 34 | Approach at Vardhman Nagar Shamshan Ghat Road. **(Part-3)** | **18.28** | 13710/- | 04 Month |
| 13 34 | Approach at Labhandi Shamshan Ghat Road. | **19.80** | 14850/- | 04 Month |
| 14 34 | Approach at Fundar Shamshan Ghat Road. | **15.60** | 11700/- | 03 Month |

**टीप** - निविदा से संबंधित अन्य जानकारी कार्यालयीन समय में प्राप्त की जा सकती है।
उक्त ज्ञापन में आचार संहिता का उल्लंघन नहीं किया गया है।

**कार्यपालन अभियंता**
**लोक निर्माण विभाग संभाग क्र.-1, रायपुर**

**G- 65658/5**

## आज कोविड टीकाकरण महाअभियान

# हर घर दस्तक अभियान के लिए जिले में 549 बूथ निर्मित

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com





कोविड टीकाकरण महाअभियान
08 दिसम्बर 2021 की जानकारी

| S. No. | Block Name | Vaccine Carear Avilabel | Vaccination Card allotment | No. of Booths | AEFI Kit | Duty Order Vaccinator & Monitoring Team |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Bilaigarh Block | 102 | 30000 | 102 | 102 | Yes |
| 2 | Kasdol Block | 140 | 30000 | 120 | 130 | Yes |
| 3 | Pallari Block | 150 | 30000 | 74 | 100 | Yes |
| 4 | Balodabazar Block | 157 | 30000 | 100 | 100 | Yes |
| 5 | simga Block | 119 | 30000 | 72 | 100 | Yes |
| 6 | Bhatapara Block | 95 | 30000 | 81 | 85 | Yes |
| | Total | 763 | 180000 | 549 | 617 | |

हर घर दस्तक टीकाकरण महाअभियान की तैयारी पूर्ण कर ली गई है। यह अभियान जिले में 8 दिसम्बर को स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से आयोजित किया गया है। कलेक्टर सुनील कुमार जैन ने आज यहां आयोजित बैठक में ग्राम स्तर से लेकर जिला स्तरीय तैयारियों की समीक्षा कर रणनीति को अंतिम स्वरूप प्रदान किया। उल्लेखनीय है कि अभियान के अंतर्गत एक ही दिन में 1 लाख टीके लगाने का लक्ष्य रखा गया है। कलेक्टर ने कहा कि आम जनता, समाज एवं जनप्रतिनिधियों में अभियान को लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ खेमराज सोनवानी ने बताया कि जिले को प्रति विकासखंड 30-30 हजार के हिसाब से 1 लाख 80 हजार वैक्सीन कार्ड आवंटित कर दिया गया।

इसके साथ ही वैक्सिन को ग्राम स्तर तक पहुंचाने के लिए कुल 763 वैक्सीन कैरियर उपलब्ध हैं । इनमें से बिलाईगढ़ को 102, कसडोल में 140, पलारी में 150, बलौदा बाजार में 157, सिमगा में 119 तथा भाटापारा में 95 वैक्सीन कैरियर नियुक्त किये गय हैं । साथ ही इस महा अभियान को सफल बनाने के लिए जिले में 549 बूथ निर्माण किए गए हैं, जिसमें बिलाईगढ़ में 102, कसडोल में 120, पलारी में 74, बलौदा बाजार में 100, सिमगा में 72 भाटापारा में 81 बूथ शामिल हैं। इसी कड़ी में उक्त विकासखण्डों में ए ई एफ आई किट की मात्रा क्रमशः 102, 130, 100, 100, 100, 85 उपलब्ध है । बूथ पर स्वास्थ्य विभाग की ओर से महिला एवं पुरुष ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक,सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी एवं स्टाफ नर्स की भी ड्यूटी लगा दी गई है। इसके अतिरिक्त मितानिनों ,द्वारा नारा लेखन,रैली द्वारा भी लोगों को जागरूक कर से टीका लगवाने की अपील की जा रही है।

# छत्तीसगढ़ वन कर्मचारी संघ जिलाध्यक्ष नंद कुमार बघेल एवं जिला सचिव मनोज बघेल बने

**लवन।** छत्तीसगढ़ वन कर्मचारी संघ का शपथ समारोह कार्य म राजनांदगांव जिला में आयोजन हुआ जिसमें मुख्य अतिथि वन विभाग के प्रमुख राकेश चतुर्वेदी (प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन दल प्रमुख) रहे। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के सम्पूर्ण जिले में नवनिर्वाचित अध्यक्ष, सचिव एवं अन्य को चतुर्वेदी पद एवं गोपनीयता के साथ- साथ संघ के प्रति सत्यनिष्ठा और कर्तव्यनिष्ठा रहने का शपथ दिलाया और प्रमाण पत्र प्रदान किया।इसी तारतम्य जिला बलौदाबाजार भाटापारा में सर्वसम्मति छत्तीसगढ़ वन कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष नंद कुमार बघेल एवं जिलासचिव मनोज बघेल बने। नवनिर्वाचित होने पर जिलासंघ संरक्षक रतन लाल डडसेना पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश वर्मा, कोषाध्यक्ष गिरीश चन्द्र सेन, सहसचिव ललित वर्मा एवं वन विभाग के अन्य कर्मचारीयों ने बधाई एवं शुभकामनायें दिये। नवनिर्वाचित होने पर संघ में हर्षोल्लास का माहौल रहा। चर्चा के दौरान नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष नंद कुमार बघेल व जिलासचिव ने बताया कि भविष्य में जिलासंघ के कर्मचारीयों में किसी भी प्रकार के समस्या आती है तो यथासंभव प्रयास रहेगा की समस्या का निराकरण हो एवं हमेशा सहयोग किया जायेगा।

# छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक फेडरेशन वेतन विसंगति को लेकर 11 से करेंगे अनिश्चितकालीन आंदोलन - तिवारी

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक फे डरेशन के प्रदेश पदाधिकारियों, जिला अध्यक्ष , ब्लाक अध्यक्षों की बैठक 5 दिसंबर को रायपुर के पुराना कलेक्टोरेट गार्डन में रखा गया, उक्त बैठक की अध्यक्षता फे डरेशन के प्रदेश अध्यक्ष मनीष मिश्रा ने किया। उपस्थित सभी पदाधिकारियों ने अपना विचार रखा। प्रदेश के मुख्यमंत्री के द्वारा विगत 4 सितंबर को फे डरेशन के डेलीगेशन टीम को आश्वस्त किया गया था कि सहायक शिक्षकों की वेतन विसंगति 3 माह में समाप्त कर दिया जाएगा। लेकिन 3 माह का समय निकल जाने के बाद भी वेतन विसंगति के लिए गठित कमेटी ने अपनी रिपोर्ट मुख्यमंत्री को नहीं सौंपा गया।ना ही प्रदेश के मुख्यमंत्री के द्वारा सहायक शिक्षकों की वेतन विसंगति को दूर किया गया। सहायक शिक्षक अपनी एक सूत्रीय मांग वेतन विसंगति को दूर करने के लिए अब आंदोलन का सहारा ले रहे हैं, बैठक में सर्वसम्मति से से प्रस्ताव पारित किया गया कि 11 और 12 दिसंबर को प्रदेश के समस्त 146 विकास खंडों में धरना दिया जाएगा उसके बाद 13 दिसंबर को रायपुर में विधानसभा का घेराव किया जाएगा। फिर 14 दिसंबर से प्रदेश के राजधानी रायपुर में अनिश्चितकालीन आंदोलन किया जाएगा और जब तक सहायक शिक्षकों की वेतन विसंगति दूर नहीं होगी तब तक सहायक शिक्षकों का आंदोलन जारी रहेगा।

प्रदेश महासचिव चंद्र प्रकाश तिवारी, कौशल अवस्थी, प्रेमलता शर्मा, रविप्रकाश लोहसिंग ने बताया कि प्रदेश में कार्यरत सभी सहायक शिक्षक अपनी एक सूत्रीय मांग को पूरा कराने के लिए आंदोलन के लिए तैयार हैं। सक्ती जिला के सभी विकास खंडों में आंदोलन को सफल बनाने के लिए इंदु यादव प्रदेश संयुक्त सचिव, बिहारी लाल बरेठ प्रदेश कार्य. सदस्य, अलेख सारथी, राधेश्याम चंद्रा जिला संयोजक, भोलाशंकर साहू जिला अध्यक्ष, शशि कला उरांव जिला अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ , परस राम निषाद कार्यकारी जिला अध्यक्ष, रविन्द्र मिश्रा, उदय सिंह सिदार, जय प्रकाश बघेल, दीलिप सूर्यवंशी, नवल किशोर यादव, राजकुमार चंद्रा, कुमार जीव खटर्जी सभी ब्लाक अध्यक्ष, रामेश्वर प्रसाद आदित्य जिला सचिव, बंशी लाल उरांव जिला कोषाध्यक्ष, ब्लाक अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ जैजैपुर संयोगिता रात्रे, मालखरौदा अहिल्या जगत, सक्ती दिब्या शुक्ला, डभरा सविता श्रीवास जिला पदाधिकारी रजनी सिदार, गिरिजा शंकर दिनेश, ओंकार पटेल, लक्ष्मी यादव, अमित पटेल, शशिकांत राउतराय, धनेश्वर साहू, खिलावन कवंर, नरेंद्र सिदार, सोहनपाल नेताम, भूषण बरेठ,चरन सिंह, अनील बसंत, सुरेंद्र मिरी, नरेश पटेल, महेंद्र कुर्रे, महिला प्रकोष्ठ जिला सचिव सुलक्षणा सिंह, जिला कोषाध्यक्ष हेम नेताम, जिला महासचिव उर्वशी पाटले, संगठन सचिव रत्ना साहू, माला सिदार, अंजनी कुशराम, दिनेश कुमार गोंड़, मधुसूदन कांस्यकार, जिला आई टी प्रमुख अजय सिंह सिदार आदि सक्रिय हैं। उक्त जानकारी छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक फेडरेशन के प्रदेश महासचिव चंद्र प्रकाश तिवारी ने दिया।

# नगर पालिका क्षेत्र में भी चला कोविड-19 टीकाकरण का महा अभियान

■ **शहर के 4 स्थानों पर विशेष टीकाकरण शिविर लगाकर घर-घर भी लगाया गया टीकाकरण**

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com



नगर पालिका क्षेत्र शक्ति में 7 दिसंबर को कोविड-19 टीकाकरण का विशेष महा अभियान चलाया गया इस दौरान शहर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, जवाहरलाल नेहरू महाविद्यालय, नाका चौक स्थित विद्युत मंडल कार्यालय एवं वार्ड क्रमांक 2 कसेर पारा स्थित उप स्वास्थ्य केंद्र में विशेष शिविर लगाकर लोगों को टीकाकरण किया गया।

इस टीकाकरण शिविर में प्रथम एवं द्वितीय डोज वालों का भी काफी संख्या में टीकाकरण किया गया साथ ही शहर के वार्ड क्रमांक 4 सहित अनेकों स्थानों पर घर घर जाकर भी लोगों को टीका लगाया गया ऐवं टीका के प्रति जागरूक किया गया इस कार्य में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शक्ति, नगर पालिका शक्ति, स्थानीय प्रशासन शक्ति, जनप्रतिनिधि गण विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि सहित अन्य लोगों ने अपना योगदान दिया तो वहीं शहर में कोविड-19 टीकाकरण के इस विशेष महाअभियान को लेकर लोगों में भारी उत्साह देखा गया तथा कोविड-19 महामारी के बाद शहर में हुए इस टीकाकरण शिविर में ऐसे अनेकों लोग मौजूद थे जिन्होंने पहला टीकाकरण नहीं करवाया था तथा जिन लोगों ने पहला टीकाकरण करवा लिया था उन्होंने दूसरी डोज इस शिविर के माध्यम से लगवाई तथा स्वास्थ्य विभाग एवं नगर पालिका प्रशासन द्वारा लोगों को टीकाकरण के प्रति जागरूक करते हुए कहा गया कि आप अन्य लोगों को भी टीकाकरण के लिए प्रोत्साहित करें।

# डिजिटल विद्यालय में मनाया गया डा. अंबेडकर का महापरिनिर्वाण दिवस



**सक्ती।** भारत के प्रथम कानून मंत्री डा. अंबेडकर का महापरिनिर्वाण दिवस आज 6 दिसंबर सोमवार को डिजिटल विद्यालय पूर्व माध्य.शाला नवापारा (अमोदा) में मनाया गया। इस अवसर पर शिक्षकों व विद्यार्थियों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है। इस संबंध में नवाचारी शिक्षक राजेश कुमार सूर्यवंशी ने विद्यार्थियों को बताया कि भारतीय संविधान के मुख्य शिल्पकार डा. भीमराव रामजी अंबेडकर की आज 65 वीं पुण्यतिथि है। उनका निधन वर्ष 1956 में 6 दिसंबर के दिन हुआ था। वे भारती बहुज्ञ, विधिवेता, अर्थशास्त्री, राजनीतिज्ञ और समाजसुधारक के रूप में जाने जाते थे। बाबा साहेब अंबेडकर ने बौद्ध आंदोलन को प्रेरित किया था साथ ही अछूतों से सामाजिक भेदभाव के विरोध में बड़े अभियान की भी शुरुआत की थी। श्रमिकों से लेकर किसान और महिलाओं के अधिकार के वो लड़े भी थे और उनका जमकर समर्थन भी किया था। आंबेडकर ने अपना पूरा जीवन जातिवाद को खत्म करने, गरीबों, दलितों और पिछड़े वर्गों के लिए अर्पित किया था। उनकी पुण्यतिथि को महापरिनिर्वाण दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस मौके पर प्रधान पाठक भानूप्रताप महाराणा, शिक्षक कन्हैया लाल मरावी, राजेश कुमार सूर्यवंशी सहित विद्यार्थियों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

# सामाजिक असमानता को दूर करने में बाबा साहब की भूमिका रही अहम - त्रिलोकचंद जायसवाल

■ **बाबा साहब के निर्वाण दिवस पर कांग्रेसियों ने किया नाका चौक में नमन**

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com



बाबा साहब अंबेडकर का जीवन देश के लिए समर्पित रहा है वह संविधान की रचना में सामाजिक असमानता दूर करने में और लोकतंत्र की स्थापना के लिए उनकी भूमिका को सदैव याद किया जायेगा।

उक्त विचार बाबा साहब अंबेडकर के महानिर्वाण दिवस 6 दिसंबर के अवसर पर नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष त्रिलोक चंद जायसवाल ने कही श्री जायसवाल ने कहा कि बाबा साहब ने संविधान निर्माण के समय सब का ख्याल रखते हुए संविधान का निर्माण किया है ताकि पूरा देश में लोकतंत्र की स्थापना हो सके तथा दबे कुचले लोगों को न्याय मिल सके पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष श्याम सुंदर अग्रवाल ने कहा कि आज हम देश में अमन शांति है तो बाबा साहब के बताए हुए रास्ते पर चलकर हम देश को आगे ले जा रहे हैं, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता गिरधर जायसवाल ने कहा कि हम सब जिस कानून से शासित हैं वह कानून बाबा साहब के नेतृत्व में संविधान समिति हमें जो तैयार किया था उस समिति के अध्यक्ष से स्वतंत्र भारत के पहले विधि मंत्री के रूप में उन्हें हमेशा याद किया जाएगा महिला कांग्रेस अध्यक्ष गीता देवांगन ने कहा कि बाबा साहब हमेशा उपेक्षित एवं असहाय लोगों को समाज की मुख्यधारा में जोड़ने का काम किया है इस अवसर पर वार्ड नंबर 17 बिजली स्टेशन चौक मैं विस्थापित बाबा भीमराव अंबेडकर की आदम कद मूर्ति पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया पिंटू ठाकुर एल्डरमैन सुखमत डेनसेल जाहिर खान सुरेश डेंसिल पार्षद रिकी सेवक सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रही।

# श्री रामहर्षण कुंज में सीताराम विवाहोत्सव 8 दिसम्बर को

पायनियर संवाददाता ◄ थानखम्हरिया
www.dailypioneer.com



श्री रामहर्षण कुंज साजा में श्री सीताराम विवाहोत्सव का दो दिवसीय आयोजन 7 दिसंबर से प्रारंभ होगा। शाम 5 बजे गौरा पूजन होगा तथा 6 बजे हल्दी लेपन होगा।

अगहन सुदी पंचमी को श्री सीताराम विवाहोत्सव का आयोजन देश के अनेक स्थानों में हर्षोल्लास के साथ किया जाता है तद्नुसार श्री रामहर्षण कुंज साजा में भी जानकी जीवन लाल जू का विवाहोत्सव ( समैया ) 7 और 8 दिसंबर को मनाया जायेगा। 7 दिसंबर को शाम 5 बजे गौरा पूजन, शाम 6 बजे हल्दी लेपन का कार्यक्रम होगा। 8 दिसंबर को दोपहर 3 बजे बारात निकलेगी, शाम 6 बजे बारात की आगवानी होगी पश्चात् भॉवरी फि र भण्डारा का कार्यक्रम होगा। श्री रामहर्षण सेवा संस्थान के संयोजन में तैयारी पूर्ण कर ली गयी है। महंत श्री वैष्णवदास जी ने बताया कि बसंत पंचमी पर्व के समय मंदिर का पाटोत्सव तथा श्री सीताराम विवाहोत्सव मंदिर की स्थापना के समय से ही धूमधाम से मनाया जा रहा है। अगहन सुदी पंचमी को भी इस आयोजन का यह तीसरा वर्ष है। आयोजन में अनेक संतों, महंतों ने आने की सहमति प्रदान की है।

# भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना एवं रुद्राभिषेक

■ **जीवन के व्यस्त समय में से समय निकालकर हमें करनी चाहिए भगवान की पूजा अर्चना- पंडित भोला शंकर तिवारी**

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com





छत्तीसगढ़ स्कूल शिक्षा विभाग शक्ति में पदस्थ एवं अंचल के सुप्रसिद्ध पंडित, भागवत कथा आचार्य पंडित भोला शंकर तिवारी के निवास पर 6 दिसंबर को भगवान शिव जी का रुद्राभिषेक एवं पूजा अर्चना का कार्यक्रम विधि विधान पूर्वक संपन्न हुआ, इस दौरान सुबह से ही तिवारी परिवार के सदस्यों सहित आसपास के शिव भक्तों ने इस पूजा- अर्चना कार्यक्रम में शामिल होकर रुद्राभिषेक किया, तो वही पंडितों की टोली ने भी पंडित भोला शंकर तिवारी के निवास पर आयोजित इस रुद्राभिषेक कार्यक्रम को मंत्रोच्चार के साथ संपन्न कराया, इस अवसर पर तिवारी परिवार के पंडित भोला शंकर तिवारी, कृष्ण कुमार तिवारी सहित महिलाएं एवं अन्य सदस्य मौजूद रहे।

ज्ञात हो कि पंडित भोला शंकर तिवारी द्वारा प्रतिवर्ष अपने निवास पर भगवान शिव जी का रुद्राभिषेक एवं पूजा अर्चना का कार्यक्रम करवाया जाता है, तथा 6 दिसंबर को हुए इस आयोजन में जहां दोपहर समय भंडारा- प्रसाद का भी आयोजन किया गया, तो वहीं देर शाम तिवारी निवास में भगवान भोलेनाथ के भजनों की प्रस्तुति भी दी गई, जिसमें क्षेत्र के प्रसिद्ध जस गीत गायक संतोष दास महंत एंड ग्रुप ने बाबा भोलेनाथ सहित भजनों की सुंदर प्रस्तुति देकर पूरे वातावरण को भक्तिमय कर दिया। कड़कड़ाती ठंड के बावजूद देर रात तक तिवारी निवास में आयोजित इस भजन संध्या कार्यक्रम का आनंद लेने डटे रहे तो वही तिवारी निवास में आयोजित इस बाबा भोलेनाथ की रुद्राभिषेक एवं पूजा अर्चना कार्यक्रम को लेकर भी पूरे मोहल्ले में भारी उत्साह रहा, पंडित भोला शंकर तिवारी ने इस अवसर पर कहा कि बाबा भोलेनाथ की भक्ति हम सभी को करनी चाहिए तथा शिव जी के रुद्राभिषेक के माध्यम से जहां हम सभी शिवजी की आराधना करते हैं, तो वही पूजा पाठ के माध्यम से मन को भी शांति मिलती है, एवं हम सभी इस माध्यम से अपने परिवार तथा क्षेत्र की भी खुशहाली, सुख, समृद्धि एवं शांति की कामना प्रभु से करते हैं।पंडित भोला शंकर तिवारी के अनुसार मनुष्य को अपने व्यस्त समय में से समय निकालकर भगवान की पूजा अर्चना एवं आराधना अवश्य करनी चाहिए तथा बाबा भोलेनाथ की पूजा-अर्चना का विशेष महत्व होता है, तथा श्रावण मास में लोग बाबा भोलेनाथ की आराधना करते हैं तो वहीं रुद्राभिषेक एवं जलाभिषेक के माध्यम से भी बाबा भोलेनाथ को प्रसन्न किया जाता है।

# जाजंग में कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com



आज़ाद दल कबड्डी संग जाजंग के तत्वावधान में आयोजित बालक कबड्डी प्रतियोगिता फ इनल ग्राम पंचायत जाजंग सक्ती विधान सभा में समापन में मुख्य अतिथि के रूप में धर्मेंद्र सिंह और विशिष्ट अतिथि पंडित देवेंद्रनाथ अग्निहोत्री, शारदा जितेंद्र चौहान जनपद सदस्य जाजंग कार्यक्रम के अध्यक्षता बसंत गबेल व रमशिला कन्हैया गबेल उपस्थित थे, उपाध्यक्ष चमार सिंह पटेल, एवं धर्मेंद्र सिंह ने कहा की खेल के मैदान में साहस, धैर्य और शांति से चलते खेलना चाहिए।

कभी कभी खेल में ऐसे पासा पलट है कि हारी हुई बाज़ी भी जीत जाते है और जीते हुए बाज़ी भी हार जाते है। वैसे जीवन मे हमे लगता है कि जीत रहे पर ऐसा मोड़ आता है कि काम मुश्किल हो जाता है पर उस समय धैर्य से काम लेना चाहिए और सफलता फिर मिलती है। देवेंद्रनाथ अग्निहोत्री ने कहा कबड्डी खेल जाजंग ग्राम वासियों का प्रिय खेल रहा है और इसमें कई खिलाड़ी आज बड़े बड़े जगह में है, 40 टीम प्रतिभागी रहे जिसमे प्रथम डिग्री कॉलेज रायगढ़ रहे और 20000व शील्ड का प्रथम पुरस्कार जीता। द्वितीय विजेता बिलासपुर जिसने 15000 जीत व शील्ड। तीसरा विजेता जाजंग जिसने 10000 व शील्ड जीता और चतुर्थ विजेता इन टी पी सी सीपत जिसने 5000 व शील्ड जीत हासिल की, कार्यक्रम के सफल संचालक मोहन पटेल विशेष सलाहकार तिलेश सिदार, राकेश सिदार , मनमोहन सिदार। ग्राम के गौटिया पुन्नी गबेल। मदन सिदार, रति सिदार, संतोष मेहरा, तुलसी पटेल, बुधवार सिंह गोड़, शेरू सिदार पंक्जय पटेल, बेदराम यादव, सीताराम सिदार, रामकुमार यादव, अमृत यादव, शम्भू शरण यादव, केशव यादव, विमल पटेल, बुन्देश यादव, विकाश यादव, आकाश यादव, शिव प्रसाद गोड़, रोशन सिदार, संजू सिदार, विजें सिदार, ऋषिकेश पटेल, संतोष पटेल, दिनेश पटेल। ईश्वर सिंह केसर सचिव कर्मचारी संग सर्व आदिवासी समाज। चांपा राजमहल सदस्य। बसंत गोड़ सरपंच गढ़गोढ़ी, कृष्णा पटेल सरपंच प्रतिनिधि कांदानारा, शुरुतिजैसवाल सरपंच जुड़गा, अजय सिदार, रामजी सिदार बड़ी संख्या में ग्राम वासी उपस्थित रहे।

# ब्लॉक कांग्रेस कमेटी हसौद ने भारतरत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि मनाया



**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मोहन मरकाम के निर्देश पर जिला कांग्रेस संगठन प्रभारी अर्जुन तिवारी व जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राघवेंद्र कुमार सिंह के कुशल मार्गदर्शन में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी हसौद के अध्यक्ष कुशल कश्यप के नेतृत्व में ग्राम हसौद में संविधान निर्माता, भारतरत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि मनाया गया एवं उनके व्यक्तित्व कृतित्व पर विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष सुरेंद्र भार्गव, जिला कांग्रेस कमेटी संयुक्त महामंत्री मधुसूदन साहू, ब्लॉक उपाध्यक्ष विजय चंद्रा, किसान कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष भोजराम हरवंश, एनएसयूआई पूर्व वि.स.अध्यक्ष मोहन धिरहे, ब्लॉक महामंत्री गणेश माझी, संयुक्त महामंत्री कृपासागर मैत्री, योगेंद्र नारंग, ओमप्रकाश बर्मन, तोशिबा लायन, दादूराम सोनवानी, प्रवक्ता सतीश महेश, पवन मानिकपुरी, दिलसाय लहरे, हीरालाल चंद्रा, धीरज जाटवर, नारद टंडन, मनोज, महादेव खुराना, रोहित बंजारे, ताराचंद बर्मन, गुलशन टंडन आदि कांग्रेस कार्यकर्तागण उपस्थित रहें।

**हिन्दी विभाग ने किया फूलदार पौधे का कॉलेज परिसर में रोपण**

# महाविद्यालय हसौद में स्नातकोत्तर की आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा आयोजित

पायनियर संवाददाता ◄ जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com

शहीद नन्द कुमार पटेल विश्वविद्यालय रायगढ़ से सम्बद्ध स्थानीय शासकीय महाविद्यालय हसौद में एम ए हिन्दी की प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर की आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा सफ लतापूर्वक संपन्न हुई।

महाविद्यालय के हिन्दीविभागाध्यक्ष डॉ. सरिता पांडेय ने कहा कि 2022 में होने वाली मुख्य परीक्षा के पूर्व आन्तरिक मूल्यांकन परीक्षा महाविद्यालय में पूर्ण उपस्थिति के साथ सम्पन्न हुई, जिसमें प्रोफे शर जगदेव का विशेष रूप से सहयोग रहा। शासकीय महाविद्यालय हसौद में हिन्दी विभाग द्वारा फूलदार पौधा का कॉलेज परिसर में रोपण किया गया। हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ सरिता पाण्डेय के कुशल मार्गदर्शन में विभिन्न प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया एवं एड्स जगरुक्ता तथा एच आई वी जागरूकता विषय को लेकर निबन्ध पोस्टर आदि प्रतियोगिता आयोजित किया गया था, जिसमें छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़ कर रुचि दिखाई एवं बढ़ चढ़ के हिस्सा लिया। कार्यक्रम का संचालन हिन्दीविभागाध्यक्ष डॉ सरिता पाण्डेय ने किया।



इस कार्यक्रम के सफ ल आयोजन में प्रो. अजय बघेल, प्रो. असीम बाजपेयी व अतिथि प्राध्यापक डॉ अरविंद जगदेव, दिलीप खुराना कामत कर्ष का विशेष योगदान रहा। एड्स दिवस के अवसर पर हिन्दी विभाग के द्वारा जागरूकता बढ़ाने हेतु विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया किया गया जिसमें तिलक राम साहू, हेमलता, ममता एवं समस्त छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

## संपादकीय

# गर्भपात का अधिकार

### अमेरिका में विवाद

**संयुक्त** राज्य अमेरिका में मानवाधिकार उल्लंघन पर बहस तेज हो गई है। सर्वोच्च न्यायालय ने अभूतपूर्व टेक्सास के कानून का समर्थन किया है जिसने 6 सप्ताह की गर्भावस्था के पश्चात चिकित्सकीय गर्भपात पर प्रतिबंध लगा दिया है। यह कानून 1 सितंबर को लागू हुआ था। डेमोक्रेट तथा उदारवादियों का कहना है कि वे सर्वोच्च न्यायालय द्वारा ऐसे कानून के समर्थन से आश्चर्यचकित हैं जो महिलाओं के प्रजनन अधिकार पर हमला है। प्रधान न्यायाधीश समेत सर्वोच्च न्यायालय के चार न्यायाधीशों द्वारा 5-4 के बहुमत से दिए इस फैसले ने विवाद भड़का दिया है। टेक्सास रिपब्लिकनों का गढ़ है जिसने कानून को पास किया है। ऐसे राज्य में जहां बहुसंख्य गर्भपात आमतौर से गर्भावस्था के 6 सप्ताह बाद होते हैं, नए कानून ने महिलाओं को गर्भावस्था का पता लगाने, परिवार की सलाह लेने तथा गर्भपात कराने के लिए मुश्किल से एक सप्ताह का समय दिया है। डाक्टर स्वीकार करते हैं कि महिलाओं को इतनी जल्दी गर्भावस्था का पता लगाना कठिन है कि वह गर्भपात करा सके। इस कानून की इसलिए भी निन्दा हो रही है क्योंकि यह बलात्कार या अगम्यागमन की स्थिति में भी गर्भवती को गर्भपात से रोकता है। रिपब्लिकनों ने आलोचना को सीधे-सीधे यह कह कर खारिज कर दिया है कि वे टेक्सास को बलात्कारियों से मुक्त कराएंगे। यह कानून इस विचार पर आधारित है कि गर्भावस्था के 6 सप्ताह बाद गर्भ का दिल धड़कने लगता है। लेकिन डाक्टरों का कहना है कि दिल की धड़कन कार्डियक वाल्वों के कारण होती है जिनका गर्भ स्थापना के 6 सप्ताह तक कोई अस्तित्व नहीं होता है। लेकिन कानून का सबसे विवादास्पद हिस्सा यह है कि इससे किसी नागरिक को 6 सप्ताह से अधिक का गर्भपात कराने पर अदालत में घसीटने का अधिकार मिल जाता है और डाक्टर पर भारी जुर्माना लग सकता है। यह कानून स्पष्ट रूप से महिला की सहमति के अधिकार को कुचलता है।

टेक्सास का कानून इस बात का स्पष्ट उदाहरण है कि रूढ़िवादी अमेरिकी समाज महिलाओं के संबंध में कैसे कानून बना रहा है। लगभग 50 साल से अमेरिकन कानून ने महिलाओं को गर्भावस्था के पहले चरण में गर्भपात के संघीय संवैधानिक अधिकार को संरक्षण दिया है। कानून में यह प्राविधान भी है कि किसी को ऐसे गर्भपात नियमन का अधिकार नहीं है। लेकिन टेक्सास का कानून इस कानून को पूरी तरह खारिज कर देता है। आश्चर्यजनक रूप से सर्वोच्च न्यायालय ने समर्थन करने के पहले राज्य के कानून की संवैधानिकता पर विचार नहीं किया। याचिकाकर्ताओं ने यह मामला उठाया था, पर अदालत ने कहा कि वे इस बिंदु पर अपनी बात सिद्ध नहीं कर सके। यह भी अभूतपूर्व है कि सर्वोच्च न्यायालय ने इतने महत्वपूर्ण मामले पर पूर्ण संदर्भ या ज्यादा तर्क-वितर्क को स्थान नहीं दिया तथा 72 घंटे से भी कम विचार-विमर्श के बाद फैसला दे दिया। निर्णय से असहमत जजों ने इस ओर संकेत किया है। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा ऐसे कानून के समर्थन को उचित नहीं कहा जा सकता है। फैसले का अर्थ टेक्सास के कानून को न्यायिक समीक्षा से उस समय तक संरक्षण देना है जब तक सर्वोच्च न्यायालय इस कानून को चुनौती देने वाली दूसरी याचिका पर विचार न करे। दूसरा, सर्वोच्च न्यायालय को इस विषय पर भी गौर करना चाहिए कि इससे आम नागरिक मुनाफाखोरों का शिकार बन जाएंगे तथा गर्भवती महिलायें विधिक निगरानी तथा संभवतः छेड़छाड़ का शिकार बन जाएंगी।

# चीन के लिए लाभकारी कोलंबो परियोजना

## हंबनटोटा और कोलंबो बंदरगाह भविष्य में चीनी सैनिक संचार व खुफिया नेटवर्क व्यवस्था में महत्वपूर्ण बिंदु बन सकते हैं। चीन आंतरिक रूप से स्वयं को संतुलित करने का प्रयास कर रहा है।



**निष्ठा कौशिकी**
(लेखिका पंजाब केंद्रीय विश्वविद्यालय में सहायक प्रोफेसर हैं)



**वर्ष** 2014 में श्रीलंका की अपनी यात्रा के समय चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने 1.4 बिलियन डालर की कोलंबो पोर्ट सिटी परियोजना-सीपीसी शुरू की थी जो हंबनटोटा परियोजना के बाद दूसरी सबसे बड़ी परियोजना है। फरवरी, 2021 को कैबिनेट ने भारत और जापान को त्रिपक्षीय समझौते से बाहर कर दिया और इसके एक महीने बाद श्रीलंका ने चीनी हार्बर इंजीनियरिंग कंपनी-सीएचईसी से कालंबो पोर्ट ईस्ट कंटेनर टर्मिनल-ईसीटी के दूसरे चरण के निर्माण हेतु उसे 99 साल के पट्टे पर दे दिया। राजपक्षे सरकार ने कोलंबो पोर्ट सिटी आर्थिक आयोग कानून को मंजूर कर एक विशेष्ज्ञ आर्थिक क्षेत्र-एसईजेड की स्थापना को भी सहमति दे दी। कानून की सबसे बड़ी विशेषता ऐसा 'आयोग' बनाना है जिसका भौगोलिक अधिकार क्षेत्र पूरे 'कोलंबो पोर्ट सिटी के अधिकार क्षेत्र' तक विस्तारित है। इसका अर्थ चीन द्वारा किसी अन्य देश या स्वयं श्रीलंका को भी इस क्षेत्र में बिजनेस से 'वंचित करने का अधिकार' मिल गया है। इसने चीन को धारा 67 के अनुसार 'क्षेत्र' पर 99 साल का संपूर्ण अधिकार दे दिया है जिसमें स्पष्ट रूप से कहा गया है कि निर्धारित समय से पहले या चीन की ऐसी इच्छा व्यक्त करने से पहले 'अनुमति' रद्द नहीं की जा सकती है। इस प्रकार बंदरगाह पर किसी अन्य देश को उपस्थिति के लिए चीनी अनुमति की आवश्यकता होगी। भले ही श्रीलंका को समझौते के परिणामस्वरूप किसी चीनी अधिकारी या गतिविधियों पर आपत्ति हो, पर इस द्वीप देश के पास ज्यादा कुछ करने का अधिकार नहीं होगा। यदि चीन उसके पड़ोसी देशों या स्वयं श्रीलंका के खिलाफ शत्रुतापूर्ण कार्रवाइयां करे तो भी श्रीलंका को उसे बाहर निकालने का अधिकार नहीं होगा। ऐसे में यह कहना गलत नहीं होगा कि यह वास्तव में 'चीनी घेरेबंदी' की स्थापना है और श्रीलंका की विपक्षी राजनीतिक पार्टियों ने इसी शब्द का प्रयोग किया है।

परियोजना का महत्व इस तथ्य से स्पष्ट है कि कोलंबो दुनिया के सर्वाधिक व्यस्त 25 कंटेनर बंदरगाहों में शामिल है तथा इसकी पहुंच अरब सागर व बंगाल की खाड़ी तक है। इसलिए स्वीकृत कानून के सुरक्षा दृष्टिकोण से अंतरराष्ट्रीय प्रभाव होंगे। भारत के रणनीतिक क्षेत्र में स्थित सीपीसी चीन की पीएलए नैवी-प्लान को रणनीतिक व टैक्टिकल लाभ प्रदान करती है। हंबनटोटा में चीन की उपस्थिति से पहले ही भारत तथा आस्ट्रेलिया जैसे देशों के लिए खतरा बढ़ गया है। दो बंदरगाहों के बीच दूरी लगभग 250 समुद्री मील है। इस प्रकार हिंद महासागर क्षेत्र-आईओआर में अब तक प्लान के सामने आने वाली लाजिस्टिकल सीमा दूर हो गई है। चीन की कर्ज के जाल में फंसाने वाली नीति ने आईओआर में परंपरागत शक्ति संतुलन उलट दिया है। हंबनटोटा बंदरगाह की दुहरी प्रयोग क्षमताओं के कारण इसका प्रयोग महत्वपूर्ण खुफिया व निगरानी बिंदु के रूप में हो सकता है जहां चीनी पनडुब्बियों को तैनात करने का अधिकार मिल जाएगा। ये दोनों बंदरगाह जिबूती के निकट हैं और युद्ध के समय प्लान को सुरक्षा पंक्ति प्रदान करते हैं। इन 'बंदरगाहों' के बिंदुओं को चीन के रणनीतिक इरादों से जोड़ा जा सकता है जो चाबहार, ग्वादर व कराची बंदरगाहों से जुड़ता है। इसके साथ ही युगांडा में हवाईअड्डों को अधिग्रहीत करने की खबरें भी हैं। अफ्रीका में चीन की शांति सेना ने समस्या और बढ़ा दी है क्योंकि यह टकराव की स्थिति में हस्तक्षेप कर सकती है। इस प्रकार चीन विश्व व्यापार के महत्वपूर्ण बिंदुओं पर दबाव के रूप में सक्रिय खतरा पैदा कर रहा है। आईओआर के पूर्वी क्षेत्र में चीन ने म्यांमार में उपस्थिति, कोको व ग्रेटर कोको द्वीपों तथा थाईलैंड में नौसैनिक उपस्थिति से अपनी 'मलक्का दुविधा' पर विजय पाई है। रणनीतिक विशेषज्ञ सैनिक उद्देश्यों से नहरों का प्रयोग महत्वपूर्ण मानते हैं। चीन ने आईओआर में सैन्यीकरण कर उस 'शांति क्षेत्र' को बाधित किया है जिसकी पैरवी भारत 1947 से कर रहा है। हंबनटोटा और कोलंबो बंदरगाह भविष्य में चीनी सैनिक संचार व खुफिया नेटवर्क व्यवस्था में महत्वपूर्ण बिंदु बन सकते हैं।

बंदरगाहों के अधिग्रहण के साथ ही चीन आंतरिक रूप से स्वयं को संतुलित करने का प्रयास कर रहा है। इसके लिए 2013 की सैनिक रणनीति विज्ञान के साथ ही स्थानीय युद्धों की बात की गई तथा इसके फौरन बाद 2015 में 'सिस्टम वारफेयर' की क्षमता संवर्धन को प्राथमिकता दी गई। इसमें जासूसी, शीघ्र चेतावनी तथा कंट्रोल व कमांड व्यवस्थायें मजबूत करना शामिल है। इसके साथ ही भूमि, हवा व समुद्र में मार करने वाली लंबी दूरी वाली सटीक हमले की क्षमता भी प्राप्त करने का उद्देश्य है। वर्तमान समय में इस रणनीति के नतीजे गलवान में दुश्मन की जमीन पर लड़ाई तथा हाइपरसोनिक मिसाइलों के साथ ही मिसाइलों की संख्या में वृद्धि के साथ सटीक हमले की क्षमता के रूप में सामने हैं। इसके साथ ही चीन ने पाकिस्तान को भी महत्वपूर्ण तकनीकों का हस्तांतरण किया है। टैक्टिकल स्तरों पर विभिन्न सिद्धान्त पेश करने के साथ ही दुश्मनों को भ्रमित करते हुए ओबीओआर के बंदरगाह चीन को एक मुखौटा प्रदान करते हैं जहां वह अपनी सेनाओं को गुप्त रूप से परंपरागत मिसाइलें प्रदान कर सकता है जिनका प्रयोग उचित समय पर हो सकता है। इन बंदरगाहों पर सैनिक क्षमता निर्माण का प्रयोग 'अपने इरादे व कार्रवाइयों' को छिपाने के लिए हो सकता है। खुफिया एजेंसियों को लगातार नजर रखनी होगी कि श्रीलंका के बंदरगाहों तथा एलएसी में कौन सी सैनिक सुविधायें स्थापित हो रही हैं। भारतीय विदेश मंत्रालय व रक्षा मंत्रालय को श्रीलंका में उठ रही भारत व जापान विरोधी भावनाओं पर भी गौर करना चाहिए। कराची और ग्वादर के बंदरगाह भी चीन के लिए विकल्प हैं, पर श्रीलंका के बंदरगाह भावी सैनिक कार्रवाइयों की स्थिति में आईओआर में प्रमुख रणनीतिक बिंदु बनेंगे। ये बंदरगाह यूरोपीय शिपिंग लाइनों के प्रवेश द्वार हैं। इस प्रकार भारत के दक्षिणी तटीय राज्यों के निकट तेजी से एक नया युद्ध थियेटर तैयार हो रहा है।

लेकिन अधिकांश कार्यों की तरह इसके भी नकारात्मक पक्ष हैं। आकुस की राजनीतिक प्रतिबद्धता भारत व आस्ट्रेलिया के खिलाफचीन की वर्चस्ववादी रणनीतियों पर लगाम लगाती है तथा चीन के समक्ष पैदा असाधारण खतरा भी स्पष्ट करती है। चीन की सप्लाई श्रृंखला मनक्का जलडमरूमध्य या कायकफ्यू बंदरगाहों का प्रयोग करती हैं ओर वे दक्षिण आईओआर से गुजरती हैं। वे पूरी तरह सीपीईसी पर निर्भर नहीं रह सकती हैं क्योंकि इसके लिए बीजिंग तालिबान की मेहरबानी पर निर्भर होगा। इन बंदरगाहों व खासकर हंबनटोटा की सैनिक निर्भरता चीनी सैनिक केंद्रों को 'निशाने' पर लाती है। संक्षिप्त 'स्थानीय युद्ध' या कुछ घंटों के तनाव में बीजिंग को इसका भारी खामियाजा भुगतना पड़ सकता है। लोकतांत्रिक देश पहले से ही आईओआर तथा अन्य महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय समुद्रों में मुक्त आवागमन सुनिश्चित करने के बारे में मुखर हैं जिनमें ताइवान जलडमरूमध्य व दक्षिण चीन सागर शामिल हैं। संयुक्त नौसैनिक अभ्यास चीनी वर्चस्व के खिलाफ मजबूत होती प्रतिबद्धता का प्रतीक हैं। दक्षिण आईओआर व ताइवान जलडमरूमध्य में दो या तीन देशों की बहुपक्षीय नौसैनिक उपस्थिति सैनिक रूप से चीनी खतरे का सामना करने के साथ बीजिंग को भ्रमित कर सकती है। आकुस के संयुक्त सशस्त्र बलों के विभिन्न संयोजन व गठजोड़ चीन की आर्थिक व सैनिक नाकाबंदी कर सकते हैं। ये भारत के खिलाफचीन-पाक खतरे को कमजोर करने के साथ ही ताइवान पर सैनिक रूप से कब्जे की योजनाओं को विफल करते हैं। संभव है कि चीन ने दूसरों व खासकर भारत के खिलाफ जिस 'खेल' की योजना बनाई है, उसमें वह खुद ही फंस जाए और उसे भारी नुकसान उठाना पड़े। इसी कारण शी ने कहा था कि आकुस का उद्देश्य 'एशियाई प्रभाव क्षेत्र में चीन पर लगाम लगाना' है।

उनके बयान के बाद श्रीलंका में चीनी राजदूत क्वी झेनझोंग का बयान आया जिसमें उन्होंने कहा था कि आकुस श्रीलंका की सुरक्षा के लिए खतरा है। पिछले सप्ताह चीनी राजनयिक वांग कुन ने समझौते की आलोचना करते हुए कहा है कि इससे युद्ध के पश्चात बनी अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा व्यवस्था संकट में पड़ गई है। ऐसे में यह समझना आसान होगा कि शायद चीन या श्रीलंका को ही ज्यादा खतरा है।

# सुधारों के माध्यम से वैश्विक पूंजी का प्रवेश

> जिस तरह से वैश्विक वित्त ने सुधारों के माध्यम से बिजली क्षेत्र में घुसने की कोशिश की, वह किसान समुदाय के लिए एक चेतावनी होनी चाहिए।

**वीरैया कंडूरी**
(लेखक स्वतंत्र शोधकर्ता हैं)



**अंततः**, केंद्र सरकार ने किसानों के निरंतर शांतिपूर्ण आंदोलन के दबाव में तीन विवादास्पद कृषि कानूनों को निरस्त कर दिया। किसानों की जीत हमें जनता के प्रतिरोध और नीति निर्माताओं की प्रतिक्रिया के बीच संबंध को प्रतिबिंबित करने के लिए मजबूर करती है। केंद्र सरकार किसान समुदाय के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के प्रति ईमानदार है या नहीं, यह मूल प्रश्न है।

हालांकि शुद्ध परिणाम संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) की मांगों को आंशिक रूप से पूरा करते हैं, सरकार एक तर्क प्रस्तुत करने में विफल रही है कि क्यों शुरू में यह सोचा गया था कि कृषि कानून किसानों की जीवन स्थितियों में सुधार करेंगे और क्यों वह उस स्टैंड से पीछे हट गए। पूरी कवायद में केंद्रीय कृषि मंत्री कहीं नजर नहीं आ रहे हैं। जब तीन अधिनियम पारित किए गए, तो सरकार और स्वायत्त थिंक टैंक के कई टिप्पणीकारों ने गंभीरता से सरकार का बचाव किया। लेकिन जब कानून निरस्त किए गए तो ऐसी आवाजें गायब हैं। निरसन विधेयकों को पारित करते समय, आश्चर्यजनक रूप से, सरकार उन पर खंड दर खंड बहस करने के लिए इच्छुक नहीं थी। कुल मिलाकर, लोकसभा में कृषि कानून निरसन विधेयक 2021 पर बिताया गया समय मात्र दो मिनट का था; राज्यसभा में आठ मिनट।

फार्म लॉ रिपील बिल में उल्लिखित वस्तुओं और कारणों का बयान उत्सुकता से इस व्यंजना पर टिका है कि केवल किसानों का एक समूह इन कानूनों का विरोध कर रहा था। यह स्पष्ट रूप से इस तथ्य को इंगित करता है कि साल भर के शांतिपूर्ण आंदोलन और राजनीतिक स्पेक्ट्रम से परे किसानों की मांगों के बारे में सरकार की धारणा में कुछ भी नहीं बदला है। निरसन विधेयक के माध्यम से, सरकार ने गलत संचार करने की पूरी कोशिश की जब उसने कहा : ''ये अधिनियम किसानों और ग्रामीण क्षेत्र के समग्र सामाजिक-आर्थिक विकास के लिए विभिन्न हितधारकों के साथ व्यापक परामर्श के बाद महसूस की गई आवश्यकता और किसानों की मांग के बाद किए गए थे'' वर्षों से विशेषज्ञों, पेशेवरों, कृषि अर्थशास्त्रियों, विशेषज्ञ समितियों के संगठन, सुझाव और सिफारिशें। यह एसकेएम के उस तर्क के बिल्कुल विपरीत है जिसमें आरोप लगाया गया था कि सरकार ने शायद ही कभी उनमें से किसी एक से सलाह ली हो। सरकार ने निरसन विधेयक में और भी कई कारण बताए हैं जो हमें गुरु पर्व के दिन प्रधानमंत्री के राष्ट के नाम संबोधन में नहीं मिले। ऐसा इसलिए है क्योंकि यह दबाव में झुकने के लिए वैश्विक निवेशक समुदाय के सामने खुद को बेनकाब नहीं करना चाहता है। सरकार की बेईमानी तब स्पष्ट हुई जब उसने आज़ादी का अमृत महोत्सव का इस्तेमाल खेती के बिलों पर पीछे हटने को साबित करने के लिए किया।



उपरोक्त तथ्य स्पष्ट रूप से हमें वैश्विक वित्तीय पूंजी की प्रवृत्ति पर वापस लाते हैं जो तब तक कोशिश करती है जब तक कि वह अपने उपक्रमों में सफल न हो जाए। रेंगने वाली प्रकृति अंतरराष्ट्रीय वित्त पूंजी की पैंतरेबाज़ी क्षमताओं का सबसे प्रभावशाली रूप है। इस आसन्न खतरे को कम करने के लिए, हमें यह याद रखना चाहिए कि समग्र रूप से बिजली क्षेत्र के सुधारों का क्या हुआ था। दो दशक पहले फंड-बैंक थिंक टैंक द्वारा भारत को बिजली क्षेत्र का विनियमन और निजीकरण निर्धारित किया गया था। उन्हें चंद्रबाबू नायडू में अपना ब्रांड एंबेसडर मिला, जो राज्य स्तर पर और अक्सर राष्ट्रीय स्तर पर सुधारों के अग्रणी बनना चाहते थे। सत्ता में आने के बाद, उन्होंने तुरंत तत्कालीन आंध्र प्रदेश में बिजली क्षेत्र को अलग करने का सहारा लिया। उन्हें वामपंथियों के साथ-साथ सरकारी कर्मचारियों से भी एक स्थायी प्रतिरोध का सामना करना पड़ा। बाद के आंदोलन की परिणति तत्कालीन तेलुगु देशम सरकार ने पुलिस कार्रवाई को ढीली कर दी जिसमें पांच लोगों की मौत हो गई। उस आंदोलन के बाद, बिजली क्षेत्र में सुधार वैश्वीकरण के समर्थकों की तरह गति लेने में विफल रहे और न तो तेलुगु देशम और न ही चंद्रबाबू नायडू जनता के विश्वास को बनाए रखने में सफल रहे। और यह वह आंदोलन था जिसने दिवंगत वाईएस राजशेखर रेड्डी को सत्ता में पहुंचा दिया और यूपीए के वर्षों के दौरान कांग्रेस के लिए संख्या बढ़ाने में ठोस भूमिका निभाई। आंध्र प्रदेश के लोगों के वीर संघर्ष के बावजूद, अंतरराष्ट्रीय वित्त पूंजी धीरे-धीरे लेकिन तेजी से बिजली क्षेत्र में घुस गई, सरकार के बाद सरकार को जोड़कर प्रगतिशील सुधारों को अपनी गति से आगे बढ़ाया। अब, यह वितरण के पूर्ण निजीकरण को आगे बढ़ाने के लिए संघर्ष कर रहा है, जिसका कड़ा प्रतिरोध किया जा रहा है। बिजली क्षेत्र के सुधारों के साथ ढाई दशक का अनुभव भारत में सुधार पथ के किसी भी उत्सुक पर्यवेक्षक को मजबूर करता है और किसान समुदाय को रेंगने की प्रवृत्ति के बारे में चेतावनी देता है। सरकार द्वारा निरसन विधेयक में जो कहा गया है, उसके माध्यम से इसे और पुष्ट किया गया है।

## फरमाया



**गृह** मंत्रालय वास्तव में क्या कर रहा है जब न तो नागरिक और न ही सुरक्षाकर्मी हमारी ही भूमि में सुरक्षित हैं?

– राहुल गांधी
कांग्रेस नेता



**राष्ट्रपति** बिडेन यूक्रेन के साथ सीमा पर रूसी सैन्य गतिविधियों से संबंधित अमेरिका की चिंताओं को रेखांकित करेंगे।

– जेन साकी
व्हाइट हाउस प्रेस सचिव



**ऐसा** लग रहा है ममता बनर्जी कांग्रेस को छोड़कर कुछ नया करने पर विचार कर रहा है।

– संजय राउत
शिवसेना नेता

## आप की बात



इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल से
pioneer.editorial@gmail.com
पर भी भेज सकते हैं।

www.dailypioneer.com

### तीसरी लहर का खतरा

कोविड-19 वायरस के अब तक के सबसे संक्रामक रूप ओमिक्रॉन के मरीज कर्नाटक के बाद महाराष्ट्र, गुजरात और दिल्ली में भी मिले हैं। यह बात सही है कि अभी भारत में इसके मामले बहुत कम हैं, लेकिन इसकी संक्रामकता को ध्यान में रखते हुए जानकार यहां कोविड की तीसरी लहर की भविष्यवाणी करने लगे हैं। एक और दिक्कत यह है कि ओमिक्रॉन के मामले में वैक्सीन बनाने वाली कंपनियां भी अपने टीकों को लेकर श्योर नहीं हो पा रही हैं। ओमिक्रोन वायरस के मामले धीरे-धीरे देश के अधिक राज्य में सामने आने लगे हैं! जाहिर है देर सबेर इनका विस्फोटक रूप तीसरी लायर के रूप में सामने आ सकता है !केंद्र व राज्य सरकारों ने अभी से ऐतिहतिक कदम उठाने शुरू कर दिए जो कि स्वागत योग्य है! मगर जनता खुद को पहलवान समझे हुए हैं। मास्क लगाना उनके लिए फिजूल की बात है! मगर वे यह भूल जाते हैं कि सरकार ने भी कोई उनको जिंदा रखने का ठेका नहीं ले रखा है! यदि वे समझदारी से करोना प्रोटोकॉल का नियम करेंगे तो खुद की व परिवार की रक्षा कर पाएंगे अन्यथा, हम तो डूबेंगे सनम तुमको भी ले डूबेंगे, वाली बात चरितार्थ हो जाएगी। अब सावधानी ही बचाव का सर्वश्रेष्ठ उपाय है!

– **सुभाष बुड़ावनवाला**, रतलाम

### पत्रकारिता का गिरता स्तर

**एक** दौर था जब पत्रकार ने अपनी लेखनी के जरिए सामाजिक हित के बड़े आंदोलनों को जन्म दिया व समाज ने पत्रकार को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ माना. लेकिन आज स्थितियां लगातार बदल रही है। पत्रकारिता पर व्यवसायिकता हावी हो गई है, दिन प्रतिदिन मीडिया का स्तर गिरता जा रहा है। पत्रकारिता के स्तर में लगातार गिरावट आ रही है। अपने फायदे के लिए सोशल मीडिया पर फेक न्यूज भेजने का चलन बढ़ा है. जिसका सीधा असर समाज पर पड़ रहा है व समाज में पत्रकार की छवि बेकार होती जा रही है। किसी भी इमारत या ढांचा को खड़ा करने के लिए चार स्तंभों की आवश्कता होती है उसी प्रकार लोकतंत्र रूपी इमारत में विधायिका , न्यायपालिका , कार्यपालिका को लोकतंत्र के तीन प्रमुख स्तंभ माना जाता है जिनमे चौथे स्तंभ के रूप में मीडिया है। किसी देश में स्वतंत्र व निष्पक्ष मीडिया उतनी ही आवश्यक व महत्व पूर्ण है जितनी लोकतंत्र के अन्य स्तंभ इस प्रकार पत्रकार समाज का चोथा स्तंभ होता है। जिसपर मीडिया का पूरा का पूरा ढांचा खड़ा होता है जो नींव का कार्य करता है यदि उसी को भ्रटाचार वा सत्य रूपी धुन लग जाए तो लोकतंत्र रूपी इमारत को गिरने से बचाने व खासी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

– **पलक त्रिवेदी**, उन्नाव

### हर्ष फायरिंग के नतीजे

**अपनी** खुशी के इजहार का प्रत्येक नागरिक को अधिकार है। मौके-बेमौके लोग उसका उपयोग कर उत्साह और खुशी जाहिर करते हैं। लेकिन ऐसे मौके पर अक्सर लोग हद से ज्यादा बहक जाते हैं और खुशी मातम में बदल जाती हैं। जन्मदिन हो या विवाह समारोह अथवा अन्य मांगलिक मौकों पर आतिशबाजी एक फैशन सी बन गई है। पटाखे आदि छोड़कर लोग अपनी खुशियां जाहिर करते है। समय के साथ ही लोगों ने उल्लास की अभिव्यक्ति के माध्यम भी बदले हैं। इन दिनों विशेषकर विवाह समारोहों में हर्ष फायरिंग बहुतायत से होती है। दुल्हे के परिजन अक्सर इसमें शामिल होते हैं। अपने मांगलिक आयोजनों के उत्साह से लबरेज लोग अक्सर खातरनाक किस्म की घातक गलितयां कर बेठते हैं। कई बार असावधानीपूर्वक हर्ष फायर से परिजन ही शिकार हो जाते हैं। ऐसे में खुशियां मातम में बदलते देर नहीं लगती और खुशी के मौके पर अर्थियां उठती है जो दुखद है। लोगों को इस मामले में संयम बरत कर अपने आयोजनों का लाभ लेना चाहिए।

– **अमृतलाल मारू**, दसई, मप्र

# कोविड-19 के संक्रमण से बचाव व रोकथाम के लिए टेस्टिंग वैक्सीनेशन में तेजी लाएँ : कलेक्टर

पायनियर संवाददाता ◀ बालोद
www.dailypioneer.com



कलेक्टर जनमेजय महोबे ने कहा कि जिले में कोविड-19 के संक्रमण से बचाव व रोकथाम हेतु शासन से प्राप्त लक्ष्य के अनुरूप कोरोना टेस्टिंग और कोविड-19 वैक्सीनेशन में तेजी लाएँ। महोबे संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित स्वास्थ्य विभाग की टास्क फोर्स की बैठक में निर्देशित कर रहे थे। उन्होंने जिले के कोविड केयर सेंटरों में भौतिक संसाधनों की उपलब्धता की जानकारी लेकर आवश्यक दिशानिर्देश दिए। उन्होंने कोविड-19 से बचाव हेतु जनजागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि कोरोना से बचाव हेतु कोविड-19 के गाइडलाईन का पालन जरूरी है।

कलेक्टर ने जिले में अब तक हुए कोविड-19 वैक्सीनेशन की प्रगति की जानकारी ली। जिला टीकाकरण अधिकारी ने बताया कि जिले में अब तक कोविड-19 वैक्सीनेशन के प्रथम डोज के लक्षित हितग्राहियों का औसत 103 प्रतिशत वैक्सीनेशन किया जा चुका है। जिसमें बालोद विकासखण्ड में 120 प्रतिशत, डौण्डी विकासखण्ड में 103 प्रतिशत, डौण्डीलोहारा विकासखण्ड में 97 प्रतिशत, गुण्डरदेही विकासखण्ड में 102 प्रतिशत और गुरूर विकासखण्ड में 101 प्रतिशत लक्षित हितग्राहियों का वैक्सीनेशन शामिल है।

जिला टीकाकरण अधिकारी ने बताया कि जिले में कोविड-19 वैक्सीनेशन के द्वितीय डोज के लक्षित हितग्राहियों का औसत 61 प्रतिशत वैक्सीनेशन किया जा चुका है। जिसमें बालोद विकासखण्ड में 73 प्रतिशत, डौण्डी विकासखण्ड में 62 प्रतिशत, डौण्डीलोहारा विकासखण्ड में 55 प्रतिशत, गुण्डरदेही विकासखण्ड में 59 प्रतिशत और गुरूर विकासखण्ड में 61 प्रतिशत लक्षित हितग्राहियों का वैक्सीनेशन शामिल है।

कलेक्टर ने बताया कि गुण्डरदेही विकासखण्ड में आगामी 08 दिसम्बर को लक्षित हितग्राहियों का शतप्रतिशत कोविड-19 वैक्सीनेशन के लिए महाअभियान चलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि कोविड-19 वैक्सीनेशन कार्य सुचारू रूप से सम्पन्न कराने अधिकारियों, कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। उन्होंने आपसी समन्वय से लक्ष्य हासिल करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. रेणुका श्रीवास्तव, एडीएम विनायक शर्मा सहित समस्त एस.डी.एम., मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जे.पी.मेश्राम, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. एस.के.सोनी, डॉ.देवेन्द्र साहू, डॉ. ओ.पी.वर्मा, जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ.भूमिका वर्मा और अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## शासकीय कॉलेज नवागढ में सुरक्षा के संबंध में एवं अन्य अपराधो के संबंध में जागरूक कर दी कानूनी जानकारी



**बेमेतरा।** पुलिस अधीक्षक बेमेतरा धर्मेंद्र सिंह के निर्देशन एवं अति.पुलिस अधीक्षक बेमेतरा पंकज पटेल एवं एसडीओपी बेमेतरा राजीव शर्मा, 'अभिव्यक्ति' कार्यक्रम की बेमेतरा जिला नोडल अधिकारी डीएसपी कमल नारायण शर्मा के मार्गदर्शन में 'अभिव्यक्ति' नारी के सम्मान में महिलाओं/बालिकाओं की सुरक्षा के संबंध में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत शासकीय कॉलेज नवागढ में थाना नवागढ प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार सिन्हा द्वारा बच्चो को महिलाओं एवं बालिकाओ पर हो रहे लैंगिक शोषण के बचाव एवं कारण से संबंधित व पाक्सो एक्ट तथा यौन उत्पीड़न, घरेलू हिंसा, छेडखानी व पीडित क्षतिपूर्ति योजनाओं की जानकारी तथा सेल्फ डिफेंस, महिलाओ/बालिकाओं पर हो रहे अपराधों की जानकारी देकर कानूनी प्रावधानों के तरीको के बारे में बताया गया। उनसे व्यक्ति व समाज पर पढ़ने वाले दुष्प्रभाव व नशे की लत से मुक्ति के उपाय विषय पर सार्थक चर्चा परिचर्चा की गई।

# राज्यपाल उइके को कार्ययोजना के तहत बच्चों की बनाई गई सीड बाल भेंट की



**दल्लीराजहरा।** क्रांतिवीर कंगला मांझी की 37 वीं स्मृति दिवस के चार दिवसीय कार्यक्रम के अवसर पर छत्तीसगढ़ के राज्यपाल अनुसुईया उइके की गरिमामय उपस्थिति रही। कार्यक्रम के इस अवसर पर नवाचारी शिक्षक टुमन लाल सिन्हा, प्रभारी प्रधानपाठक शासकीय प्राथमिक शाला ककरेल, विकासखंड डौंडी, जिला बालोद, ने राज्यपाल अनुसुइया उइके को पढ़ाई तुंहर दुआर 2.0 के अंतर्गत दस दिन बस्ता विहीन, कार्ययोजना के तहत बच्चों द्वारा बनाए गए सीड बाल भेंट किया गया। सीड बाल भेंट करने से पूर्व राज्यपाल अनुसुइया उइके के साथ आए तमाम केंद्रीय व राज्य स्तरीय अधिकारियों को सीड बाल की निर्माण विधि, इसके उपयोग और इसके लाभ, के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इसके साथ ही साथ शिक्षा विभाग द्वारा जारी पढ़ाई तुंहर दुआर 2.0 में संचालित सभी कार्ययोजनाओं के बारे में भी अवगत कराया गया। क्रांतिवीर कंगला मांझी की 33 वीं स्मृति दिवस के अवसर पर विभिन्न राज्यों से आए क्रांतिवीर कंगला मांझी के अनुयायियों को भी सीड बाल के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए, उन्हें एक-एक सीड बाल उपहार स्वरूप भेंट करते हुए छत्तीसगढ़ की उत्कृष्ट शिक्षा व्यवस्था के बारे में बताया गया तथा किस प्रकार से कोरोना काल में भी छत्तीसगढ़ के शिक्षकों ने अपनी जान जोखिम में डालकर नए-नए प्रयोगों के माध्यम से सुचारू रूप से बच्चों को पढ़ाया इसकी जानकारी दी गई। कार्यक्रम के इस अवसर पर राजमाता फुलवा देवी कांगे अध्यक्ष, कुंभ देव कांगे उपाध्यक्ष, आर एस वी के सचिव, जनजातीय अध्यक्ष नितिन पोटाई व मांझी अंतर्राष्ट्रीय समाजवाद आदिवासी किसान सैनिक संस्था नई दिल्ली व अखिल भारतीय माता देववाडिन समाज समिति की उपस्थिति रही।

## डॉ. अंबेडकर को अनुसूचित जाति मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने दी श्रद्धांजलि




**दल्ली राजहरा।** भारतीय संविधान के निर्माता भारत रत्न बोधिसत्व डॉ. भीमराव अंबेडकर के 66 वें महापरिनिर्वाण दिवस पर भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा द्वारा श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। अनुसूचित जाति मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने बाबासाहेब के छाया चित्र पर मोमबत्ती, अगरबत्ती जला कर पुष्पांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि सभा में प्रमुख वक्ता के रूप में उपस्थित अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण के पूर्व सदस्य एवं अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश मीडिया प्रभारी अनिल खोबरागडे ने कहा कि शिक्षा, संगठन एवं संघर्ष का मूल मंत्र देने वाले डॉ.बाबासाहेब आंबेडकर ने भारतीय संविधान में सभी को बराबरी का अधिकार दिया एवं समाज के शोषित, पीड़ित ,दलित, पिछड़े वर्ग के लोगों को ऊंचा उठाने एवं उनका अधिकार दिलाने के लिए जीवन भर संघर्ष किया।

# कलेक्टर ने जनचौपाल कार्यक्रम में सुनी आमजनों की समस्याएं



पायनियर संवाददाता ◀ बालोद
www.dailypioneer.com

कलेक्टर जनमेजय महोबे ने संयुक्त जिला कार्यालय में आयोजित जनचौपाल कार्यक्रम में पहुँचे जिले के आमजनों की समस्याओं तथा शिकायतों को एक-एक कर गंभीरतापूर्वक सुनी और नियमानुसार त्वरित निराकरण के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए। जनचौपाल कार्यक्रम में ग्राम भरदाकला की प्रेमलता ने नवीन राशन कार्ड बनाने, अर्जुन्दा के गौतर सिंह ने इलाज हेतु आर्थिक सहायता दिलाने, ग्राम सतमरा के चुरामन ने बिजली बिल में सुधार कराने, ग्राम बोहारा की दुलारी बाई और कमला बाई ने गरीबी रेखा श्रेणी का राशन कार्ड बनाने, ग्राम तार्री की धनेश्वरी ने दिव्यांगजन छात्रवृत्ति दिलाने, ग्राम सोरर के सेखूराम ने श्रवण यंत्र दिलाने और ग्राम पसौद के ग्रामीणों ने अतिक्रमण हटाने संबंधी आवेदन कलेक्टर को सौंपे। इसी प्रकार अन्य आवेदकों ने भी अपनी समस्याओं एवं शिकायतों से संबंधित आवेदन कलेक्टर महोबे को सौंपे। इस अवसर पर जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. रेणुका श्रीवास्तव, एडीएम विनायक शर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

# जिला कांग्रेस की जन-जागरण पदयात्रा में शामिल हुई विधयाक ममता

## विधायक ममता की मांग पर स्वास्थ्य मंत्री ने दशरंगपुर उपस्वास्थ्य केंद्र को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की दर्जा देने की घोषणा

पायनियर संवाददाता ◀ कवर्धा
www.dailypioneer.com



जिला कांग्रेस कमेटी कबीरधाम के द्वारा केंद्र सरकार की महंगाई के खिलाफ गत 15 नवंबर से जारी जन-जागरण पद यात्रा बुधवार को विधानसभा क्षेत्र के ग्राम इंदौरी से प्रारंभ होकर आठ किलो मीटर पैदल चलकर ग्राम दशरंगपुर पहुंची, इस पद यात्रा में मुख्य रूप से कैबिनेट मंत्री व कबीरधाम जिले के प्रभारी मंत्री टी.एस.सिंह देव क्षेत्रीय विधायक ममता चंद्राकर पूर्व मंडी अध्यक्ष एवं दुर्ग जिला कांग्रेस प्रभारी लालजी चन्द्रवंशी कवर्धा जिला कांग्रेस प्रभारी थानेश्वर पाटिला अध्यक्ष जिला कांग्रेस नीलकण्ठ चन्द्रवंशी एवं जिले के सभी ब्लॉक के ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष एवं शामिल हुए वही विधायक ममता के नेतृत्व में कुण्डा के कांग्रेसी प्रदेश सचिव छ.ग.प्रदेश कांग्रेस पिछड़ा वर्ग सूरज यादव,सरपंच कुण्डा महेश्वर साहू, पंच प्रतिनिधि मुन्ना खान ब्लॉक कांग्रेस सयुंक्त सचिव सोनू मेहरा सहित कांग्रेसियों ने पंचायत मंत्री टी.एस.सिंह देव की स्वागत कर विकास कार्यो के विषय पर चर्चा की, विधायक ममता दशरंगपुर में आयोजित विशाल जनसभा में उपस्थित जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा केंद्र सरकार की अड़ियल नीतियों के चलते लगातार डीजल पेट्रोल रशोई गैस खाद्य एवं आवश्यक चीजों की कीमतों पर बेतहाशा वृद्धि हो रही है आज हालात ये की डीजल-पेट्रोल की कीमत सौ रु से भी अधिक हो गई है वही रसोई गैस की कीमत प्रति सिलेंडर एक हजार रु के आस पास पहुंच चुका है पेट्रोलियम पदार्थो की कीमत आसमान छू रहा है ये मंहगाई कहा जाकर रुकेगी ये किसी नही पता वही दूसरी तरफ रोजमर्रा की वस्तुओं पर भी मंहगाई की मार पड़ रहा है खाने की तेल, सब्जी,दाल, फल इत्यादि की कीमत दुगुने हो गया वही जनसभा को सम्बोधित करते हुए विधायक ममता चंद्राकर ने दशरंगपुर के उपस्वास्थ्य केंद्र को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की दर्जा की मांग की जिसे स्वास्थ्य मंत्री टी.एस.सिंह देव ने स्वीकारते हुए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की दर्जा देने हामी भरी विधायक ममता ने भूपेश सरकार की जनकल्याकरी योजनाओं की जानकारी दी।

## शासकीय स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय बोडला में कैंपस चलो यात्रा का आगाज किया गया




**बोड़ला।** एनएसयूआई द्वारा शासकिय स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय बोडला(कवर्धा) में कैंपस चलो यात्रा की शुरुआत की गई एनएसयूआई के पूर्व प्रदेश सचिव बंटी खान द्वारा कैंपस चलो यात्रा के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया कि छत्तीसगढ़ राज्य के सभी महाविद्यालयों में यह अभियान चलाया जा रहा है इस अभियान का उद्देश्य महाविद्यालयीन समस्याओ का समाधान इसके अलावा जो महाविद्यालय में जो कमी है उसे लेकर राज्य सरकार से वार्ता करके उक्त कमी को पूरा करना है एवम स्थानीय स्तर पर अन्य कई सारी समस्याएं आती है उस समस्या का समाधान कराना ही कैंपस चलो अभियान का मुख्य कार्य है पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष पुरन मानिकपुरी द्वारा छात्र छात्राओं को बताया गया कि एनएसयूआई छात्र संघ की मांग पर कॉलेज में स्वागत द्वार का निर्माण जनभागीदारी समिति द्वारा कराया गया।

# कैरियर निर्माण एवं व्यावसायिक प्रशिक्षण पर चार पांच सूत्रीय मांगों को लेकर जिला पेंशनर समाज धरना दिया

पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com




छत्तीसगढ़ पेंशनर समाज की जिला इकाई के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने अपनी पांच सूत्रीय मांगों को लेकर एक दिवसीय धरना तहसील कार्यालय के सामने दिया तद्उपरांत प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नाम से अलग-अलग ज्ञापन भी जिला दंडाधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी को सौंपा गया, मंगलवार को छत्तीसगढ़ पेंशनर समाज के जिला इकाई के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने जिला मुख्यालय में स्थित जय स्तंभ चौक के सामने तहसील कार्यालय के पास अपने पांच सूत्रीय मांगों को लेकर एक दिवसीय धरना दिया, धरना प्रदर्शन के बाद अनु विभागीय एवं जिला दंडाधिकारी को प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नाम पर 5 सूत्री मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा गया जिसमें राज्य पुनर्गठन अधिनियम 2000 की धारा 49 क नियम छह में थोपे गए दोनों राज्यों की सहमति की प्रक्रिया समाप्त करने की मांग किया गया है इस संबंध में इन लोगों ने बताया है कि 1 नवंबर 2000 से उत्तरांचल झारखंड छत्तीसगढ़ राज्य के स्थापना हुई जहां पर छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश राज्य के छोड़ कर चारों राज्य सरकार अपने अपने पेंशनरों के देयताओ के भुगतान आदेश जारी करने के लिए स्वतंत्र है लेकिन मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ के पेंशनरो के लिए देयताओं के भुगतान आदेश जारी करने के लिए सहमति की व्यवस्था की गई है जिस को समाप्त करने के लिए 21 सालों से दोनों राज्यों के शासन को पत्र लिखा गया है जिसका आज तक जवाब नहीं मिल पाया है इसलिए दोनों राज्य शासन सहमत होकर इस व्यवस्था व्यवस्था को समाप्त करें इसी तरह 32 महीने का एरियर भुगतान करने की मांग किया गया है इन लोगों का कहना है कि छठे वेतनमान के अनुरूप दिनांक 1 जनवरी 2006 के पूर्व सेवा निवृत पेंशनर परिवार पेंशनरों को 1 जनवरी 2006 से 31 अगस्त 2008 तक का 32 महीने का एरियर भुगतान किया जाए इसी तरह तीसरे मांग के रूप में इन लोगों ने बताया है कि सातवां वेतनमान के अनुरूप दिनांक 1 जनवरी 2016 के पूर्व सेवा निवृत होने वाले पेंशनरों एवं पेंशनर परिवारों को 1 जनवरी 2016 से पुनरीक्षित पेंशन स्वीकृति किया जाकर दिनांक 1 जनवरी 2016 से 31 मार्च 2018 तक 27 महीने का एरियर भुगतान किया जाए इसी प्रकार राहत पेंशन की स्वीकृति 31 परसेंट करने की मांग किया गया है।

## कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने ली कानून व्यवस्था के संबंध में बैठक




**बालोद।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी जनमेजय महोबे और पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार ने संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित बैठक में जिले में कानून व्यवस्था की समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि खरीफ विपणन वर्ष 2021-22 में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी कार्य और धान का उठाव सुचारू रूप से जारी है। कोचियों और बिचौलियों द्वारा अवैध धान परिवहन या विक्रय करते पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई करें। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डी.आर.पोर्ते, जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. रेणुका श्रीवास्तव, एडीएम विनायक शर्मा, एस.डी.एम. बालोद जी.डी. वाहिले, एस.डी.एम. गुण्डरदेही भूपेन्द्र अग्रवाल, एस.डी.एम. डौण्डीलोहारा प्रेमलता चंदेल, एस.डी.एम. गुरूर रश्मि वर्मा मौजूद थे।

# लखमा एवं विधायक ममता ने डबरी में सांस्कृतिक मंच एवं आंगनबाड़ी केंद्र लोकार्पण एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम में हुए शामिल

पायनियर संवाददाता ◀ कवर्धा
www.dailypioneer.com

विकासखण्ड पंडरिया के ग्राम पंचायत डबरी में पंचायत द्वारा आयोजित लोकार्पण एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम आबकारी उद्योग एवं वाणिज्यकर मंत्री छ.ग.शासन कवासी लखमा विधयाक पंडरिया ममता मनोज चंद्राकर प्रदेश महामंत्री छ.ग.प्रदेश कांग्रेस कमेटी अर्जुन तिवारी सदस्य छ.ग.कांग्रेस लालजी चन्द्रवंशी अध्यक्ष जिला कांग्रेस कबीरधाम नीलकंठ चन्द्रवंशी प्रदेश सयोंजक किसान कांग्रेस लालबहादुर चन्द्रवंशी ब्लॉक अध्यक्ष कांग्रेस पंडरिया नवीन जयसवाल ब्लॉक अध्यक्ष उतरा दिवाकर,जोन अध्यक्ष आरती सुमन दीनबंधु चंद्राकर प्रदेश सचिव कांग्रेस सूरज यादव एवं उपसरपंच विम्बलेश्वरी चंद्राकर के गरिमामय उपस्थिति में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ ग्राम महका में सरपंच गणेश यादव अध्यक्ष



युंका शुभम चंद्राकर के नेतृत्व में कैबिनेट मंत्री कवासी लखमा विधायक पंडरिया ममता चंद्राकर एवं जिला अध्यक्ष कांग्रेस नीलकण्ठ चन्द्रवंशी का आतिशबाजी एवं फूलमालाओं से भव्य स्वागत किया ग्राम डबरी में ग्राम पंचायत द्वारा बाजे-गाजे के साथ भव्य स्वागत किया गया एवं बाजे गाजे के सभा स्थल सभी अतिथियों को ससम्मान ले जाया गया, उक्त सभा को जिला अध्यक्ष नीलू चन्द्रवंशी प्रदेश महामंत्री छ.ग.कांग्रेस अर्जुन तिवारी विधायक ममता चंद्राकर एवं मंत्री कवासी लखमा ने संबोधित किया, छत्तीसगढ़ शासन के कैबिनेट मंत्री कवासी लखमा सोमवार ब्लॉक के ग्राम डबरी में निर्मित आंगनबाड़ी भवन व सांस्कृतिक भवन का लोकार्पण किया इस अवसर पर उन्होंने ने कहा छत्तीसगढ़ सरकार हिंदुस्तान का पहला सरकार है कि जो पच्चीस रुपये प्रति किवतल समर्थन मूल्य में धान खरीदने कर्जा माफ करने तथा गोबर खरीदने की कार्य कर रही है, लखमा ने कहा भाजपा केवल धर्म व सम्प्रदाय के नाम पर राजनीति करती है उन्होंने ने कहा केंद्र सरकार छ.ग.सरकार को बारदाना खाद सहित हर मामले में परेशान कर रही है हमे पैसे में भी बारदाना नही दिया जा रहा है कवासी ने महंगाई पर बोलते हुए कहा की कांग्रेस के 70 वर्ष के शासन काल मे पेट्रोल 70 रु था जिसे 7 वर्ष में 100 रु से भी अधिक कर दिया केंद्र सरकार पर उन्होंने किसान गरीब विरोधी होने का आरोप लगाया।

## वर्मी कम्पोस्ट के उत्पादन की जानकारी ली

# उपार्जन केन्द्रों से धान के उठाव में तेजी लाएं : कलेक्टर

पायनियर संवाददाता ◀ बालोद
www.dailypioneer.com




कलेक्टर जनमेजय महोबे ने कहा कि जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य सुचारू रूप से जारी है, उपार्जन केन्द्रों से धान के उठाव में तेजी लाएँ। महोबे आज संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित समय सीमा की बैठक में निर्देशित कर रहे थे। उन्होंने अब तक हुए धान उठाव की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने उपार्जन केन्द्रों के लिए नियुक्त नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे जिम्मेदारीपूर्वक धान उपार्जन केन्द्रों का निरीक्षण करें। धान उपार्जन केन्द्रों में सुचारू रूप से धान खरीदी कार्य जारी रहे। उन्होंने कहा कि धान उपार्जन केन्द्रों में किसानों को परेशानी न हो। उन्होंने मिलर्स तथा शासकीय उचित मूल्य की दुकानों से प्राप्त बारदानों की जानकारी ली। कलेक्टर ने गोधन न्याय योजना के तहत् खरीदे गए गोबर से वर्मी कम्पोस्ट के उत्पादन की विकासखण्डवार जानकारी ली और वर्मी कम्पोस्ट के उत्पादन में धीमी प्रगति पर अप्रसन्नता व्यक्त की।

उन्होंने जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों और नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को वर्मी कम्पोस्ट के उत्पादन में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने चयनित गौठानों में विभिन्न आजीविकामूलक गतिविधियों के संचालन की जानकारी ली और नियमित रूप से आजीविकामूलक गतिविधियाँ संचालित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने मुख्यमंत्री निवास, राज्य सचिवालय, पीजीएन, कमिश्नर कार्यालय, कलेक्टर जनचौपाल आदि में प्राप्त प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा विभागवार की और शेष प्रकरणों का समय सीमा में निराकरण के निर्देश संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिए। बैठक में जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. रेणुका श्रीवास्तव, एडीएम विनायक शर्मा, एस.डी.एम. बालोद गंगाधर वाहिले, एस.डी.एम. गुण्डरदेही भूपेन्द्र अग्रवाल, एस.डी.एम. डौण्डीलोहारा प्रेमलता चंदेल, एस.डी.एम. गुरूर रश्मि वर्मा, डिप्टी कलेक्टर सिल्ली थामस, अभिषेक दीवान, सुब्रत प्रधान, मनोज मरकाम, जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

# चोरी हुए मोटर सायकल कीमती 30 हजार रूपये सहित आरोपी युवक गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



प्रार्थी झुलऊ राम पिता स्वं. रमेसर साहू उम्र 65 साल साकिन कठौतिया थाना दाढी जिला बेमेतरा ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 19 न. के दरम्यानी रात कोई अज्ञात चोर ने घर के कमरे अंदर रखे मोटर सायकल हीरो एचएफ डिलक्स क्रमांक सीजी 09 जेएफ 2812 कीमती करीबन 30 हजार रूपये घर कमरा अंदर से कोई चोरी कर ले गया है कि रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 145/21 धारा 457,380 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया। उक्त घटना के संबंध में वरिष्ट अधिकारियो को अवगत कराया गया।

जिस पर पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह के निर्देशन पर अति. पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, एसडीओपी बेमेतरा राजीव शर्मा के द्वारा थाना दाढी प्रभारी एवं स्टाफ को माल मुल्जिम पता तलास कर कार्यवाही करने निर्देशित किया गया। प्रकरण में विवेचना के दौरान मुखबीर सूचना के अधार पर संदेही खुमेश्वर ऊर्फ खुमेश उम्र 19 साल साकिन लालपुर थाना दाढी जिला बेमेतरा हाल ग्राम अखरार थाना लोरमी जिला मुंगेली को अभिरक्षा में लेकर पुछताछ किया गया। जो अपना जुर्म करना स्वीकार करते हुए बताया कि अपने मामा गांव अखरार थाना लोरमी में रहना एवं आज से 15 - 16 दिन पहले अपने बडे पापा संतोष गंधर्व ग्राम कठौतिया के घर मिलने के लिए आया था लेकिन उसके घर नही गया।

गांव में ही घुमते रहा और घटना दिनांक को रात्रि में ग्राम कठौतिया के एक घर अंदर चोरी करने गया था जहां कमरा में रखे मोटर सायकल हीरो एचएफ डिलक्स को चोरी करना बताया। आरोपी खुमेश्वर ऊर्फ खुमेश उम्र 19 साल के निशादेही पर मोटर सायकल हीरो एचएफ डिलक्स क्रमांक सीजी 09 जेएफ 2812 कीमती करीबन 30 हजार रूपये को बरामद किया गया। आरोपी 01. खुमेश्वर ऊर्फ खुमेश पिता दिलीप गंधर्व उम्र 19 साल साकिन लालपुर थाना दाढी जिला बेमेतरा हाल ग्राम अखरार थाना लोरमी जिला मुंगेली को विधिवत गिरफ्तार कर दिनांक 06 दिस. को न्यायालय पेश किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना दाढी प्रभारी निरीक्षक राजेश मिश्रा, प्रधान आरक्षक रामकुमार दिवाकर, आरक्षक भुपेन्द्र चंद्रवंशी, ओमकार निर्मलकर, छन्नु टंडन, बालमुकुंद सिंह, संजय चंद्राकर एवं अन्य स्टाफ का सराहनीय भूमिका रही।

# किसानों की मेहनत पर फिरा पानी खराब धान के बीज ने दिया धोखा

पायनियर संवाददाता रायगढ़
www.dailypioneer.com



धरमजयगढ़ क्षेत्र में खराब धान बीज की सप्लाई की वजह से अब कई किसान दाने-दाने को मोहताज हैं और मुआवजा देने की मांग कर रहे हैं। मुआवजा न मिलने की स्थिति में किसानों को कोई रास्ता नहीं सूझ रहा है।

दरअसल कृषि विभाग की तरफ से धान का बीज किसानों को बेचा गया था। किसानों ने अपने खून-पसीने से इस फसल को बोया और सींचा लेकिन फसल जब तैयार हुई तो खराब बीज की वजह से धान में बालियां तो लगी लेकिन बालियों में बीज ही नहीं हुए। इस संबंध में प्राप्त जानकारी के मुताबिक संबंधित ग्रामसेवक द्वारा धरमजयगढ़ क्षेत्र के कई किसानों को किसान मित्र के सहयोग से आर पी बायो 226 किस्म का धान बीज प्रदान किया गया था। जिसमें किसानों को बताया गया था कि उक्त धान पतला धान होने के साथ साथ 130 दिन में पक कर तैयार हो जाता है, साथ ही कम लागत व कम पानी मे उपज होने वाली फसल के रूप में क्षेत्र के किसानों को यह धान बीज दिया गया था। वहीं लघु सीमान्त किसानों के लिए आधा दर में बीज उपलब्ध कराया गया था। जिसके तहत इन किसानों को 30 ह का बोरी 900 रुपये के दर से प्रदान किया गया था। सरकारी धान बीज की कथित धोखाधड़ी का शिकार हुए क्षेत्र के दो गांव के किसानों की बात करें तो बंगरसुता में पवन सिंह, लालन सिंह, तेज प्रताप सहित अन्य किसानों ने इस धान की रोपाई अपने अपने खेतों में की थी। वहीँ महराजगंज गांव के चनेश राम राठिया, अभिमन्यु राठिया, छत्रसाल, अरुण सहित दर्जनों किसान धान के बीज के दुष्प्रभाव का खामियाजा भुगत रहे हैं। वहीं बंगरसुता के एक किसान ने बताया कि वह तीन एकड़ भूमि में 90 बोरी धान उपार्जित करता था जो आज इस बीज को लगाने के बाद 9 बोरी धान की पैदावार हो पाना मुश्किल लग रहा है।

किसानों का आरोप है कि उन्हें पैसे लेकर सरकार की तरफ से धान का बीज दिया गया था, लेकिन इन बीजों की खराब किस्म की वजह से धान में बालियां तक नहीं लगीं और जहां बालियां लगी भी हैं तो उनमें बीज नहीं हैं। उन्होंने कहा कि जहां एक बीघे में 6-7 क्विंटल धान की पैदावार होती थी अब एक क्विंटल भी मुनासिब नहीं हो पायेगा। इस संबंध में धरमजयगढ़ वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी ए के पटनायक ने फोन पर बताया कि कई ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी के माध्यम से इस तरह की शिकायतें मिली हैं। जिसके संबंध में जिला प्रशासन एवं बीज निगम को अवगत कराया गया है। मुआवजे के बारे में उन्होंने कहा कि इस संबंध में उच्च अधिकारियों से प्राप्त दिशानिर्देश के अनुसार आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

# लिफ्ट लेकर ट्रक ड्राइवर से मारपीट और लूट पुलिस की नाकेबंदी में पकड़े गए दोनों आरोपी

पायनियर संवाददाता रायगढ़
www.dailypioneer.com

रायगढ़- घरघोड़ा मुख्य मार्ग पर सोमवार को उस समय एक ट्रक ड्राइवर को लड़कों को लिफ्ट देना महंगा पड़ गया जब लिफ्ट के बहाने ट्रक में चढ़े दोनों युवक ड्राइवर से गाली गलौज, मारपीट कर उससे 1,000 , मोबाइल छिनने के बाद ट्रक से नीचे उतार कर ट्रक को ही लूटकर भागने लगे किसी तरह ट्रक का ड्राइवर अपने मालिक को बताया। सूचना कोतवाली पुलिस को मिलने पर थाना प्रभारी मनीष नागर, पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीना के दिशा निर्देशन पर तत्काल क्षेत्र में नाकेबंदी कर दोनों आरोपियों को ट्रक के साथ पकड़ा गया है, जिनसे नकदी रुपए, मोबाइल और ट्रक की जब्ती की गई है। दोनों आरोपियों को लूट के अपराध में रिमांड पर भेजा गया है।

**आरोपियों से लूट की रकम व सामान बरामद**



रिपोर्टकर्ता ट्रक ड्रायवर सत्यनारायण यादव पिता विजय यादव उम्र 23 वर्ष निवासी छतरपुर, पलामू झारखंड बताया कि सुबह 11:30 बजे करीब रायगढ़ विमला साइडिंग से बायलट गोली लोड कर सिंघल फैक्ट्री पूंजीपथरा जा रहा था, 18 नाला के पास दो अज्ञात व्यक्ति गाडी रोकने हाथ दिये, अंजान होने के कारण और कुछ पेचकस जैसा सामान पकड़े होने के कारण गाड़ी नहीं रोका। थोडा आगे जाकर गाडी को रोका था, उसी समय दोनों लड़के लाखा जाना है कहकर गाडी के दरवाजा को खोलकर बैठ गए। लाखा के आसपास पहुंचा था कि दोनों गाली गलौज करते हुए रियलमी मोबाईल, नगदी 1000 रूपये को लूट लिये और मारपीट करके गाडी से उतार दिये। दोनों लड़के ट्रक को लेकर भाग गये थे, ढाबा जाकर वहां मोबाइल मांगकर वाहन मालिक को घटना की जानकारी दिया। घटना की सूचना पर कोतवाली थाना प्रभारी मनीष नागर अपने स्टाफ के साथ पेट्रोलिंग करते हुए लाखा की ओर जा रहे थे, तभी 18 नाला के पास दोनों युवकों को ट्रक के साथ पकड़े। पूछताछ में आरोपी संजय बघेल और सनत कुमार सारथी लूटपाट के नियत से ही ट्रक ड्राइवर को रोकना और घटना कार्य करना स्वीकार किए हैं। आरोपी संजय बघेल उम्र 24 वर्ष निवासी कांशी राम चैक वार्ड क्रमांक 33 चैकी जूटमिल थाना कोतवाली रायगढ़ तथा सनत कुमार सारथी उम्र 27 वर्ष निवासी ग्राम घुघवा थाना पुसौर का रहने वाला बताये , जिन्हें लूट के अपराध में गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के मेमोरेंडम पर आरोपी संजय बघेल से नगदी 1,000 और ड्राइवर का रियल मी कंपनी का मोबाइल तथा आरोपी सनत कुमार सारथी से लूटे हुए ट्रक क्रमांक सीजी 13 एडी 2523 कीमती 22,00,000 को गवाहों के समक्ष जब्ती किया गया। दोनों आरोपियों को थाना कोतवाली के धारा 392,294,323,506,34 के अपराध में रिमांड पर भेजा गया है।

# पुलिस कप्तान ने कंट्रोल रूम में लगाया जन दर्शन



आम जन की समस्याओं से हुए रूबरू

पायनियर संवाददाता रायगढ़
www.dailypioneer.com

आमजन की शिकायतों, समस्याओं का त्वरित निराकरण के उद्देश्य से प्रदेश शासन एवं पुलिस मुख्यालय द्वारा पुलिस अधिकारियों को सभी क्षेत्र अंतर्गत जनदर्शन कार्यक्रम आयोजित करने का दिशा निर्देश दिया गया है। जिसके परिपालन में जिला पुलिस द्वारा अनुविभाग स्तर पर जनदर्शन कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं।

इसी क्रम में सोमवार को पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीना का जनदर्शन कार्यक्रम पुलिस कंट्रोल रूम परिसर चक्रधरनगर में दोपहर 12 से 2 के मध्य रखा गया है, जिसमें पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीना आमजनों से रूबरू होकर उनकी लिखित एवं मौखिक शिकायत समस्याएं सुनेंगे। इसके पूर्व थाना घरघोड़ा क्षेत्र अंतर्गत जनदर्शन कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक द्वारा मीडिया के माध्यम से आमजनों से कहा गया था कि शिकायतकर्ता आवेदक पुलिस विभाग सहित अन्य विभागों के भी शिकायतेंध्समस्याएं जनदर्शन कार्यक्रम में ला सकते हैं जिनका संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित कर उचित निराकरण कराया जाएगा। पुलिस अधीक्षक द्वारा इस प्रकार आयोजित जनदर्शन का लाभ प्राप्त करने आमजन से अपील किया गया है ।

# रेलवे साइडिंग में हुई चोरियों का खुलासा, गिरफ्त में आए 3 शातिर चोर

- **रायगढ़. घरघोड़ा पुलिस ने रेलवे साईडिंग में हुई चोरियों का खुलासा करते हुए तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार कर लिया है**

पायनियर संवाददाता रायगढ़
www.dailypioneer.com



इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार रेल्वे लाईन में आए दिन तांबा तार व अन्य सामानों की चोरी की शिकायतें मिलने पर पुलिस अधीक्षक, अति. पुलिस अधीक्षक के निर्देश व एस.डी.ओ.पी. धरमजयगढ़ दीपक मिश्रा के मार्गदर्शन पर निरीक्षक अमित सिंह थाना प्रभारी घरघोडा द्वारा टीम बनाकर क्षेत्र के चोर गुठों के पतासाजी हेतु निर्देश दिया गया जो चोरी के हर वारदातों को बारिकी से छानबीन करते हुए तथा मुखबीरों के सूचना पर संदिग्ध आरोपी लक्ष्मीनारायण सारथी उम्र 35 वर्ष नि. बैहामुडा, राम सिदार उम्र 18 वर्ष नि. बासनपाली थाना तमनार हा.मु. बैहामुडा, सुरेन्द्र चैहान उम्र 18 वर्ष नि. बैहामुडा थाना घरघोडा को बारिकी से पूछताछ की गई जो क्षेत्र के नव निर्माणाधीन संचालित रेल्वे लाईन में कारीछापर से चारमार मध्य चोरी की वारदातों को घटित करना कबूल किये तथा थाना घरघोड़ा में दर्ज धारा 379 भा.द.वि. तथा धारा 379 भा.द.वि. के अपहृत संपत्ति को चोरी करना तथा पूर्व में धारा 102 जा.फौ. में जप्त कॉपर तांबा तार कीमति 80000 को चोरी कर विक्रय करने दौरान भनक लगने पर छोड कर भागना कबूल किये। उक्त आरोपियों से थाना घरघोड़ा के तीन प्रकरणों का खुलासा हुआ। आरोपियों के पेश करने पर कुल 45000रू. का रेल्वे लाईन केबल कॉपर तांबा तार तथा रेल्वे खंभा का केटीलिवर कीमति 40000रू. जुमला कीमति 95000 को जप्त किया गया।

पूर्व में 102 जा.फौ. में जप्त कॉपर तांबा तार कीमति 80000 को धारा 41(1-4) 379,34 भा.द.वि. में शुमार करते हुए आरोपियों को थाना घरघोड़ा के धारा 379 भा.द.वि., धारा 379 भा.द.वि. तथा धारा 41(1-4) जा.फौ. 379,34 भा.द.वि. में गिरफ्तार कर आरोपियों न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। समस्त कार्यवाही में निरीक्षक अमित सिंह थाना प्रभारी घरघोड़ा, सहा.उपनिरी. चंदनसिंह नेताम, आर. नंदु पैंकरा, नरेन्द्र पैंकरा, बीरबल भगत, विरेन्द्र भगत, भानु चंद्रा, संजु टोप्पो की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# नगर पंचायत अड़भार में कड़कड़ाती ठंड में भी तड़के सुबह चल रहा सफाई अभियान जोरों से

**सक्ती।** नगर पंचायत अड़भार के सभी वार्डों में स्वच्छता अभियान जोरों से चल रहा है, नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती चंद्रप्रभा गर्ग, मुख्य नगरपालिका अधिकारी प्रताप सिंह राजपूत के दिशा- निर्देशन में सफाई दरोगा विकास देवांगन द्वारा प्रतिदिन नियमित रूप से तड़के सुबह एवं देर शाम तक शहर के सभी वार्डों में स्वच्छता मित्रों के सहयोग से सफाई का अभियान चलाए जा रहा हैं, तथा वर्तमान में कोविड-19 के टीकाकरण अभियान के चलते भी स्वच्छता की ओर विशेष रूप से नगर पंचायत ध्यान दे रहा है, साथ ही लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है, इस दिशा में नगर पंचायत के जनप्रतिनिधि एवं शहर वासी भी अपना भरपूर योगदान दे रहे हैं, कहीं नगर पंचायत के जनप्रतिनिधियों का मानना है कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा विगत दिनों नगर पंचायत को स्वच्छता के क्षेत्र में अग्रणी सम्मान से सम्मानित किया गया है, तो हमें सब मिलकर इस पहचान को बनाए रखना है।



# कोरोना काल में 10वीं-12वीं के परीक्षार्थियों से लिया अधिक फीस

## नई हुई परीक्षा दिया जनरल प्रमोशन

पायनियर संवाददाता जैजैपुर
www.dailypioneer.com

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शासकीय उच्तर माध्यमिक विद्यालय घिवरा में सन 2019-20 में करोना काल के समय में 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा में प्रति छात्रों से 1100 रुपये लिया गया एवं नवमी एवं 11वीं की फीस 1000 रुपये विद्यालय के शिक्षकों द्वारा लिए जाने की बात उजागर हुई है। वहीं पर छात्रों ने भी बताया कि सन 2020-21 में छात्रों से 600 रुपये फीस जमा करने की बात कही गई तथा सेंटर बनाने के लिए 150रुपये लिया गया ।जहां पर माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर छत्तीसगढ़ के द्वारा 2019 से 2021 तक छात्रों परीक्षा फीस जमा किए । जबकि कोविड-19 शासन के द्वारा 20 20 - 21 में प्रत्येक छात्रों से 600 रुपये परीक्षा फीस विद्यालय के द्वारा वसूली किया गया । जहां पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय घिवरा के द्वारा अपने विद्यालय को सेंटर बनाने के लिए 150 रूपये वसूली करने की बात उजागर हुई है ।इस तरह से देखा जाए तो कोविड-19 20 में शासन ने परीक्षा ही नहीं हुआ वहीं पर सभी छात्रों को शत प्रतिशत सफलता घोषित किया गया । माध्यमिक शिक्षा मंडल छत्तीसगढ़ रायपुर के द्वारा जनरल प्रमोशन दिया गया ।इस तरह से जब परीक्षा ही नहीं हुई तो फिर शासन के खाते में कैसे प्राचार्य महोदय ने जमा किया यह सोचने वाली बात सामने आ रही है ।

उच्चतर माध्यमिक विद्यालय घिवरा के प्राचार्य बजरंग श्रीवास ने बताया है वहीं पर 2020-21 में भी फीस लेने की बात आई है जबकि माध्यमिक शिक्षा मंडल छत्तीसगढ़ रायपुर के द्वारा करोना के समय छात्रों से फीस लेना उचित नहीं समझा । क्योंकि उस पर जनरल प्रमोशन माध्यमिक शिक्षा मंडल छत्तीसगढ़ रायपुर के द्वारा दिया गया था वहीं पर आज की स्थिति में अगस्त, सितंबर 2021में शासकीय उच्त्तर माध्यमिक विद्यालय घिवरा के प्राचार्य के द्वारा 50-50 प्रतिशत छात्रों की उपस्थिति में विद्यालय लगाने की बात सामने आई है जबकि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय घिवरा में उतना अधिक मात्रा में विद्यार्थी नहीं है । अन्य जगहों पर विद्यालय का संचालन शाम 4:00 बजे तक चलता रहा लेकिन घिवरा विद्यालय में 2:30 बजे अंतिम पीरियड होने के होने की बात कह कर विद्यालय से सभी छात्रों को छुट्टी देने की बात सामने आई है ।

बड़ी मजेदार बात यह है कि सन 2019 - 20 तक की माध्यमिक शिक्षा मंडल छत्तीसगढ़ रायपुर के द्वारा अन्य विद्यालयों में परीक्षा फीस नहीं लिया गया लेकिन छत्तीसगढ़ के एक स्कूल घिवरा जहां पर विद्यालय के शिक्षकों के द्वारा परीक्षा फ़ीस लेने की बात आई है । यह तो माध्यमिक शिक्षा मंडल छत्तीसगढ़ रायपुर ही जाने कि छात्रों से फीस लेना था या फिर नहीं फीस लेना था ।

# जिले के प्रभारी सचिव निरंजन दास ने किया धान उपार्जन केन्द्रों का निरीक्षण

- **टोकन, बारदाने व मूलभूत व्यवस्थाओं के संबंध में किसानों से ली जानकारी**
- **धान की नमी मापने के दिए निर्देश**

पायनियर संवाददाता रायगढ़
www.dailypioneer.com



प्रबंध संचालक छ.ग.राज्य आपूर्ति निगम व सचिव वाणिज्यिक कर (आबकारी) तथा जिले के प्रभारी सचिव निरंजन दास ने सोमवार को रायगढ़ जिले के विभिन्न उपार्जन केन्द्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान सचिव श्री दास ने धान उपार्जन केन्द्र बरमकेला का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने धान की क्वालिटी, धान की नमी का मापन एवं धान की तौलाई का निरीक्षण किया। बरमकेला निवासी भागीरथी सिदार ने बताया कि केन्द्रों में सभी प्रकार की समुचित व्यवस्था की गई है। टोकन भी समय में मिल जा रहा है एवं भुगतान भी समय से बैंक के माध्यम से की जा रही है। यहां उन्होंने प्रबंधक श्री धरमपाल से उपलब्ध बारदानों के संबंध में जानकारी ली। उपार्जन केन्द्र में बारदानों की सिलाई व्यवस्था को भी देखा तथा उन्होंने बारदानों की सिलाई का कार्य तेजी से करने के निर्देश दिए, जिससे खरीदी प्रभावित न हो। इसके साथ ही उन्होंने प्रबंधक को उपार्जन केन्द्र को सुबह जल्दी प्रारंभ करने के निर्देश दिए ताकि किसानों को धान विक्रय करने में और अधिक सुविधा हो सके। इसके पश्चात सचिव श्री दास ने सरिया उपार्जन केन्द्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने यहां धान तौलाई का निरीक्षण किया।

इसके बाद उन्होंने धान उर्पाजन केन्द्र सालर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने हसौद निवासी किसान श्री अभिलाल से चर्चा की। इसके पश्चात उन्होंने पटेलपाली धान संग्रहण केन्द्र का निरीक्षण किया। इसके पश्चात उन्होंने रियापारा रायगढ़ वार्ड क्रमांक 8 स्थित उचित मूल्य की दुकान का भी निरीक्षण किया। यहां उन्होंने चांवल की क्वॉलिटी, पीओएस मशीन, टैबलेट मशीन का निरीक्षण किया। प्रभारी सचिव निरंजन दास ने पुसौर विकासखण्ड के छपोरा के धान उपार्जन केन्द्र का भी निरीक्षण किया। इस दौरान एसडीएम रायगढ़ युगल किशोर उर्वशा, जिला खाद्य अधिकारी जी.पी.राठिया, उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं सुरेन्द्र कुमार गोंड़, सहायक खाद्य अधिकारी चितरंजन सिंह, नॉन जिला प्रबंधक श्री आदि नारायण सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# नटवर स्कूल का नाम रहेगा पूर्ववत नाम वाले बोर्ड का जल्द होगा रंगरोगन

पायनियर संवाददाता रायगढ़
www.dailypioneer.com

रायगढ़ के प्रसिद्ध सेठ किरोड़ीमल नटवर हाई स्कूल के नामकरण को लेकर एक नया विवाद शुरू हो गया है। शिक्षा विभाग के द्वारा इस स्कूल में स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल संचालित करने के आदेश के बाद स्कूल के पुराने नाम के बोर्ड को बदलकर स्वामी आत्मानंद के नाम वाला बोर्ड लगाए जाने के बाद शहर के लोगों ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है और स्कूल का नाम पुराने नाम पर रखे जाने की मांग करते हुए सर्वदलीय मंच की ओर से जिलाधीश को इस आशय का ज्ञापन भी सौंपा गया है। वहीं फेसबुक वाट्सअप में भी विरोध के स्वर मुखर हो रहे हैं।

नटवर स्कूल के नामकरण को लेकर विवाद शुरू होनें के बाद नटवर स्कूल के नाम बदले जाने की खबर के संबंध में जिला शिक्षाधिकारी आर.पी.आदित्य ने बताया है कि छत्तीसगढ़ शासन की योजना अंतर्गत नटवर स्कूल में स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय का संचालन किया जा रहा है। इसमें हिन्दी और अंग्रेजी दोनों माध्यम की कक्षाएं संचालित होंगी। विद्यालय का नाम किरोड़ीमल नटवर स्कूल पूर्ववत रहेगा। अंग्रेजी माध्यम स्कूल संचालित है इसलिए स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय का नाम अंकित किया गया है। इसके साथ ही उन्होंने जानकारी दी है कि भवन में लगे नटवर स्कूल के नाम वाले बोर्ड का जीर्णोद्धार व रंगरोगन भी जल्द पूरा कर लिया जाएगा।



### 108 वर्ष पुराना है नटवर स्कूल

रायगढ़ के राजा भूपदेव सिंह ने 1913 में अपने पुत्र नटवर सिंह के नाम से नटवर मिडिल स्कूल का निर्माण किया था बाद में रायगढ़ के दानवीर सेठ किरोड़ीमल ने नटवर हाई स्कूल का भव्य तीनमंजिला भवन 1954 में बनवाकर मध्यप्रदेश राज्य में इतिहास रच दिया द्य इस विद्यालय से पढ़ कर अनेक विद्यार्थी डॉक्टर, इंजीनियर, नामी वकील, कलेक्टर, न्यायाधीश ,एस.पी. और ख्यातिनाम नेता ,व्यवसायी, पत्रकार शिक्षाविद् बने हैं। यह विद्यालय रायगढ् की शान और पहचान है।

# लंबे आंदोलन व संघर्ष के बाद मुख्यमंत्री की पहल पर बनी सहमति

पायनियर संवाददाता रायगढ़
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के लगातार प्रयासों और विशेष पहल से रायगढ़ में आयोजित कार्यक्रम में एनटीपीसी लारा ताप विद्युत परियोजना के लिए भूमि अधिग्रहण से प्रभावित 9 गांवों के 49 भू-विस्थापित लोगों को उनकी पात्रता के अनुसार एनटीपीसी लारा द्वारा स्थायी नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। मुख्यमंत्री श्री बघेल भी इस कार्यक्रम में अपने निवास कार्यालय से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े। उन्होंने नौकरी प्राप्त करने वाले सभी लोगों को बधाई और शुभकामनाएं दी। उल्लेखनीय है कि इसके पहले भी प्रभावित 6 भू-विस्थापितों को नौकरी दी गई थी। मुख्यमंत्री के निर्देश पर शेष बचे पदों पर भर्ती के लिए फिर से विज्ञापन निकालकर परीक्षा आयोजित की गई, जिसके माध्यम से 49 लोगों को आज नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। इस तरह अब तक कुल 55 भू-विस्थापितों को पात्रतानुसार नौकरी दी जा चुकी है।

एनटीपीसी लारा द्वारा भू-विस्थापितों के लिए विभिन्न कुशल ट्रेडों में आईआईटी डिप्लोमा, लैब असिस्टेंट और असिस्टेंट जनरल के 79 पदों पर भर्ती का विज्ञापन निकाला गया था। इनमें से 22 आरक्षित पदों पर नियुक्ति होना अभी शेष है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अभी भी शेष बचे हुए भर्ती के 22 पदों पर पात्र भू-विस्थापित लोगों को उनकी योग्यता अनुसार नियुक्ति प्रदान करने के लिए उचित पहल करने के निर्देश कार्यक्रम में उपस्थित एनटीपीसी प्रबंधन के अधिकारियों और कलेक्टर रायगढ़ को दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में कहा कि एनटीपीसी लारा के लिए अधिग्रहित की गई भूमि से प्रभावित हुए भू-विस्थापितों को पात्रतानुसार प्राथमिकता के आधार पर एनटीपीसी लारा में भविष्य में होने वाली भर्तियों में नौकरी दी जानी चाहिए।

छत्तीसगढ़ के लोगों को भी भर्ती में प्राथमिकता दी जानी चाहिए। कार्यक्रम में उपस्थित एनटीपीसी लारा के ईडी आलोक गुप्ता ने मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार प्रभावित भू-विस्थापितों और छत्तीसगढ़ के लोगों को भविष्य में होने वाली भर्तियों में प्राथमिकता देने का आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने एनटीपीसी लारा के भू-विस्थापितों को पात्रता अनुसार नान एक्जिक्यूटिव पदों पर नौकरी देने के निर्देश 5 मार्च 2019 को अपने निवास कार्यालय में आयोजित बैठक में एनटीपीसी के वरिष्ठ अधिकारियों, राजस्व मंत्री, मुख्य सचिव, राजस्व सचिव और कलेक्टर रायगढ़ की बैठक में दिए थे, जिसके तारतम्य में भू-विस्थापितों के लिए विभिन्न कुशल ट्रेडों में आईआईटी डिप्लोमा, लैब असिस्टेंट और असिस्टेंट जनरल के 79 पदों पर भर्ती का विज्ञापन जारी किया गया था। इसके लिए प्रथम चरण में आयोजित लिखित परीक्षा और कौशल परीक्षण के आधार पर 6 उम्मीदवारों को नियुक्ति प्रदान की गई थी। मुख्यमंत्री के निर्देश पर एनटीपीसी लारा द्वारा नवम्बर 2020 में 73 पदों पर भर्ती के लिए पुनरू विज्ञापन निकाला गया, जिसके लिए परीक्षा के बाद 49 उम्मीदवारों का चयन किया गया, जिन्हें आज नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम के दौरान विधायक प्रकाश नायक ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया। रायगढ़ में आयोजित कार्यक्रम में विधायक प्रकाश नायक, कलेक्टर रायगढ़ भीम सिंह, एनटीपीसी लारा के ईडी आलोक गुप्ता, एजीएम एचआर कन्हैया दास, अनिल अग्रवाल सहित नियुक्ति पत्र पाने वाले लोग और उनके परिजन उपस्थित थे।

# पत्थलगांव में प्रदेश शिक्षक कल्याण संघ का जिला स्तरीय सम्मेलन आयोजित

## पेंशन योजना का लाभ दिलाने पर जताया भरोसा

पायनियर संवाददाता < पत्थलगांव
www.dailypioneer.com

विधायक राम पुकार सिंह के मुख्य आतिथ्य और प्रांत अध्यक्ष चंद्रभानु मिश्र अध्यक्षता में प्रदेश शिक्षक कल्याण संघ का जसपुर जिला का सम्मेलन 5 दिसंबर को पत्थलगांव में संपन्न हुआ। जिला स्तरीय सम्मेलन में जसपुर जिले के सभी विकास खंडों से 2004 के पूर्व नियुक्त शिक्षक एलबी संवर्ग बड़ी संख्या में उपस्थित थे। सम्मेलन में प्रदेश के विभिन्न जिलों के संघ के पदाधिकारी भी मौजूद थे। बहुत ही व्यस्त कार्यक्रम होने के बावजूद मुख्य अतिथि रामपुकार सिंह के सम्मेलन में पधारने पर सभी साथियों ने बहुत ही गर्मजोशी के साथ उनका स्वागत किया उन्हें अपने बीच पाकर सभी



साथी उत्साहित थे। प्रांत अध्यक्ष चंद्र भानु मिश्रा ने सम्मेलन के उद्देश्य व प्रदेश शिक्षक कल्याण संघ के 1 सूत्रीय मांग के बारे में अवगत कराया।

मिश्र ने 1998 से शिक्षाकर्मी के रूप में बहुत ही अल्प वेतन , और उसमें भी अनियमित भुगतान से शिक्षकीय कार्य की शुरुआत और 2018 में संविलियन होकर अब सेवानिवृत्त होने तक की सफर का वृतांत बताया। इस संघर्षपूर्ण सफर में संविलियन की खुशी के साथ ही नई राष्ट्रीय पेंशन स्कीम के अभिशाप की मार पड़ने के कारण जीवन के अंतिम पड़ाव पर अवसाद पूर्ण जीवन जीने के लिए मजबूर अपनी पीड़ा से अवगत कराया। मिश्र ने शिक्षक एलबी संवर्ग की व्यथा प्रकट करते हुए कहा कि.. छत्तीसगढ़ शासन 2004 से पूर्व नियुक्त समस्त विभाग के समस्त कर्मचारियों को पुरानी पेंशन का लाभ दे रही है अगर किसी को नहीं दे रही है तो वह है, 2004 से पूर्व नियुक्त शिक्षक एलबी संवर्ग। उन्होंने पुरानी पेंशन हमारा संवैधानिक अधिकार है ,इस संबंध में कई तथ्य प्रस्तुत किए। उन्होंने महोदय से कहा कि हमें संवैधानिक अधिकार से वंचित न किया जाए और हमारे जीवन को टूटने और बिखरने से बचाया जाए आखिर हम आपके ही बेटे बेटियां हैं। प्रांत अध्यक्ष के भाव पूर्ण उद्बोधन से संवेदनशील ,विवेकी ,सत्य व संवैधानिक अधिकार के पक्षधर, जनता की सेवा के लिए समर्पित , शिक्षक के रूप में अपने कैरियर की शुरुआत करने वाले संसदीय सचिव छत्तीसगढ़ शासन माननीय रामपुकार सिंह जी भावुक हो उठे। वे हमारी व्यथा से स्वयं व्यथित हो उठे। उन्होंने दृढ़ता से हमारी एकमात्र मांग..पुरानी पेंशन हमारा संवैधानिक अधिकार है...को न्याय संगत स्वीकारते और हमारा समर्थन करते हुए कहा कि ..मैं आप लोगों के साथ हूं और हर संभव आप सबका सहयोग करने व शासन स्तर पर आपकी बात रखने के लिए तैयार हूं। अतिथि के आत्मीय उद्बोधन ने सभी साथियों के चेहरे में आशा, हर्ष और आत्मविश्वास भर दिया है।

# मनोरा के घाघरा में नागपुरी आर्केस्ट्रा देखने गए सचिव की ओमनी को अज्ञात लोगों ने फूंका

## सड़क में वाहन से कई हादसे हुए, दर्जनों के घायल की खबर, इलाज जारी

पायनियर संवाददाता < मनोरा
www.dailypioneer.com

खबर जशपुर जिले के मनोरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम घाघरा जशपुर मार्ग से आ रही है जहां बीती रात लगभग कयामत की रात साबित हो रही थी। प्रसिद्ध राजनेता की पुण्यतिथि पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम नागपुरी आर्केस्ट्रा एवं भंडारा में शामिल होने के लिए दूरदराज से बड़ी संख्या में लोगों का यहां आना हुआ। लेकिन कार्यक्रम पर प्रशासन की व्यवस्था को लेकर सवाल तब उठने लगे जब पूरी रात हर 1 घंटे में दुर्घटना की खबर सामने आने लगी। सोमवार और मंगलवार की दरमियानी खूनी रात साबित हो रही थी। बताया जा रहा है कि लगभग एक दर्जन बड़ी दुर्घटना क्षेत्र में हुई जिसमें दर्जनों लोग घायल हुए हैं। कुछ घायल अस्पताल पहुंचे कुछ रेफर कर दिए गए वही कुछ सामान्य चोट होने पर सीधे अपने घर चले गए। वही जरिया फतेहपुर के पास एक व्यक्ति के सड़क दुर्घटना में गम्भीर घायल होने की पुष्टि हुई है। वहीं एक ओमनी कार को बीती रात आग के हवाले कर दिया गया जिस पर आरोप था की बच्चियों के साथ अभिभावक सवार आ रहे स्कूटी को ओमनी कार ने ठोकर मारी थी, जिसमें बच्चे सहित अभिभावक घायल हुए। सोमवार और मंगलवार की दरमियानी रात हुई दुर्घटनाओं के सम्बंध में मिली जानकारी के मुताबिक घाघरा में सुमन दुकान के सामने दो बाइक सवार आपस में भिड़े जिसमें दोनों घायल हो गए। घाघरा से लगे ग्राम नगड़ा में ओमनी और स्कूटी की टक्कर हुई, ओमनी की ठोकर से तीन बच्चे सहित स्कूटी चालक घायल हुए।



### यहां भी हुए सड़क हादसे

ग्राम टेम्पू में पैदल चलते हुए ग्रामीण को बाइकसवार ने ठोका जिसे रेफर कर दिया गया है। ग्राम बड़ा टेम्पू में दो बाइक में 6 सवार बैठे थे, जिनकी आपसी भिड़ंत में दो की हालत गंभीर है। ग्राम फतेपुर जरिया के पास ओमनी पेड़ से टकराई जिसमे एक की हालत नाजुक बताई जा रही है। वही खरसोता पंचायत की ओमनी और स्कुटी के बीच टक्कर हुई, स्कुटी सवार में दो लड़की एक लड़का था, तीनो निवासी सोगड़ा के थे। दोनो लड़की की जशपुर हास्पिटल में उपचार चल रहा हैं। जब ओमनी और स्कुटी की टक्कर हुई तो सुबह 6 बजे ग्रामीणों के द्वारा ओमनी को आग लगा दी। बताया जा रहा हैं कि ओमनी मालिक खरसोता पंचायत के निवासी जगतपाल प्रधान की हैं। जोकि जगतपाल प्रधान सचिव पद पर पदस्थ हैं। सचिव ने बताया कि आर्केस्ट्रा देखने के लिए गांव से कुछ ग्रामीण जाने के इच्छुक हो रहे थे। ड्राइवर ने बताया कि ओमनी चालक अपनी ओर धीमी गति से ड्राइवर कर रहा था। लेकिन स्कुटी ड्राइवर ने नशे की हालत में था। और स्कुटी चालक ने ओमनी को टक्कर मार दिया। और सुबह 6 बजे मेरी ओमनी को जला कर राख कर दिया। प्रमोद भगत पकरी टोली मनोरा उम्र 35 साल बेटी के साथ घाघरा आर्केस्ट्रा देखकर वापस आ रहा था।

# कैरियर निर्माण एवं व्यावसायिक प्रशिक्षण पर चार दिवसीय कार्यशाला का आयोजन



पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में कैरियर निर्माण एवं व्यावसायिक प्रशिक्षण पर चार दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ किया गया।इस अवसर पर संस्थान के प्रभारी प्राचार्य अनिल सोनी ने प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए कहा वर्तमान संदर्भ में कैरियर जागरूकता एवं शिक्षा में व्यावसायिक प्रशिक्षण की अत्यंत आवश्यकता है,अतः आप सब इस कार्यशाला में बहुत गंभीरता पूर्वक अपनी सहभागिता प्रदान करें।शुभारंभ अवसर पर संस्था के व्याख्याता खुटियारे, तुकाराम साहू,के के सोनी ,कीर्ति घृतलहरे, सहित प्रशिक्षण कार्यशाला संयोजक यमुना जांगड़े, मास्टर ट्रेनर सुनील झा, जीधन देवांगन,शालिनी दुबे, सरिता गुप्ता उपस्थित थे। कार्यशाला के प्रथम दिवस सुनील झा ने कैरियर निर्माण एवं व्यावसायिक प्रशिक्षण में बाल मनोविज्ञान विषय पर शिक्षकों के समूह प्रस्तुति के माध्यम से कार्यशाला संचालित की। दूसरे सत्र में अंधियारा खोर के व्यावसायिक प्रशिक्षक लोकेंद्र साहू ने पीपीटी के माध्यम से आई टी के क्षेत्र में कैरियर निर्माण की संभावनाओं पर अपनी प्रस्तुति दी।इस कार्यशाला में जिला के चारों विकासखंड के उच्च प्राथमिक विद्यालयों के 60शिक्षक सम्मलित हो रहे हैं।

# हिमालया ने लिप बाम के लिए एक नया अभियान शुरू किया

**रायपुर।** भारत के अग्रणी वेलनेस ब्रांड्स में से एक, हिमालया वेलनेस कंपनी ने अपने खुश रहो खुशहाल रहोअभियान में सर्दियों के दौरान होंठों को पोषित रखने के महत्व को उजागर करने के लिए अपने लिप बाम के लिए एक नया टीवीसी जारी किया है। फिल्म 20 साल की एक युवती को अलग-अलग परिस्थितियों में दिखाती है, जहां वह ठंड के दिनों में अपने दोस्तों के साथ मस्ती करती हुई दिखाई देती है। युवा लड़की अपने फटे होठों को ठीक करना चाहती है और उन्हें पोषण देना चाहती है। वह परोसे जाने वाले भोजन में से शहद, मक्खन, या मलाई (क्रीम) का उपयोग करती है, और उसकी सहेली उसे आश्चर्य से देखती है। लड़की की सहेली हिमालया लिप बाम की सिफारिश करती है, जो फटे होंठों को दूर करने के लिए कैरेट सीड आयल और व्हीट जर्म आयल की अच्छाई से युक्त एक विशेष लिप बाम है, जिसे कभी भी, कहीं भी ले जाया जा सकता है। सुशील गोस्वामी, महाप्रबंधक, उपभोक्ता उत्पाद प्रभाग, हिमालया वेलनेस कंपनी, ने साझा किया, नए टीवीसी की संकल्पना हिमालया लिप बाम को समर्थन देने के लिए की गई है, जो हमारे व्यक्तिगत देखभाल पोर्टफोलियो में सबसे भरोसेमंद उत्पादों में से एक है, और इसे फटे और सूखे होंठों के लिए गो-टू समाधान के रूप में स्थापित करता है।

# भारतीय बौद्ध महासभा ने सादगी से बाबा साहब को दी श्रद्धांजलि

**रायपुर।** बाबासाहब को श्रद्धांजलि भारतीय बौद्ध महासभा द्वारा सादगी से, बाबा साहब के परिनिर्वाण दिवस पर श्रद्धांजलि दी, कार्यक्रम में वक्ताओं ने भाषण के माध्यम से एवं गीतकारों ने गीतों के माध्यम से अपने विचार रखें, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एजाज ढेबर थे, विशिष्ठ अतिथि, आकाश तिवारी पार्षद एवं संस्कृति विभाग अध्यक्ष नगर निगम विशिष्ठ अतिथि, दिलीप वासनिकर आयुक्त विभागीय जांच छग शासन, संजय शेन्द्रे सेवानिवृत सत्र न्यायाधीश, प्रो एस के जाधव डीन लाइफसाइंस डिपार्टमेंट ऑफ बॉयोटेक्नोलॉजी, रवि शंकर शुक्ल यूनिवर्सिटी रायपुर, संजय बोरकर, सिनियर ऑडिटर ए जी ऑफिस रायपुर, कार्यक्रम की अध्यक्षता बी एस जागृत प्रदेश अध्यक्ष भारतीय बौद्ध महासभा छग प्रदेश। अन्य वक्ताओं में, आयु भोजराज गौरखेडे प्रदेश महासचिव भारतीय बौद्ध महासभा छग प्रदेश। इंज्जी बिम्बिसार, कार्यक्रम मंच संचालन, आयु सी डी खोबरागड़े प्रदेश संस्कार



प्रमुख भारतीय बौद्ध महासभा छग प्रदेश, आभार प्रकट किया, प्रकाश रामटेके अध्यक्ष भारतीय बौद्ध महासभा, जिला रायपुर, पूर्व ज़िलाध्यक्ष बेनिराम गायकवाड, अधिवक्ता संजय गजभिये, मिलिंद माटे, सतीश मेश्राम, सुरेन्द्र कोल्हेकर, अनिल बोरकर, प्रकाश भालाधरे, खुशाल टेम्भेकर, कमलेश रामटेके, आयुष्मती मोतिमाला कोल्हेकर, आयुष्मती सुप्रिया गोसाइ एवं कार्यक्रम में विशेष सहयोग के लिए आयु नीलकंठ सिंगाड़े प्रदेश कोषाध्यक्ष भारतीय बौद्ध महासभा छ ग प्रदेश, विजय गजघाटे ज़िला महासचिव, आयु ज्ञानेश्वर बावनगड़े कानूनी सलाहकार भारतीय बौद्ध महासभा छ ग प्रदेश, आयु जी एस मेश्राम रायपुर जिला कोषाध्यक्ष ,मदन लाल मेश्राम, आयु राहुल रामटेके अध्यक्ष बौद्ध संघ गुढ़ियारी, सुरेन्द्र गोंडाने, हरीश रामटेके, प्रमोद वासनिक़, करुणा वासनिक़, शैलेश बडगे, प्रमोद वैध, अनिल वैध, राजु मेंढे, रतन डोंगरे, हेमराज डोंगरे, दिलीप टेम्भुर्णे, जयश्री खोबरागड़े अध्यक्ष मैत्रेयी महिला समिती अम्बेडकर बुद्ध विहार डी डी नगर रायपुर, वैशाली रंगारी, वैशाली मेश्राम, संध्या बड़ोले एवं रायपुर शहर से आये हुए सभी सम्मानित सदस्यों की उपस्थिति में कार्यक्रम सम्पन्न किया गया है।

# वन विभाग की कार्रवाई, एक ट्रक इमारती लकड़ी जब्त किया

**भाटापारा।** काफी लम्बे अर्से बाद वन विभाग का अमला ग्राम खोखली के समीप धरमकांटा के पास एक मेटाडोर ट्रक क्रमांक सीजी04 जे 3040 को पकड़ा और जांच के बाद उक्त मेटाडोर ट्रक में बबूल की लकडी के गोले से लदा हुआ था। वन विभाग के अमले के द्वारा पूछताछ करने पर कोई संतुष्टि पूर्वक जवाब नहीं मिला और न ही



लकड़ी से संबंधित कोई कागजात मिला जिसे जब्त कर कार्यवाही की गई। डिप्टी रेंजर जय यादव ने बताया कि सुबह पेट्रोलिंग के दौरान उक्त वाहन खोखली धरमकांटा के पास खडा हुआ था वाहन पूरी तरह तालपतरी से ढंका हुआ था जिसे संदेह के आधार पर पूछताछ की गई और तालपतरी हटवाकर देखा तो उसके अंदर लकडी के गोले भरे हुए था चालक कामता प्रसाद से पूछताछ करने पर उसने बताया कि लकड़ी जलाऊ उपयोग के लिए ले जा रहा था किन्तु उसके पास लकडी को लाने से संबधित कोई कागजात नहीं होने से संदिग्ध माना गया और वाहन को भाटापारा वन डिपो मे लाकर खडा कर उसके खिलाफ कार्यवाही कर जिला रेंज आफिस आगे की कार्यवाही के लिए भेजा गया है। उक्त लकड़ी को सिमगा से लाना बताया जा रहा है किन्तु लकडी किसकी है यह नहीं बताया गया है। वहीं डिप्टी रेंजर ने बताया कि आजकल बबूल की लकड़ी को इमारती लकड़ी माना गया है और इसका उपयोग दरवाजा, फर्नीचर आदि बनाने के लिए होने लगा है।

# भारतीय संविधान के निर्माता एवं महान शख्सियत थे बाबा साहब आंबेडकर : पीताम्बर वर्मा



**बोड़ला।** कांग्रेस कार्यालय बोड़ला में भारतीय संविधान के निर्माता भारत रत्न बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाया गया। बोड़ला ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष पीताम्बर वर्मा ने बाबा आंबेडकर को महान शख्शियत बताते हुए कहा की आज जो हम सविधान की बात करते है सविधान अनुशासन की जन्मदाता बाबा साहब ही है भारत रत्न आंबेडकर जी ने देशहित में अपना पूरा जीवन व्यतीत किया हम सबको उनके आदर्शो पे चलना चाहिए हमे उनका अनुशरण करना चाहिए। उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से शामिल पीतांबर वर्मा अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बोड़ला, छवि वर्मा सचिव जिला कांग्रेस कमेटी कवर्धा, उमेश चंद्रवंशी सेक्टर प्रभारी खरहट्टा, अमित वर्मा जी युवा कांग्रेस, कुमार पटेल, भागीरथी धुर्वे, राजेंद्र साहू, धन सिंह धुर्वे, विसर्जन धुर्वे, वैष्णो जी, मनोज वर्मा एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे है।

# बाबा साहब अम्बेडकर एक न्यायवादी, अर्थशास्त्री, राजनीतिज्ञ और समाज सुधारक थे : सावित्री साहू

पायनियर संवाददाता < बोड़ला
www.dailypioneer.com



बाबा साहब अम्बेडकर की पुण्यतिथि अवसर में नगर पंचायत अध्यक्ष सावित्री साहू ने अम्बेडकर के तैलचित्र में माल्यर्पण कर पूजा अर्चना कर कहा संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर का आज पुण्यतिथि दिवस है। वह लोकतांत्रिक भारत के सबसे प्रभावशाली शख्सियतों में से एक हैं जो एक न्यायवादी, अर्थशास्त्री, राजनीतिज्ञ और समाज सुधारक थे।

उनका जन्म 14 अप्रैल, 1891 को तत्कालीन मध्य भारत प्रांत (अब मध्य प्रदेश) के महु नगर छावनी में हुआ था। बेहद गरीब परिवार में जन्मे अंबेडकर ने संविधान के पहले मसौदे को तैयार करने में अहम योगदान दिया था। उन्होंने अछूतों के प्रति सामाजिक भेदभाव के खिलाफ और निचली जातियों के उत्थान के लिए काफी संघर्ष किया था। उन्हें अपने काम के लिए मरणोपरांत 1990 में भारत रत्न से सम्मानित किया गया था। उनका 6 दिसंबर, 1956 को निधन हो गया था जिसे परिनिर्वाण दिवस के रूप में मनाया जाता है। आज इस दिन पर देश उन्हें याद करते हुए श्रद्धांजलि दे रहा है जिसमें कई राजनीतिक हस्तियां भी शामिल हैं।


उक्त कार्यक्रम में पार्षद शमशाद बेगम, संतोषी साहू, शशि खरे, परेटन धुर्वे, बिसर्जन धुर्वे, भरत गुप्ता, दयाराम खुसरो, हरिप्रसाद बंजारे, रामचरन साहू, अर्जुन पटेल सुशील पटेल, कीर्तिका कश्यप जी एवं नगर पंचायत के समस्त कर्मचारी भी शामिल थे।

# एटीएम को उखाड़ने का प्रयास पुलिस की सायरन सुन भागे चोर

**बेमेतरा।** शहर एटीएम में तोड़फोड़-सायरन बजा तो सिर पर पैर रखकर भागे चोर शहर के बीचो-बीच कुछ चोरों ने देर रात एटीएम में तोड़फोड़ किया। चोरों ने एटीएम के शटर और ग्लास को तोड़कर चोरी करने का बहुत प्रयास किया। चोर जब एटीएम में तोड़फोड़ करने लगे उसी दौरान बैंक एटीएम का सायरन जोर-जोर से बजने लगा, जिसे सुनकर चोर वहां से सब छोड़कर भाग निकले। बेमेतरा जिले में देर रात शहर के बीचो-बीच एटीएम में तोड़फोड़ करने का मामला सामने आया है। चोरों ने एटीएम के शटर और ग्लास तोड़कर चोरी करने का प्रयास किया, लेकिन उसमें सफल नहीं हो सके। मामला सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के मुताबिक देर रात एटीएम में तोड़फोड़ की गई। चोरों ने एटीएम के शटर और ग्लास तोड़कर चोरी करने का बहुत प्रयास किया लेकिन वे इसमे कामयाब नहीं हो पाये। चोर जब एटीएम में तोड़फोड़ करने लगे तो उसी दौरान बैंक एटीएम का सायरन जोर-जोर से बजने लगा जिसे सुनकर चोर वहां से सब छोड़कर भाग निकले। वारदात बैंक ऑफ बडौदा के एटीएम में हुआ है। सिटी कोतवाली पुलिस मामले की जांच कर रही है।



# निर्वाण दिवस पर बाबा साहेब को कलेक्टर ने किया नमन



**बलौदाबाजार।** संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के निर्वाण दिवस पर कलेक्टर सुनील कुमार जैन ने सादर नमन किया है। कलेक्टर ने संयुक्त जिला कार्यालय परिसर स्थित बाबा साहेब की प्रतिमा पर मार्ल्यापण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। गौरतलब है कि आज के ही दिन 6 दिसम्बर 1956 को बाबा साहेब को निर्वाण प्राप्त हुआ था।

My son **Yogendra Parte,** is a student of **Salem English School, Raipur** and passed his 10th class exam. from **ICSE** board in the **year 2019-20.** In his marksheet his date of Birth written as **13.08.2004** instead of **13.12.2004. His actual date of birth is 13.12.2004.**

I hereby declare that my son here onwards use his **Date of Birth as 13.12.2004,** so I request all persons in general to consider my son's **Date of Birth as 13.12.2004.**

This is for your information please.

**Devsingh Parte**
**Father of**
**Yogendra Parte**
**Resident of New Pension Bada, Raipur (C.G.)**

**न्यायालय नजूल अधिकारी, जिला मुंगेली (छ.ग.)**

**// उद्घोषणा//**

प्रकरण क्रं. /अ-6/21-22

पक्षकार- श्री कैलाश केशरवानी पिता स्व. निरंजन प्रसाद केशरवानी, निवासी गांधी वार्ड मुंगेली............................आवेदक

विरूद्ध

श्री राजेश केशरवानी पिता स्व. निर्मल प्रसाद साकिन गांधी वार्ड मुंगेली छ.ग.......................अनावेदक

एतद द्वारा सर्व साधारण ग्राम/मोहल्ला पड़ावपारा मुंगेली, जिला मुंगेली को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री कैलाश केशरवानी पिता स्व. निरंजन प्रसाद केशरवानी, निवासी गांधी वार्ड मुंगेली जिला मुंगेली छ.ग. मुंगेली द्वारा स्वतः उपस्थित होकर नगर मुंगेली गांधी वार्ड स्थित नजूल भूमि शीट नं 38 बी, प्लाट नं. 296 क्षेत्रफल 150 व.मी. पर फौती दर्ज कर आपसी पारिवारिक सहमति के आधार पर नजूल रिकार्ड में अपना नाम दर्ज किए जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अत एवं मोहल्ला गांधी वार्ड मुंगेली तहसील मुंगेली जिला मुंगेली स्थित उपरोक्त नजूल भूमि के संबंध में नजूल नामांतरण प्रकरण विचाराधीन है। इस सम्बन्ध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो वे अपना आपत्ति दिनांक 14/12/2021 को न्यायालीन समय में स्वतः उपस्थित होकर अथवा अपने विधि मान्य प्रतिनिधि के माध्यम से आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकता है। उक्त तिथि के उपरांत प्राप्त दावा/आपत्ति विचारणीय नहीं होगा।

ईश्तहार आज दिनांक 30.11.2021 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

**नजूल अधिकारी**
**मुंगेली (छ.ग.)**

**न्यायालय नजूल अधिकारी, जिला मुंगेली (छ.ग.)**

**// उद्घोषणा//**

प्रकरण क्रं. /अ-6/21-22

पक्षकार- श्री देवेंद्र कुमार पिता स्व. श्री आत्माराम सोनकर, निवासी सरदार पटेल वार्ड, मुंगेली जिला मुंगेली छ.ग. ............................आवेदक

विरूद्ध

छ.ग. शासन ..........................................अनावेदक

एतद द्वारा सर्व साधारण ग्राम/मोहल्ला सरदार पटेल वार्ड मुंगेली, जिला मुंगेली को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्री देवेंद्र कुमार सोनकर पिता स्व. आत्माराम सोनकर, निवासी सरदार पटेल वार्ड मुंगेली, तहसील व जिला मुंगेली छ.ग. मुंगेली द्वारा मुंगेली सरदार पटेल वार्ड स्थित नजूल भूमि शीट नं 38 ए, प्लाट नं. 59, क्षेत्रफल 395 व.मी. में से अपने हिस्से की कब्जे की भूमि को आपसी पारिवारिक सहमति के आधार पर नजूल रिकार्ड में अपना नाम पृथक से दर्ज किए जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अत एवं मोहल्ला सरदार पटेल पटेल वार्ड मुंगेली तहसील मुंगेली जिला मुंगेली स्थित उपरोक्त नजूल भूमि के संबंध में नजूल नामांतरण प्रकरण विचाराधीन है। इस सम्बन्ध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो वे अपना आपत्ति दिनांक 14/12/2021 को न्यायालीन समय में स्वतः उपस्थित होकर अथवा अपने विधि मान्य प्रतिनिधि के माध्यम से आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकता है। उक्त तिथि के उपरांत प्राप्त दावा/आपत्ति विचारणीय नहीं होगा।

ईश्तहार आज दिनांक 30.11.2021 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

**नजूल अधिकारी**
**मुंगेली (छ.ग.)**

**न्यायालय नजूल अधिकारी, जिला मुंगेली (छ.ग.)**

**// उद्घोषणा//**

प्रकरण क्रं. /अ-6/21-22

पक्षकार- श्री बृजभूषण धीर पिता स्व. श्री रामनिरंजन धीर, निवासी सरदार पटेल वार्ड, मुंगेली जिला मुंगेली छ.ग. ............................आवेदक

विरूद्ध

छ.ग. शासन ..........................................अनावेदक

एतद द्वारा सर्व साधारण ग्राम/मोहल्ला सरदार पटेल वार्ड मुंगेली, जिला मुंगेली को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री बृजभूषण धीर पिता स्व. रामनिरंजन धीर, निवासी सरदार पटेल वार्ड मुंगेली, जिला मुंगेली छ.ग. मुंगेली द्वारा स्वतः उपस्थित होकर नगर मुंगेली गांधी वार्ड स्थित नजूल भूमि शीट नं 38 सी, प्लाट नं. 28, क्षेत्रफल 65 व.मी. पर सहखातेदार की दिनांक 24.04.2021 को मृत्यु हो जाने से उसका नाम नजूल रिकार्ड से विलोपित किए जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अत एवं मोहल्ला सरदार पटेल वार्ड मुंगेली तहसील मुंगेली जिला मुंगेली स्थित उपरोक्त नजूल भूमि के संबंध में नजूल नामांतरण प्रकरण विचाराधीन है। इस सम्बन्ध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो वे अपना आपत्ति दिनांक 14/12/2021 को न्यायालीन समय में स्वतः उपस्थित होकर अथवा अपने विधि मान्य प्रतिनिधि के माध्यम से आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकता है। उक्त तिथि के उपरांत प्राप्त दावा/आपत्ति विचारणीय नहीं होगा।

ईश्तहार आज दिनांक 30.11.2021 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

**नजूल अधिकारी**
**मुंगेली (छ.ग.)**

**न्यायालय नायब तहसीलदार मुंगेली, जिला-मुंगेली (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्र. अ-6/2021-22
ग्राम निरंजाम पहन 26

ग्राम निरजाम के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक रवि सिंह आ. स्व. निरजाम सिंह जाति ठाकुर निवासी निरजाम तहसील व जिला मुंगेली द्वारा ग्राम निरजाम हल्का नं 26 तहसील व जिला मुंगेली स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नं 69/1 कुल रकबा 2.0270 हे. एकड़/हेक्टे. भूमि की फौती दर्ज हेतु आवेदन किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी को भी किसी प्रकार की कोई दावा/आपत्ति हो तो वह स्वयं या अभिभाषक या प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 10.12.2021 समय 11:00 बजे दिन को तहसील कार्यालय में दावा/आपत्ति पेश कर सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 12.11.2021 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

**नायब तहसीलदार**
**मुंगेली**

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी,**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01**
सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर रायपुर (छ.ग.)
Email Id : eocghbzone1@gmail.com

**-: आम सूचना :-**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल द्वारा कालोनी **गुढ़ियारी** रायपुर में निर्मित जनता भवन योजना में से भवन क्र. **जनता-372** में **श्री भरतलाल साहू** पिता **श्री राम अधार साहू** को आबंटित किया गया है। मूल आबंटी द्वारा दिनांक 28.10.89 को विक्रय विलेख निष्पादित करा लिया गया है।

मूल आबंटी की मृत्यु दिनांक **06.02.18** को हो जाने के कारण **श्रीमती सावित्री बाई** साहू पति **श्री स्व. भरत लाल साहू** द्वारा उक्त भवन/भूखंड अपने नाम पर नामांतरण करने हेतु आवेदन पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र वारिसों **(श्रीमती पूनम साहू पति लक्ष्मी प्रसाद साहू एवं कु. जया साहू पिता स्व. भरत लाल साहू)** की सहमति पत्र, एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेज के आधार पर उक्त भवन/भूखण्ड **श्रीमती सावित्री बाई साहू** पति श्री **स्व. भरत लाल साहू** के नाम पर नामांतरण किया जाना है।

अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय/अर्द्धशासकीय/वित्तीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/भवन के नामांतरण के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आमसूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर स्वतः उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी, एवं भवन का नामांतरण आदेश जारी कर दिया जावेगा।

मुहर

**सम्पदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-1,**
**कबीर नगर रायपुर**

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी,**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-02**
शंकर नगर, रायपुर (छ.ग.) फोन नं.-0771-2436320
Email Id : eocghbzone04@gmail.com

**-: आम सूचना :-**

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है, कि सामान्य आवास योजनांतर्गत डुमरतराई कॉलोनी, रायपुर में स्थित **एम.आई.जी.-225 ब्लॉक-10 तृतीय तल, श्री सुशील कुमार शर्मा पिता श्री जगदंबा प्रसाद शर्मा** के नाम से स्ववित्तीय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा उक्त फ्लैट की लीजडीड दिनांक **04.04.2013** को पंजीकृत कराने के उपरांत फ्लैट का पूर्ण मूल्य जमा कर दिनांक **12.08.2014** को आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया है, वर्तमान में आबंटी **श्री सुशील कुमार शर्मा पिता श्री जगदंबा प्रसाद शर्मा निवासी-सी-13, आशियाना फेस-2 अंवित विहार, विजय नगर चौक तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.)** के द्वारा उक्त फ्लैट को **श्री प्रियदर्शन विश्वभूषण राउत पिता श्री रामचंद्र राउत निवासी-ग्राम-ब्राम्हनीगांव गांव-आरेइ पुलिस स्टेशन-बिंझारपुर तहसील व जिला-जाजपुर ओडिसा पिनकोड-755027 के नाम से** विक्रय करने के लिये इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत कर विक्रय अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी.) प्राप्त करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त फ्लैट के विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तीय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

मुहर

**सम्पदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-2, रायपुर**

# बाहर से आने वाले 7 दिनों तक क्वारेंटाइन में रहेंगे, कोविड जांच के बाद ही बाहर निकलेंगे

■ धान खरीदी केंद्रों में भी शुरु होगा टीकाकरण, कोविड जांच भी होगी, दूसरे डोज पर भी जोर

पायनियर संवाददाता राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



कोविड के खतरे को देखते हुए प्रशासन अब धान खरीदी केंद्रों में भी टीकाकरण शुरु करने की तैयारी में है। कलेक्टर तारण प्रकाश सिन्हा ने कहा कि कोविड-19 ओमिक्रॉन वेरियंट को ध्यान में रखते हुए सावधानी बरतने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि धान खरीदी केन्द्रों में टीकाकरण के लिए शिविर लगाए तथा कोविड-19 की जांच भी करें। वहीं एक बार फिर बाहर से लौटने वालों के लिए क्वारंटाईन जरुरी कर दिया गया है। उन्होंने निर्देशित किया कि कोविड-19 के नये वेरिएंट से निपटने के लिए स्वास्थ्य केन्द्रों में ऑक्सीजन सहित सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित होनी चाहिए। जिन स्वास्थ्य केन्द्रों में ऑक्सीजन प्लांट लगाया जाना है उसे जल्द ही प्रारंभ करके पूरा करें। समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर समीक्षा करते हुए निर्देश दिए हैं। प्रशासन टीकाकरण पर भी जोर दे रहा है। कलेक्टर ने बैठक के दौरान कहा कि जिन नागरिकों ने कोविड वैक्सीन का दूसरा डोज नहीं लगवाया है वे समय पर अपना दूसरा डोज अवश्य लगवाएं। विदेश से आने वाले नागरिक अनिवार्य रूप से स्वास्थ्य विभाग को सूचना दें। कोविड-19 के प्रोटोकॉल एप्रोप्रियट बिहेवियर का पालन जरूर करें। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथलेश चौधरी ने कहा कि जिले में बाहर से यात्रा करके आने वाले यात्रियों का जानकारी स्वास्थ्य विभाग को उपलब्ध कराएं। 7 दिन क्वारेंटाईन रहने के बाद कोविड टेस्ट जरूर करें। उन्होंने बीएमओ को स्वास्थ्य केन्द्रों में सभी व्यवस्था सुनिश्चित करने कहा।

उन्होंने कहा कि चिटफंट कंपनी की संपत्ति को जब्त कर कुर्क की कार्रवाई की जाए। ऐसी संपत्ति जो कुर्क हो गई है, उसकी नीलामी कर विक्रय करें। उन्होंने जिले में स्कूल एवं हॉस्पिटल भवन निर्माण कार्य की समीक्षा करते हुए जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। उतेरा फसल की जानकारी लेते हुए निर्धारित लक्ष्य को पूरा करने कहा। उन्होंने कहा कि हॉस्टल छात्रावास के निरीक्षण के लिए जिन अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है वे लगातार निरीक्षण करें। छात्रावास की व्यवस्था एवं सुरक्षा की मॉनिटरिंग करें। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लीनिक योजना, राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन किसान मजदूर न्याय योजना, अन्य पिछड़ा वर्ग गणना, फसल बीमा सहित अन्य प्रकरणों की समीक्षा की। जिला पंचायत सीईओ लोकेश चंद्राकर ने कहा कि मनरेगा के अंतर्गत जिले में सबसे अधिक श्रमिकों को रोजगार दिया गया है। आगामी समय में अधिक से अधिक श्रमिकों को कार्य दिया जाए। उन्होंने सभी पंचायतों में मनरेगा के तहत कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत सभी सीएससी सेन्टरों में कार्ड बनाना सुनिश्चित करें। सभी नागरिकों का लक्ष्य के अनुरूप आयुष्मान कार्ड अनिवार्य रूप से बनाए।

### बारदानों के दाम में नियंत्रण की कोशिश होगी

उन्होंने कहा कि जिले में धान खरीदी लगातार सुव्यवस्थित तरीके से चलनी चाहिए। किसानों को कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए। धान खरीदी केन्द्रों के लिए जिन अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है वे लगातार खरीदी केन्द्रों का निरीक्षण करें। पीडीएस में चावल के लिए बारदाने आए हैं उसे जल्द खाली करके वापस करें। उन्होंने कहा कि बारदाने विक्रय करने वाले दुकानदारों की बैठक लेकर और अधिक मूल्य पर बारदाने विक्रय न करने की समझाईश दें।

# नाबालिग के अपहरण व रेप के आरोपी शिक्षक को जेल



पायनियर संवाददाता डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

डोंगरगांव थाना अंतर्गत नाबालिक को जबर्दस्ती कार में ले जाकर रेप के आरोपी शिक्षक को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। उल्लेखनीय है कि वनांचल में एक हाईस्कूल के शिक्षक द्वारा पीड़िता को अपहरण व रेप के बाद किसी को बताने पर जान से मार देने व पीड़िता की बड़ी बहन का रेप कर देने की धमकी देने का मामला उजागर हुआ था। पीड़िता पक्ष की शिकायत आधार पर पुलिस बयानात उपरांत पुलिस ने देर रात्रि तक आरोपी को गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया है।पुलिस सूत्रों के द्वारा आधिकारिक जानकारी में हाई स्कूल साल्हे में सेवारत शिक्षक विज्ञान विषय के शिक्षक महेंद्र मेश्राम द्वारा 2 दिसंबर को अपनी एक नाबालिक छात्रा को परिजनों के सहमति बगैर ही दबावपूर्वक शैक्षणिक भ्रमण के नाम पर कार से अन्यत्र ले जाकर शारीरिक शोषण किया था। आरोपी द्वारा पीड़िता को किसी को बताने पर जान से मार देने की धमकी के अलावा पीड़िता की बड़ी बहन का भी रेप कर देने की धमकी देने के भी आरोप प्रार्थी पक्ष द्वारा लगाये जाने की खबर है। पुलिस ने घटना में शिक्षक के खिलाफ पॉक्सो 4, 376, 363 व 506 पंजीबद्ध कर मंगलवार को जेल भेज दिया है।

**परिजनों व ग्रामीणों ने घेरा हाईस्कूल** – पुलिस सूत्रों की माने तो घटना की भनक 6 दिसंबर को परिजनों को लगने उपरांत ग्रामीणों की भीड़ सीधे स्कूल पहुंच गई थी। शिक्षक द्वारा अपराध स्वीकारते हुए क्षमा मांगने व स्कूल स्टॉफ के बीचबचाव से उग्र भीड़ शांत हो गई। अन्ततः ग्रामीणो ने पीड़िता के परिजनों व समाज प्रमुखों के साथ थाना डोंगरगांव पहुंचकर पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। टीआई ने नाबालिक मामले में तत्काल कार्रवाई प्रारंभ कर आरोपी को गिरफ्तार किया।

# दैवेभो संघ ने की पूर्व मंत्री अग्रवाल व पीसीसीएफ चतुर्वेदी से की मुलाकात

पायनियर संवाददाता छुरिया
www.dailypioneer.com





चुनावी घोषणा पत्र में शामिल दैवेभो कर्मियों के नियमतिकरण विषय को नज़र अंदाज किए जाने को लेकर मौजूदा कांग्रेस सरकार के प्रति कर्मियों में आक्रोश है। संघ अपनी मांगों को लेकर लंबे समय से चर्चा, प्रदर्शन करता आ रहा है लेकिन नतीजा सिफर है। संघ ने कहा कि पूर्व में पहली बार नियमितीकरण भाजपा शासन काल में केबिनेट मंत्री बृजमोहन अग्रवाल की पहल पर हुआ था। संघ ने एक बार फिर विधायक व पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल से मुलाकात की है। उन्होंने दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों के साथ सदैव खड़े रहने का आश्वासन दिया है। छत्तीसगढ़ दैनिक वेतन भोगी वन कर्मचारी संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष अरविंद वर्मा ने बताया कि वन विभाग, वन विकास निगम, छ. ग. राज्य लघुवनोपज संघ के 7हजार दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी के साथ-साथ अन्य विभागों में कार्यरत 11हजारका दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को नियमितीकरण किया जाना है। कर्मचारियों के नियमितीकरण को लेकर रामकुमार सिन्हा के अगुवाई में लगातार आवाज बुलंद किया जा रहा है। उमेश साहु ने कहा कि जब तक हमको अधिकार नही मिल जाता तबतक लड़ाई लड़ेगें। वहीं दैनिकवेतन भोगी वन कर्मचारी संघ राजनांदगांव के जिलाध्यक्ष हारुन मानिकपुरी ने सीएसएफ राकेश चतुर्वेदी से सौजन्य मुलाकात कर नियमितीकरण एवं स्थाईकरण कराने के संबंध में चर्चा की व दैनिकवेतन भोगी कर्मचारियों पर आए दिन घट रही घटनाओं पर वन बल प्रमुख का ध्यानाकर्षण किया।

# अंडरब्रिज की मांग : हफीज खान समर्थकों के साथ सीधे स्टेशन पहुंचे, काम शुरु करें वरना आंदोलन होगा

■ सांसद संतोष पांडे पर भी लगाया निष्क्रियता का आरोप

पायनियर संवाददाता राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



गौरीनगर एवं स्टेशनपारा के नागरिकों ने वरिष्ठ कांग्रेसी नेता हफीज खान और पार्षद समद खान के नेतृत्व में अंडरब्रिज की मांग को लेकर रेल्वे प्रशासन को मंगलवार को ज्ञापन सौंपते आंदोलन की चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि गौरीनगर रेल्वे क्रॉसिंग के पास तत्काल अंडरब्रिज का निर्माण कार्य रेल्वे प्रशासन करे अन्यथा नागरिकों के साथ रेल्वे पटरी पर बैठकर रेल रोको आंदोलन करेंगे। छग राज्य अल्पसंख्यक आयोग सदस्य व वरिष्ठ कांग्रेसी हफीज खान ने कहा कि रेल्वे क्रॉसिंग बंद होने से आम नागरिकों, छात्र-छात्राओं एवं आपतकालीन चिकित्सा में जाने वाले लोगों, छात्र-छात्राओं को परीक्षा दिलाने तथा अस्पताल जाते समय रेल्वे क्रॉसिंग बंद होने के कारण महिलाओं की डिलीवरी व मरीजों की मृत्यु तक हो जाती है। इस गंभीर समस्या को देखते रेल्वे प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। खान ने सांसद संतोष पांडेय की निष्क्रियता को भी बताया। उन्होंने कहा कि पूर्व में दिवंगत सांसद स्व. राजा देवव्रत सिंह के अथक प्रयासों व पूर्व सांसद मधुसूदन यादव तथा अभिषेक सिंह ने भी अपने स्तर पर प्रयास किया, किन्तु वर्तमान सांसद संतोष पांडेय ने अंडरब्रिज को लेकर कोई भी काम नहीं किया है। इस गंभीर समस्या को लेकर वह और पार्षद समद तथा वार्डवासियों के साथ रेल रोको आंदोलन करेंगे। जिसकी जवाबदारी रेल प्रशासन की होगी। पार्षद समद खान ने बताया कि आयोग सदस्य खान के साथ बड़ी संख्या में नागरिकगण रेल्वे प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर चेतावनी दी है कि अंडरब्रिज का निर्माण नहीं होने पर गौरीनगर व स्टेशनपारा के नागरिक पटरियों पर बैठकर रेल रोको आंदोलन करेंगे। जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी रेलवे प्रशासन की होगी। ज्ञापन सौंपने के दौरान मेवालाल बम्भोला, श्रीरामचंद्र राव, शंकरलाल छेदय्या, रंगाधर यादव, मोहन सिन्हा, वफीद खान, सतीष लाल, संजय लाल, धर्मेन्द्र प्रताप सिंह, हरीश यादव, विजय यादव, जाकिर खान, अभिमन्यु मिश्रा, शेख मुनव्वर, मुकेश मोजेश, यासिन खान, नागेश्वर बंजारे, प्रफुल्ल ताडे, प्रमोद शेंडे, अरविन्द्र निर्मलकर, लिहंता गजभिये, निर्मला यादव, फरजाना बेगम, सुषमा भार्गव, शीला दुबे, बंशी साहू, देवेन्द्र पीटर समेत अनय लोग शामिल थे।

# मितानिनों को साड़ी भेंटकर किया सम्मानित



पायनियर संवाददाता डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत भटगुना में गत दिवस मितानिन सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मितानिन बहनों को श्रीफल एवं साड़ी भेंट कर सम्मानित किया गया। सरपंच चेतन साहू ने मितानिनों के योगदान की सराहना करते हुए ग्राम पंचायत में वैक्सीनेशन शत प्रतिशत पूर्ण कराने पर आभार प्रकट किया।

इस अवसर पर बीटीईओ अमृता सलामे, ब्लॉक समन्वयक नीलिमा सिन्हा, एएमटी श्रीमती गोदावरी साहू, नंदा सोनटेके, मितानिन चंद्रकुमारी साहू, सगनबाई, मंजू यादव, सरपंच चेतन साहू, पंचायत सचिव योगेश साहू, रोजगार सहायक वीरेंद्र कुमार साहू, पंच खोरबाहरीन वैद्य, मोहनलाल साहू, पुनीत राम साहू सहित अन्य उपस्थित थे।

# जिले के सभी मिलर्स कस्टम मिलिंग के लिए अनुबंध कराएं : कलेक्टर

## मिलर्स को समितियों में जल्द ही बारदाना भेजने के दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में राईस मिलर्स की बैठक ली। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा मिलर्स की सभी मांग मान ली गई है। जिले के सभी मिलर्स कस्टम मिलिंग के लिए अनुबंध करा लें। कस्टम मिलिंग के लिए अनुबंध नहीं करने वाले मिलर्स के विरूद्ध कड़ी की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि उसना वाले मिलर्स भी अनुबंध कराएं।

उन्होंने कहा कि सभी मिलर्स पंजीयन करा लें तथा अधिक से अधिक डीओ काटने के लिए प्रस्ताव भेजे, ताकि शीघ्रतापूर्वक धान का उठाव किया जा सके। उन्होंने गाड़ी, हमाल की व्यवस्था एवं बारदाने के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि मिलर्स बारदाने की गुणवत्ता अच्छी होनी चाहिए। उन्होंने सभी मिलर्स को समितियों में जल्द ही बारदाना भेजने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने उसना मिलर्स को अरवा का पंजीयन कराने के निर्देश दिए। जिला खाद्य अधिकारी भूपेन्द्र मिश्रा ने बताया कि अब तक जिले में लगभग 30 हजार किसानों ने धान विक्रय कर लिया है। जो कुल पंजीयन का लगभग 10 प्रतिशत है। बैठक में एसडीएम अरूण वर्मा, डीएमओ गजेन्द्र राठौर, सहायक खाद्य अधिकारी भुनेश्वर चेलक एवं अन्य अधिकारी एवं सभी मिलर्स उपस्थित थे।

# भाजपा ने किया निगरानी समिति का गठन

**राजनांदगांव।** राजनांदगांव विकासखंड के विभिन्न धान खरीदी केंद्रों में जिला भाजपा अध्यक्ष मधुसूदन यादव द्वारा नौ मंडलों की धान खरीदी केंद्रों के लिए निगरानी समिति का गठन किया है।जिला भाजपा महामंत्री सचिन बघेल एवं दिनेश गांधी ने निगरानी समिति में चुने गए भाजपा कार्यकर्ताओं को आवाहन करते हुए कहा कि धान खरीदी केंद्रों में जाकर किसानों की समस्याओं का निराकरण करने में यथायोग्य सहयोग प्रदान करें एवं बारदाने में आ रही तकलीफों के लिए, मंडी समिति का ध्यान आकर्षित करें।

## पीएम आवास की किस्तों के लिए हितग्राही लगा रहे चक्कर

# पीएम आवास योजना : बदहाल हैं हितग्राही, किस्तें अटकीं बच्चे-बुजुर्गों को लेकर तंबू में कर रहे गुजर-बसर

पायनियर संवाददाता राजनांदगांव।
www.dailypioneer.com

पीएम आवास योजना की किस्तों का भुगतान न होने के चलते निकाय क्षेत्र के हजारों हितग्राहियों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। हितग्राहीमंगलवार को किस्तों के भुगतान की गुहार लगाने निगम पहुंचे तो यहां उनकी फरियाद सुनने न ही महापौर मिलीं और न ही आयुक्त। इस स्थिति में उन्होंने नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु को अपनी व्यथा बताई। नेता प्रतिपक्ष यदु ने तत्काल विभागीय कर्मियों को बुलाकर हितग्राहियों की समस्या का निराकरण किए जाने निर्देशित किया। गौरतलब है कि निकाय क्षेत्र में तकरीबन 3 हजार आवास का निर्माण प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्माणाधीन बताया जाता है। गरीबों को पक्के आवास देने की इस योजना की भुगतान में देरी के चलते कई परिवारमहिनों से खुले आसमान के नीचे रहने मजबूर हैं। छोटे बच्चे, बुजुर्ग वाले परिवारों के लिए यह और भी मुश्किल है। कई परिवार अपने टूटे हुए घरों के पास ही तंबू में जीवन यापन कर रहे हैं। कौरिनभांटा क्षेत्र के हितग्राही रजक राम धनकर, तीजपति यादव, जानीलाल राय, धन्नीबाई, कचरु गोड़, गंगा सोनवानी सहित लगभग दर्जनों हितग्राहियों ने बताया कि कईयों ने अपने घर नए आशियाने की आस में तोड़ दिए। लेकिन इसके बाद से ही उन्हें योजना की राशि नहीं मिल रही है। कई परिवार खुले आसमान के नीचे तंबू के सहारे दिन गुजार रहे हैं तो कईयों ने किराए की मकान में शरण ली हुई है। हितग्राहियों ने कहा कि, हम रोजी-मजदूरी कर परिवार चलाते हैं। मासिक आय 6-7 हजार रुपए हैं। मकान का किराया देने के बाद बमुश्किल 3-4 हजार रुपए बचते हैं जो कि नाकाफी हैं। परिवार को पालने के लिए उन्हें संघर्ष करना पड़ रहा है। हितग्राहियों ने बताया कि, कई लोगों को 6 महिने से किस्त नहीं मिली है। कईयों को बस पहली किस्त मिली और उसके बाद से वे लगातार चक्कर लगा रहे हैं। नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु ने कहा कि, निगम में आए दिन पीएम आवास योजना के तहत भुगतान में देरी को लेकर हितग्राही अपनी शिकायतें दर्ज करा रहे हैं। शहर में हजारों निर्माण कार्य इस योजना के तहत चल रहे हैं और राशि न मिलने के चलते इतने ही परिवार परेशान हैं। उन्होंने कहा कि, महापौर को इस संबंध में प्रयास करने चाहिए। प्रदेश में उनकी अपनी पार्टी की सरकार है। उन्हें मुख्यमंत्री से चर्चा करनी चाहिए ताकि बगैर आशियाने के रह रहे लोगों की मुश्किलें दूर हो सके। उन्होंने कहा कि हितग्राहियों को सही समय पर किस्तों का भुगतान हो इस व्यवस्था को सुनिश्चित करने की आवश्यकता है। उन्होंने यह भी कहा कि जिन आर्किटेक्ट ने घरों को तोड़वाकर निर्माण शुरु करवाया लेकिन लंबा समय बीतने के बाद भी हितग्राहियों को किस्तें न दिलवाने के कारण ऐसे आर्किटेक्टों के खिलाफ भी कार्रवाई सुनिश्चित होनी चाहिए।

# धान खरीदी केंद्रों में जिला किसान सहयोग समिति गठित

■ 143 समितियों में 760 सदस्य करेंगे किसानों को सहयोग

पायनियर संवाददाता डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com



प्रदेश किसान कांग्रेस द्वारा जिला स्तरीय किसान संहयोग समिति गठित की गई है। उक्त समिति में जिले के 10 सदस्यों की नियुक्ति जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष मदन साहू की अनुशंसा से की गई है। उक्त समिति में जिलाध्यक्ष मदन साहू वीरेंद्र मसीहा, श्रीमती क्रांति बंजारे, रोहित सोनकर, चंदू साहू, प्रमोद वैष्णव, ओम प्रकाश साहू, श्रीमती विभा साहू, दिलीप चंद्राकर व कृष्णा भारती नियुक्त किये गए है।

जिलाध्यक्ष मदन साहू ने मीडिया को बताया कि राजनांदगांव जिले के 14 संगठनात्मक ब्लाक के143 समितियों में 760 सदस्यों को शामिल करके समितिवार किसान सहयोग समिति का गठन किया गया है। प्रशासनिक अमला में नोडल अधिकारी , कोचियों, बिचौलियों, दलालों पर निगरानी अवैध धान खरीदी पर निगरानी टोकन जारी करने एवं प्रतिदिन 5 प्रतिशत टोकन का सत्यापन पटवारीयो से कराना, ऋण पुस्तिका में टोकन का मिलान अनिवार्य रूप से कराना प्रतिदिन खरीदी उपरांत केंद्र में बारदाने उपलब्ध एवं परिवहन की स्थिति की जानकारी तथा उच्च अधिकारियों ,शासन प्रशासन से प्राप्त निर्देशों के अनुसार दायित्वों का निर्वाह करेंगे।

जिलाध्यक्ष मदन साहू ने बताया कि राजनांदगांव जिले के सेवा सहकारी समितियों द्वारा भूपेश सरकार के मंशानुरूप खरीफ विपणन वर्ष 2021- 22 के अंतर्गत जिले के सहकारी समितियों द्वारा पंजीकृत किसानों से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी 01 दिसंबर से किया जा रहा है। धानखरीदी के लिए प्रशासनिक अमला एवं किसानों के मध्य कांग्रेस के कार्यकर्ता सहयोग कर समस्याओं का निराकरण करने में सहयोग प्रदान करेंगे।

# डीजल माफिया ने बिलासपुर के साथी युवक को गोली से घायल होने किया था तैयार, पुलिस ने फोड़ा भांडा

पायनियर संवाददाता ◀ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

डीजल चोरों के गैंग ने दूसरे गैंग से बदला लेने और भारी भरकम राशि वसूलने बिलासपुर के अपने ही साथी को गोली मरवाकर झूठी कहानी रच डाली मगर पुलिस ने सारे साजिश का पर्दाफाश कर दिया है। अपने डीज़ल माफिया साजिद खान ने ही पुलिस को बदनाम करने और अपने विरोधियों को निबटाने साजिश के तहत अपने ही आदमी पर गोली चलवाई। 28 नवंबर रात्रि करीब 10-30 बजे प्रार्थी सुमित चौधरी पिता मुरारी चौधरी निवासी चकरभाठा बिलासपुर के द्वारा पुलिस अधीक्षक कोरबा भोजराम पटेल को फोन के माध्यम से सूचित किया गया कि कुसमुंडा रेलवे साइडिंग के पास आरोपीगण अशरफ खान, राजा खान एवं अभिषेक आनंद के द्वारा प्रार्थी को जान से मारने की नीयत से गोली मारा गया है जो उसके जांघ में गोली लगी है। पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल द्वारा तत्काल थाना प्रभारी कुसमुंडा निरीक्षक लीलाधर राठौर, सायबर सेल प्रभारी उप निरीक्षक कृष्णा साहू एवं सर्वमंगला चौकी प्रभारी सहायक उप निरीक्षक विभव तिवारी को मौके पर भेजा एवं घायल को जिला चिकित्सालय में उपचार हेतु भर्ती कराकर उपचार कराने एवम मामले के आरोपीगण को गिरफ्तार करने के निर्देश दिए। पूछताछ पर प्रार्थी सुमित चौधरी ने बताया कि अपने साथी दूजराम साहू के साथ बुलेट मोटर साईकल से कोरबा से बिलासपुर जा रहा था, कुसमुंडा रेलवे साइडिंग के पास कुछ लोगों को खड़े देखकर साइडिंग के अंदर गया। जहां पर राजा खान अशरफ अशरफ खान अभिषेक आनंद एवं कुछ अन्य लोग खड़े थे जिनके साथ बातचीत के दौरान द्वारा पूर्व रंजिश को लेकर अशरफ खान के द्वारा सुमित सुमित चौधरी को गोली मार दिया गया। गोली सुमित चौधरी के जांघ में लगा। प्रार्थी सुमित चौधरी और दूजराम साहू ने वहां से भागकर अपनी जान बचाई। सुमित चौधरी के रिपोर्ट पर थाना कुसमुंडा में अप क्र - 569/2021 धारा - 307,34 भा द वि ,25,27 आर्म्स एक्ट के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारम्भ किया गया। प्रार्थी के द्वारा बताए गए घटनाक्रम घटनास्थल का निरीक्षण ,चिकित्सकीय रिपोर्ट, बैलेस्टिक एक्सपर्ट की रिपोर्ट एवं अन्य परिस्थितिजन्य साक्ष्य के आधार पर प्रारंभ से ही लग रहा था कि मामला झूठा है, प्रार्थी द्वारा किसी बड़ी साजिश के तहत मामले में नामजद आरोपियों को फंसाने हेतु साजिश रचा गया है। मामले की गंभीरता एवं संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक पटेल द्वारा मामले की जानकारी पुलिस महानिरीक्षक रतनलाल डांगी को दी गई एवं आवश्यक निर्देश प्राप्त किए गए। पुलिस महानिरीक्षक रतन लाल डांगी से प्राप्त दिशानिर्देश के अनुसार पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल द्वारा मामले के सच्चाई का खुलासा करने हेतु अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के नेतृत्व एवम नगर पुलिस अधीक्षक दर्री सुश्री लितेश सिंह के पर्यवेक्षण में विशेष टीम का गठन किया गया एवम सभी बिंदुओं पर बारीकी से जांच के निर्देश दिए गए। जांच के दौरान पता चला कि प्रार्थी सुमित चौधरी के पास एक लाल रंग की कार है जिसमें वह हमेशा आना-जाना करता है किंतु वह घटना दिनांक को बुलेट के माध्यम से बिलासपुर जा रहा था, साथ ही कुसमुंडा थाना से नजदीक होने के बावजूद थाना न जाकर सीधे पुलिस अधीक्षक को फोन लगाकर सूचना देना ,बिना काम के बिलासपुर जाते समय घटना स्थल पर जाने की आवश्यकता क्यों हुई ,आदि कई बिंदुओं पर संदेह उत्पन्न हो रहा था। पुलिस ने आगे जांच किया तो ज्ञात हुआ कि मामले में जिन आरोपीगण को नामजद किया गया है वे लोग घटना समय कही और थे जिसका प्रामाणिक तकनीकी साक्ष्य उपलब्ध है। यह स्पष्ट हो गया था कि प्रार्थी ने सोची समझी रणनीति के तहत गहरी साजिश रची है , सुमित चौधरी सिर्फ मोहरा है ,पर्दे के पीछे कोई और है। जांच के दौरान प्रार्थी सुमित चौधरी के जान पहचान एवं दोस्तों की सूची प्राप्त की गई तो चौंकाने वाला खुलासा हुआ कि सुमित चौधरी पूर्व डीजल माफिया साजिद खान एवं गोपू पांडेय के गैंग का है साथ ही रायपुर जेल में बंद चीना पांडेय का मुख्य शागिर्द है ,और चीना पांडेय के मोबाइल के उपयोग कर रहा है।



# सशस्त्र झंडा दिवस देश की सेना के प्रति सम्मान प्रकट करने का दिन: कलेक्टर

■ शहीदों और सैनिकों का किया गया सम्मान

पायनियर संवाददाता ◀ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



शहीदों और योद्धाओं के सम्मान में प्रत्येक वर्ष 7 दिसम्बर को सशस्त्र झंडा दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर आज जिला सैनिक कल्याण बोर्ड कार्यालय में सैनिकों एवं शहीदों के लिए आयोजित सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए जिला सैनिक बोर्ड के अध्यक्ष कलेक्टर डॉ. सारांश मित्तर ने कहा कि झंडा दिवस देश की सेना के प्रति सम्मान प्रकट करने और उनके लिए एकजुट होने का दिन है। उन्होंने कहा कि सीमाओं पर सैनिक जागते हैं, इसलिए हम सुख-चैन की नींद सो पाते है। सेना के जवान जिन्होंने देश की रक्षा और शांति के लिए अपने प्राण तक न्यौछावर कर दिए, उनके और उनके परिवारों का ऋण देश कभी नहीं चुका सकता। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर डॉ. मित्तर ने कहा कि सशस्त्र सेना झंडा दिवस भारतीय सशस्त्र बलों के कर्मियों के कल्याण और शहीदों के लिए समर्पित दिन है। उन्होंने इस कार्यक्रम में शहीदों एवं भूतपूर्व सैनिकों का सम्मान करते हुए उन्हें अपनी शुभकामनाएं दी। द्वितीय विश्वयुद्ध वर्ष 1939-45 में शामिल होने वाले वीरांगनाओं कलावती बाई, केतकी बाई, रामदिन बाई एवं किसकिल्ला बाई, इसी प्रकार 1971 के युद्ध में शामिल सैनिक किशनलाल एवं नारायण दास महंत को कलेक्टर ने सम्मानित किया। इसी प्रकार दो शहीद सैनिकों के परिजनों को दाह संस्कार के लिए आर्थिक सहायता राशि का चेक वितरित किया। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल कुलदीप सहगल ने सशस्त्र झंडा दिवस के विषय में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सशस्त्र झंडा दिवस हमारे उन योद्धाओं को समर्पित है जिन्होंने अपने प्राणों की परवाह किए बगैर शत्रुओं का सामना किया। यह दिवस भूतपूर्व सैनिकों के पुनर्वास एवं कल्याण के लिए भारत सरकार द्वारा निर्धारित दिवस है। जिला सैनिक कल्याण बोर्ड बिलासपुर में 5 जिले शामिल हैं। वर्ष 1948 से प्रत्येक वर्ष सशस्त्र झंडा दिवस मनाया जा रहा है।

# बिलासपुर तहसील में एक सप्ताह के भीतर 759 राजस्व प्रकरण निराकृत

पायनियर संवाददाता ◀ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

बिलासपुर तहसील में राजस्व प्रकरणो का निराकरण शीघ्रता से किया जा रहा है। विगत एक सप्ताह के भीतर 759 प्रकरण निराकृत किए गए। तहसीलदार बिलासपुर ने बताया कि शासन के मंशानुरूप लंबित प्रकरणो का निराकरण प्राथमिकता से किया जा रहा है।

विगत एक सप्ताह में सीमांकन के 81 प्रकरण, अविवादित नामांतरण के 254 प्रकरण, विवादित नामांतरण के 393 प्रकरण और विवादित बटवारा के 31 प्रकरण निराकृत किए गए है।

## कलेक्टर ने ली कानून व्यवस्था की बैठक

■ उप निर्वाचन 2021 एवं धान खरीदी के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के दिए निर्देश

**बिलासपुर।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी डॉ. सारांश मित्तर ने आज कानून व्यवस्था के संबंध में राजस्व एवं पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने उप निर्वाचन 2021 के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी अधिकारियों को चैकस और सतर्क रहने कहा। कलेक्टर ने कहा कि 1 दिसम्बर से धान खरीदी का कार्य प्रारंभ हो गया है। उन्होंने उपार्जन केंद्रों में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए नियमित निगरानी के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि राजस्व एवं पुलिस अधिकारी अपने क्षेत्रों में भ्रमण करें और कानून व्यवस्था पर नजर रखें। उन्होंने कहा कि जिले में शांति और सद्भावनापूर्ण वातावरण बना रहें, यह सभी अधिकारी सुनिश्चित करें। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए सूचना तंत्र मजबूत रखना जरूरी है। बैठक में अतिरिक्त कलेक्टर जयश्री जैन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कश्यप सहित सभी अन्य विभागीय दण्डाधिकारी उपस्थित थे।

# छत्तीसगढ़ महतारी दुलार योजना से आदित्य और आकांक्षा की पूरी हो गई आकांक्षा

## स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल में पढ़ कर गढ़ रहे अपना भविष्य

पायनियर संवाददाता ◀ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

आदित्य और आकांक्षा श्रीवास्तव शहर के प्राईवेट अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में शिक्षा ग्रहण कर रहे थे। लेकिन कोरोना महामारी से अचानक हुए पिता की मौत ने उनकी अच्छी शिक्षा के सपने पर ग्रहण लगा दिया। हंसते खेलते अपने दोस्तों के साथ स्कूल जाते बच्चो के पैर महामारी ने थाम दिये। ऐसे समय में छत्तीसगढ़ महतारी दुलार योजना ने उनके जीवन का मार्ग प्रशस्त किया। आज दोनो बच्चे स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल मंगला में पढ़ रहे है।



कोरोना महामारी संक्रमण के दौर में विगत मई माह में इन बच्चों के पिता श्री अरूण श्रीवास्तव संक्रमित हुए और इलाज के बाद भी बच नहीं पाए। वे घर के अकेले कमाने वाले सदस्य थे। उनकी पत्नी गृहणी है। पति के मृत्यु के बाद सरिता के समक्ष अपने बच्चों की अच्छी शिक्षा-दिक्षा की समस्या खड़ी हो गई। परिवार का खर्च वह किसी तरह चला रही है। लेकिन प्राईवेट स्कूल का खर्च उठाना उसके लिए मुमकिन नही था। छ.ग. महतारी दुलार योजना ने नामुमकिन को मुमकिन बना दिया। उसके बच्चे स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल में पड़ रहे है। आदित्य को कक्षा 7वीं और आकांक्षा को कक्षा तीसरी में प्रवेश दिलाया है। सरिता ने बताया है अब उन्हें अपने दोनो बच्चो की शिक्षा के लिए कोई चिंता नही है। निःशुल्क किताबे, स्कूल ड्रेस के साथ निःशुल्क शिक्षा मिल रही है साथ ही हर महिने 500 रू छात्रवृत्ति भी। केवल खाने पीने का खर्च ही उन्हे करना पड़ता है। स्कूल के शिक्षक भी बहुत सहयोगी है। बच्चों के शिक्षा और उनके विकास के उपर पूरा ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने कहां की स्वामी आत्मानंद स्कूल छ.ग. सरकार की यह अभिनव योजना है। अब तो हर माता पिता की इच्छा है की उनके बच्चे इस स्कूल में पढ़ाई करें। महतारी दुलार योजना ने भी जरूरतमंद लोगो यह मौका सुलभ कराया है।

# प्रधानमंत्री आवास दिलाने 10 लाख की धोखाधड़ी, आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर।** बिलासपुर में फिर एक बार प्रधानमंत्री आवास दिलाने के नाम पर ठगी। महिलाओं सहित दस लोगों से 10 लाख रुपए की ठगी की गई है। ठगी के शिकार हितग्राही अपनी फरियाद लेकर 10 माह तक सरकंडा थाने का चक्कर कटाते रहे। लेकिन, पुलिस ने उनकी कोई मदद नहीं की। जब अइस मामले की शिकायत ढ्ढत्र रतनलाल डांगी तक पहुंची, तब पुलिस कुछ हरकत में आई। पुलिस ने आनन-फानन में अपराध दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मामला सरकंडा थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के मुताबिक, खमतराई के शर्मा विहार निवासी विजय लता सोनी पति लक्ष्मी नारायण सोनी का परिचय सेवा दल के कार्यक्रम के दौरान सौरभ दुबे इंद्रप्रस्थ कॉलोनी सरकंडा निवासी से हुआ था। सौरभ ने बड़े अफसरों से परिचय होने और क्कृआवास योजना के तहत मकान दिलाने का झांसा दिया। इसके एवज में उसने अधिकारियों खिलाने के साथ ही शासकीय शुल्क के रूप में रकम जमा करने के लिए कहा। उसकी बातों में आकर विजय लता सोनी सहित 10 लोग मकान लेने के लिए तैयार हो गए। सभी ने मिलकर उसे 10 लाख रुपए दिए। बाद में उसने बिजली कनेक्शन के नाम से 5-5 हजार रुपए अलग वसूली कर लिया। लेकिन, इसके बाद भी लोगों को मकान नहीं मिला। तब उन्होंने इस मामले की शिकायत की। पुलिस ने धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर सौरभ दुबे को गिरफ्तार कर लिया है।

# जन चौपाल में 12वीं के छात्र आर्यन रूद्र मिश्रा को मिली तत्काल शिक्षा प्रोत्साहन छात्रवृत्ति

■ कलेक्टर ने जन चौपाल में छात्र को तत्काल शिक्षा प्रोत्साहन छात्रवृत्ति दिलाने जिला शिक्षा अधिकारी को दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता ◀ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



आज आयोजित जन चौपाल में कलेक्टर डॉ. सारांश मित्तर को 12वीं छात्र आर्यन रूद्र मिश्रा ने लंबित शिक्षा प्रोत्साहन राशि के लिए आवेदन दिया। कलेक्टर ने तत्काल जिला शिक्षा अधिकारी को आर्यन को छात्रवृत्ति दिलाने हेतु निर्देशित किया। कलेक्टर के निर्देश पर जिला शिक्षा अधिकारी ने तत्काल कार्यवाही करते हुए छात्र आर्यन रूद्र मिश्रा के खाते में शिक्षा प्रोत्साहन छात्रवृत्ति की राशि 2 हजार 400 सौ रूपए अंतरित करने हेतु पत्र एवं चेक प्रेषित कर प्रकरण का निराकरण किया। लोगों की मांगों और समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए आज आयोजित जन चौपाल में कलेक्टर डॉ. सारांश मित्तर ने जिले भर से आए लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। समस्याओं और शिकायतों के निराकरण के लिए लोग दूर-दूर से आए थे। जन चौपाल में ग्राम संबलपुरी के महावीर कौशिक, ग्राम घुरू के समस्त ग्रामीणों, कुदुदंड निवासी प्रेमा यादव, ग्राम जेवरा निवासी जेठूराम सिंह, फेकूराम, ग्राम गढ़वट निवासी गोदावरी बाई, गाड़ाडीह निवासी त्रिवेणी मानिकपुरी, ग्राम मटिया निवासी राजकुमार मानिकपुरी, ग्राम लावर निवासी प्रफुल कुमार दास, पतिबाई तिंगा, पार्वती, उदयराम राय, तोरवा निवासी मनोज कुमार कृपलानी, राजकुमार गुप्ता, ग्राम मेलनाडीह निवासी रमेश मरावी, राजेन्द्र नगर निवासी सेवाराम छतरिया सहित अन्य लोगों ने अपनी मांग एवं समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए। कलेक्टर ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को प्रकरणों के निराकरण के निर्देश दिए है। जन चौपाल में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हरीश एस, अतिरिक्त कलेक्टर जयश्री जैन, नगर निगम कमिश्नर अजय त्रिपाठी सहित सभी एसडीएम, तहसीलदार एवं अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

# स्कूलों में किया जा रहा गाइड लाइन का पालन

पायनियर संवाददाता ◀ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



गौरेला जिले में कोरोना के बढ़ते संक्रमण के बाद जिला प्रशासन द्वारा जारी आदेश के बाद स्कूल 50 फीसदी क्षमता के साथ लगाए जा रहे हैं। इसके साथ ही मास्क और सैनिटाइजर की अनिवार्यता पर जोर दिया गया है। उल्लेखनीय है कि बीते चार से पांच दिनों के अंदर जिले में कोरोना मरीजों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी होने के बाद जिला प्रशासन ने तत्परता दिखते हुए स्कूलों में छात्रों की संख्या 50 फीसदी की उपस्थिति में संचालित करने का आदेश दिया था। इस क्रम में आदेश छह दिसंबर से ही प्रभावशील हो गया। गौरेला ब्लाक के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टीकरकला में इस आदेश के बाद कोरोना के संपूर्ण नियम के साथ संचालन किया जा रहा है। बच्चों को कोरोना से बचाव के लिए समस्त जानकारी स्कूल प्रबंधन द्वारा दी जा रही है इसमें स्कूल में प्रवेश करने से पहले हाथों को धोना, क्लास के अन्दर दो गज की दूरी का पालन करना,मास्क की अनिवार्यता होनी चाहिए और किसी भी प्रकार के बुखार,सर्दी खांसी जुकाम होने पर ततकाल कोरोना परीक्षण की व्यवस्थाओं के साथ संचालन स्कूल प्रबंधन द्वारा किया जा रहा है। स्कूल परिसर की साफ सफाई को लेकर भी भरपूर ख्याल रखा जा रहा है। बीते दिनों जिले के एक निजी स्कूल के प्राचार्य सहित उनकी पत्नी भी कोरोना से संक्रमित हो गई थी इसके साथ ही अन्य दो स्कूलों के छात्र सहित जिले में कुल कोरोना के छह सक्रिय मरीज मिले थे। इसे देखते हुए 50 फीसदी उपस्थिति का आदेश दिया गया था। इस संबंध में टीकरकला स्कूल की प्राचार्य आरती तिवारी ने बताया कि गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले की कलेक्टर और डीईओ के कोरोना में 50 प्रतिशत उपस्थिति के आदेश का पालन हो रहा है। स्कूली बच्चों को कोरोना के सुरक्षा मानकों के साथ स्कूल का संचालन गंभीरता पूर्वक किया जा रहा है।

# श्रद्धा महिला मंडल ने शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल चांटीडीह में छात्रों को दिया स्वेटर

पायनियर संवाददाता ◀ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



समाज सेवा ही ईश्वर के प्रति सच्ची श्रद्धा होती है इस भावना को आत्मसात किए हुए श्रद्धा महिला मंडल की ओर से शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल चांटीडीह में छात्रों को गर्म कपड़े के रूप में स्वेटर का वितरण किया गया। इस अवसर पर श्रद्धा महिला मंडल की अध्यक्ष पुष्पिता पंडा, उपाध्यक्ष संगीता शर्मा, पिंकी प्रसाद, कल्पना चौधरी व रीता पाल के मार्गर्शन में शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल, रामायण चौक, चांटीडीह में स्कूल जाने वाले छात्रों को गर्म स्वेटर का वितरण किया गया। स्कूल प्रांगण में छात्रों ने श्रद्धा महिला मंडल की सदस्यों का पुष्प गुच्छ एवं स्वागत गीत से अभिनंदन किया। श्रद्धा महिला मंडल की ओर से इस दौरान कुल 396 छात्रों को गर्म कपड़ा प्रदान किया। इसके साथ ही सभी छात्रों को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी गई और शिक्षा के लिए प्रेरित किया गया। सभी छात्र बहुत ही खुश व उत्साहित थे। वहीं छात्रों ने भी अपनी समस्याओं को निश्संकोच टीम के सदस्यों के समक्ष रखी। उनकी समस्याओं के समाधान के लिए उन्हें सहयोग करने का आश्वासन भी श्रद्धा महिला मंडल की ओर से दिया गया। इस सामाजिक कार्य को सफल बनाने में श्रद्धा महिला मंडल की कल्याण सचिव संगीता कापरी व अन्य सदस्यों बबीता गुप्ता,शालू साहू, सुष्मिता मांझी, अर्पणा द्विवेदी का भी पूर्ण सहयोग रहा।

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
www.cghb.gov.in



श्री कुलदीप जुनेजा
माननीय अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
(केबिनेट मंत्री दर्जा) विधायक, रायपुर उत्तर विधानसभा

वृत्त-दुर्ग एवं नवा रायपुर में
ऑफलाइन के माध्यम से सम्पत्ति उपलब्ध

वृत्त-दुर्ग एवं वृत्त-नवा रायपुर में भवन/दुकान/भूखण्ड तथा शैक्षणिक एवं चिकित्सा प्रायोजन हेतु आरक्षित भूखण्ड उपलब्ध

प्रक्षेत्र-दुर्ग अन्तर्गत तालपुरी ब्लॉक ए एवं बी, चरोदा, बघेरा, कुरूद, औद्योगिक क्षेत्र भिलाई, परसदा कुम्हारी
प्रक्षेत्र - धमतरी अन्तर्गत चिटोद, सिवनी, बालोद, मण्डीनाका, हटकेश्वर, कन्हारपुरी कुरूद
राजधानी परियोजना प्रक्षेत्र-1 नवा रायपुर अन्तर्गत सेक्टर-27 तथा प्रक्षेत्र-कोण्डागांव अन्तर्गत नारायणपुर में सम्पत्ति उपलब्ध

नियम एवं शर्तें - 1. पंजीयन/धरोहर राशि डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर्स चैक, पे-ऑर्डर द्वारा संबंधित संपदा अधिकारी छ.ग. गृह निर्माण मण्डल के नाम पर देय होगा। 2. क्रमांक 37 से 42 शिक्षा एवं चिकित्सा भू-खण्ड का ऑफर दो लिफाफा (प्री-क्वालीफिकेशन + ऑफर) पद्धति से दिनांक 04/03/2022 अपरान्ह 3:00 बजे तक प्राप्त कर उसी दिन 4:00 बजे खोले जाएंगे। 3. क्रमांक 1 से 33 तथा 54 के भवनों का आबंटन एकमुश्त आधार पर ''प्रथम आओ प्रथम पाओ'' जहाँ है जैसा है के माध्यम से आबंटन किया जावेगा। 4. क्रमांक 34 से 36 एवं 43 से 53 के भवनों/भूखण्डों का ऑफर प्रत्येक 15 दिवस पर 3:00 बजे तक प्राप्त कर उसी दिन 4:00 बजे खोले जाएंगे, अवकाश होने की स्थिति में आवेदन/ऑफर अगले कार्य दिवस में प्राप्त कर खोले जाएंगे। ऑफर स्वीकृति पश्चात् निर्धारित समयवधि में शेष राशि जमा नहीं करने पर धरोहर राशि राजसात कर ली जाएगी।
टीप :- अन्य नियम एवं शर्तें आवेदन पत्र में उल्लेख अनुसार मान्य होगा। अधिक जानकारी हेतु संपदा अधिकारी प्रक्षेत्र-राजधानी परियोजना प्रक्षेत्र-1 नवा रायपुर/दुर्ग/धमतरी कार्यपालन अभियंता संभाग-राजधानी परियोजना संभाग-1 नवा रायपुर/दुर्ग/धमतरी छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल/सूचना केन्द्र छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, मुख्यालय, पर्यावास भवन सेक्टर-19, नवा रायपुर अटल नगर तथा शंकर नगर से सम्पर्क करें तथा 5. एप्प स्टोर या प्ले-स्टोर से डाउनलोड कर क्लिक करें हमारे मण्डल के मोबाइल एप्प "CGHB" एवं विज्ञापन की विस्तृत जानकारी हेतु विजीट करें हमारी वेबसाईट : www.cghb.gov.in

सम्पर्क सूत्र - राजधानी परियोजना प्रक्षेत्र - रायपुर 0771-4059185, 2971300, 87703-55421, 98274-63255, 91749-08523, 94242-09013
प्रक्षेत्र - दुर्ग - 97554-05252, 98279-99119, 94255-77575, 94242-09025 प्रक्षेत्र - धमतरी - 07722-237257, 88276-67477, 98271-58516, 89650-51588, 94064-86774, 96913-65751, 99077-49771, 62614-88167, 99933-39399
प्रक्षेत्र - कोण्डागांव - 07786-296052, 94242-09020, 94791-19384, 79995-36076, 76971-92220
S-30709/3

मकान नहीं घर बनाते है पीढ़ी से पीढ़ियों का रिश्ता बुनते है।
टोल फ्री नं. 1800 121 6313




सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2021-23, दूरभाष नंबर 0771, 2972403